माघ कृष्ण पक्ष पंचमी 11:36 उपरांत
षष्ठी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
हल्द्वानी, बुधवार, 31 जनवरी 2024
वर्ष 3, अंक 348, पृष्ठ 16
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल 16
मुसाफिरा से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं स्मृति सिन्हा 15

तेजस्वी से ईडी ने 8 घंटे की पूछताछ

पटना, एजेंसी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन घोटाले में उनके पुत्र और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ की। ईडी के समन के बाद तेजस्वी पूर्वाह्न 11:30 बजे पटना स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी के 12 अफसरों की टीम ने पूछताछ शुरू की, जो लगभग आठ घंटे तक चली। उनसे करीब 60 सवाल किए गए ।

तेजस्वी जब बाहर निकले तब पहले से वहां मौजूद उनके समर्थकों ने नारे लगाने शुरू कर दिए। तेजस्वी ने भी पूरे जोश के साथ हाथ हिलाया और विक्ट्री साइन दिखाया। इस दौरान ईडी कार्यालय के बाहर उनकी बड़ी बहन राज्यसभा सांसद मीसा भारती और बड़े भाई पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव के अलावा बड़ी संख्या में राजद के विधायक, पूर्व मंत्री और कार्यकर्ता उपस्थित थे। आरोप के अनुसार, लालू प्रसाद यादव ने वर्ष 2004 से 2009 तक केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग के शासनकाल के दौरान रेल मंत्री रहते हुए ग्रुप डी श्रेणी में उम्मीदवारों को दी गई नौकरियों के बदले में अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर भूखंडों का निबंधन कराया था।

जमीन के बदले नौकरी घोटाला

लापता होने के आरोपों के बीच रांची पहुंचे सोरेन

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कई घंटों तक उनके पते ठिकाने को लेकर बने असमंजस के बीच रांची में अपने आधिकारिक आवास पहुंच गए। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की गई तस्वीरों और वीडियो में बड़ी संख्या में विधायक और मंत्री एक बैठक में हिस्सा लेने से पहले सोरेन का अभिवादन करते नजर आए। मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की शुरुआत, पिथौरागढ़ से देहरादून के लिए यात्रियों के साथ भरी उड़ान

पिथौरागढ़ से देहरादून के लिए हवाई सेवा की शुरुआत

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : कुमाऊं से गढ़वाल को नियमित तौर पर हवाई सेवा से जोड़ दिया गया है। मंगलवार को पिथौरागढ़ से देहरादून के लिए हवाई सेवा शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनी सैनी एयरपोर्ट से अन्य यात्रियों के साथ देहरादून के लिए उड़ान भरी।

मुख्यमंत्री धामी ने हवाई सेवा शुरू होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन व प्राकृतिक पर्यटकों का आना-जाना सहजता से हो, इसलिए हवाई सेवा अति आवश्यक है। पहले पिथौरागढ़ से देहरादून व दिल्ली जाने में 17 घंटे लगते थे। ऑल वेदर सड़क बनने से देहरादून, दिल्ली 11 घंटे लगते हैं। सीमांत जिले में हवाई सेवा प्रारंभ होने पर अब एक घंटे में ही राजधानी देहरादून पहुंचा जा सकता है। अभी यह सेवा सप्ताह में तीन दिन के लिए है। बाद में इसे 5 दिन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया जा रहा है। पंतनगर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने ओएलएस सर्वे कर लिया है। जौलीग्रांट से देहरादून-अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ के बीच हेली सेवा शुरू हुई थी। इसे भी नियमित करने की योजना है। जल्द ही चिन्यालीसौड़ व गोचर से छोटे एयर क्राफ्ट की सेवाओं को शामिल करने पर भी काम हो रहा है। पिथौरागढ़ से हिंडन के लिए हवाई सेवा शुरू करने का प्रस्ताव है।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि कुमाऊं और गढ़वाल दोनों विमान सेवा से जुड़े रहे हैं, यह हमारे लिए हर्ष का विषय है। अभी 19 सीटर हवाई जहाज उड़ाया जा रहा है। सप्ताह में तीन दिन सोमवार, मंगलवार व शुक्रवार को यह सेवा है। 1 घंटे में पिथौरागढ़ से देहरादून पहुंच जाएगा। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर सांसद अजय टम्टा, सचिव शैलेश बगोली, राज्य मंत्री गणेश भंडारी, जिपं अध्यक्ष दीपिका बोहरा, विधायक मयूख महर, पूर्व विधायक चंद्रा पंत, जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, फ्लाइविंग के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा आदि मौजूद थे।

▸▸ प्रदेश के मांत जिले से राजधानी देहरादून की दूरी 11 घंटे से घटकर महज एक घंटा हुई

एक नजर

रामदेव की मोम प्रतिमा का दिल्ली में अनावरण

नई दिल्ली। योग गुरु रामदेव की आदमकद मोम की प्रतिमा का मंगलवार को दिल्ली में मैडम तुसाद न्यूयॉर्क में अनावरण किया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव स्वयं भी उपस्थित रहे और उन्होंने कुछ आसन भी किए। मर्लिन एंटरटेनमेंट्स ने एक बयान में कहा कि प्रशंसकों के लिए मोम की प्रतिमा उपलब्ध होगी। मोम की प्रतिमा का अनावरण दर्शकों के लिए एक उपहार और योगी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन है जो लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। मैडम तुसाद न्यूयॉर्क के प्रवक्ता टियागो मोगोडोरो ने कहा कि स्वामी रामदेव की प्रतिमा आध्यात्मिक ज्ञान और स्वास्थ्य के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण का प्रतिनिधित्व करता है।

यूपी में सपा ने घोषित किए 16 प्रत्याशी डिंपल समेत तीन परिवार के सदस्य

लोकसभा चुनाव : धर्मेंद्र बदायूं से तो अक्षय यादव फिरोजाबाद से लड़ेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में पार्टी ने मंगलवार को 16 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को मैनपुरी से चुनावी मैदान में उतारा गया है। संभल से शफीकुर्रहमान बर्क को टिकट दिया गया है। राजधानी लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं उम्मीदवारों की इस सूची में डिंपल यादव समेत तीन उम्मीदवार अखिलेश यादव के परिवार से ही है। इनमें चचेरे भाईयों धर्मेंद्र यादव और अक्षय यादव का नाम भी शामिल है।

समाजवादी पार्टी ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, मैनपुरी से डिंपल यादव, एटा से देवेश शाक्य, बदायूं से धर्मेंद्र यादव, खीरी से उत्कर्ष वर्मा, धौरहरा से आनन्द भदौरिया, उन्नाव से अनु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा, फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, अकबरपुर से राजाराम पाल, बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, बस्ती से रामप्रसाद चौधरी, गोरखपुर से काजल निषाद, अम्बेडकर नगर से लालजी वर्मा को टिकट दिया है।

लालजी वर्मा बीते विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बसपा छोड़कर वे सपा में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन्हें कटेहरी विधानसभा सीट से टिकट दिया था। वे चुनाव जीतकर विधायक भी बने। विधायक रहते अब सपा ने उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी अधिकृत तौर पर घोषित किया है। बसपा सरकारों में कैबिनेट मंत्री रह चुके लालजी टांडा सीट से भी विधायक रह चुके हैं।

पत्नी डिंपल यादव के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव। (फाइल फोटो)

▸▸ उन्नाव से अनु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा होंगे मैदान में

▸▸ अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा को टिकट

सपा ने मारी बाजी

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रत्याशियों की सूची जारी के मामले में सपा ने बाजी मार ली है। घोषित प्रत्याशियों को अपना प्रचार शुरू करने में ज्यादा वक्त मिल जाएगा। पार्टी ने अपने आधिकारिक हैंडल पर सूची जारी करते हुए यह भी लिखा कि सपा ने कांग्रेस और रालोद गठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने का फैसला किया है। उप्र. की 80 में से 60 सीटों पर सपा ने लड़ने का फैसला लिया है। सात सीटें रालोद को दी गई है, 11 सीटें सपा ने कांग्रेस को दी है। हालांकि, 11 सीट की बात पर कांग्रेस की तरफ से स्पष्ट सहमति नहीं दी गई है।

जम्मू-कश्मीर में शक्तिशाली विस्फोटक बरामद

जम्मू। पुलिस ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में मलेशियाई बैटरी से लैस दो शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद कर एक बड़ी घटना को टाल दिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कठुआ के विशेष अभियान समूह (एसओजी) द्वारा श्मशान घाट के पास बेईन नाला के किनारे सुबह-सुबह तलाशी अभियान के दौरान झाड़ियों में छिपाई गई पॉलिथीन में पैक दो संदिग्ध वस्तुएं मिलीं। तत्काल बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) को बुलाया गया। जांच में पता चला कि दोनों वस्तुएं आईईडी थीं। पुलिस ने कहा कि प्रत्येक आईईडी एक प्लास्टिक बोतल के भीतर थी। बोतल और इसमें एक इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, एक 9वी बैटरी (मलेशियाई), एक सर्किट, स्प्लिंटर्स के रूप में काम करने वाले स्क्रू और विस्फोटक सामग्री जैसे घटक शामिल थे। इसके अतिरिक्त आईईडी रखने वाले प्लास्टिक कंटेनरों को प्लास्टर ऑफ पेरिस से लेपित किया गया था।

सीआरपीएफ के 3 कमांडो नक्सली मुठभेड़ में शहीद

▸▸ छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर सीमा पर तलाशी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़, 17 अन्य घायल

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को माओवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान सीआरपीएफ के तीन कमांडो शहीद हो गए और 17 अन्य घायल हो गए। पुलिस महानिदेशक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी. ने बताया कि यह घटना बीजापुर और सुकमा जिले की सीमा पर स्थित टेकलगुडेम गांव के समीप उस वक्त हुई, जब सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल तलाश अभियान चला रहा था। यह वही जगह है, जहां 2021 में 23 जवानों की जान गई थी।

कोबरा कमांडो की 201वीं बटालियन और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 150वीं बटालियन का एक दल इलाके में अग्रिम अभियान शिविर (एफओबी) स्थापित करने के लिए काम कर रहा था, तभी अपराह्न करीब 1 बजे मुठभेड़ शुरू हुई। एफओबी एक दूरस्थ शिविर है, जिसका उद्देश्य मुख्य नक्सली क्षेत्रों में सक्रिय सुरक्षा बलों को अभियानगत सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

सीआरपीएफ की 'कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन' (कोबरा) जंगल में युद्ध अभियान चलाने वाली इकाई है। सूत्रों ने बताया कि कमांडो ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। इनमें से चार जवानों की हालत गंभीर है, जिन्हें रायपुर रेफर किया गया है।

25 जिंदगियां बचाने वाले पुलिस जवान नरेश जोशी को जीवन रक्षा पदक

हल्द्वानी, अमृत विचार : पुलिस ड्यूटी के दौरान अदम्य साहस दिखाते हुए अपनी जान पर खेलकर 25 जिंदगियां बचाने के लिए ऊधम सिंह नगर में तैनात आरक्षी चालक नरेश जोशी को राष्ट्रपति से जनपद जीवन रक्षा पदक श्रृंखला पुरस्कार- 2023 के तहत जीवन रक्षा पदक प्रदान किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने नरेश जोशी को बधाई दी है।

30 अगस्त 2022 को सुबह 5 बजे ऊधम सिंह नगर के आजाद नगर में कबाड़ के गोदाम में सिलेंडर से विषैली गैस अमोनिया के रिसाव होने से कई लोगों के बेहोश हो गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि गोदाम में गैस सिलेंडर से अमोनिया गैस का रिसाव हो रहा था। इस गैस के रिसाव से लोगों की दम घुटने से मौत होने का खतरा बना हुआ था। इस बीच आरक्षी चालक नरेश जोशी साहस एवं वीरता का परिचय देते हुए स्वयं सिलेंडर को ई-रिक्शा में रखकर घनी आबादी से दूर ले गए।

ऊधम सिंह नगर में 4 हजार की रिश्वत लेते दरोगा गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : विजिलेंस ने एफआईआर दर्ज नहीं करने के एवज में चार हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए केलाखेड़ा में तैनात एक दरोगा को गिरफ्तार किया है। ऊधम सिंह नगर के एसएसपी ने दरोगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

एक शिकायतकर्ता ने टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1064 पर कॉल कर बताया कि वह गणेशपुर में मकान बना रहा है। उसने पड़ोसियों से बिजली कनेक्शन लिया हुआ था। बिजली विभाग के जेई ने बिजली चोरी का आरोप लगाते हुए शिकायतकर्ता के खिलाफ केलाखेड़ा पुलिस स्टेशन में तहरीर सौंपी थी। इसकी जांच दरोगा मोहन सिंह बोहरा को सौंपी गई थी। आरोप था कि दरोगा बोहरा एफआईआर नहीं दर्ज करने के एवज में 4 हजार रुपये की मांग कर रहा था। दरोगा को धर दबोचने के लिए ट्रैप टीम गठित की गई। मंगलवार को जब शिकायतकर्ता ने केलाखेड़ा पुलिस स्टेशन के समीप दरोगा को 4 हजार की रिश्वत दी तो टीम ने उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद ऊधम सिंह नगर एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने उसे निलंबित कर दिया है।

उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव बनेंगी राधा रतूड़ी

देहरादून, अमृत विचार : अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव बनेंगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने उन्हें मुख्य सचिव बनाने के लिए स्वीकृति दे दी है। वर्तमान में मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू आज (31 जनवरी) सेवानिवृत्त हो रहे हैं। संधू के बाद वरिष्ठ आईएएस राधा रतूड़ी मुख्य सचिव का कार्यभार संभालेंगी।

अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी 1988 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। वह मुख्यमंत्री धामी के पसंदीदा अधिकारियों में से एक मानी जाती हैं। यह राज्य में पहली बार है, जब पति-पत्नी शीर्ष पदों पर पहुंचे हैं। इससे पूर्व उनके पति आईपीएस अनिल रतूड़ी वर्ष 2020 में पुलिस महानिदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। अब राधा रतूड़ी मुख्य सचिव बनने जा रही हैं। इसी के साथ ही मुख्य सचिव डॉ. संधू के कार्यकाल के विस्तार मिलने की चर्चाओं पर विराम लग गया है।

भाजपा ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव जीता

चंडीगढ़, एजेंसी

भाजपा ने मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में जीत हासिल की और तीन शीर्ष पदों पर कब्जा बरकरार रखा। इसे आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के लिए झटके के तौर पर देखा जा रहा है। इस बीच आप ने धांधली का आरोप लगाते हुए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का रुख किया और चुनाव परिणामों को रद करने तथा हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में नए सिरे से चुनाव कराने का अनुरोध किया।

महापौर पद के लिए परिणाम घोषित होते ही विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के दो दलों के पार्षदों ने चंडीगढ़ नगर निगम सदन में हंगामा किया और वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर के चुनाव का बहिष्कार किया। भाजपा के उम्मीदवार मनोज सोनकर ने कांग्रेस समर्थित आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार को हराकर जीत हासिल की।

सोनकर को 16 मत मिले, जबकि कुमार के पक्ष में 12 मत आए। आठ मतों को अवैध घोषित कर दिया गया। भाजपा के उम्मीदवार कुलजीत संधू और राजिंदर शर्मा क्रमशः वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर पद के लिए निर्वाचित घोषित किए गए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा गुंडागर्दी में संलिप्त रही और आज का दिन लोकतंत्र के लिए काला दिन है।

▸▸ आप ने धांधली का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट का रुख किया

भाजपा ने लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाईं : मान

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि मंगलवार को भारतीय राजनीति के इतिहास में 'काले दिन' के तौर पर याद किया जाएगा, क्योंकि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने आज चंडीगढ़ के मेयर के चयन के दौरान लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई हैं। मान ने पंजाब भवन में पत्रकारों से कहा कि इस मौके को हमारे लोकतंत्र के इतिहास में काले दिन के तौर पर याद रखा जाएगा।

अंगीठी सुलगाकर सो रहे 3 श्रमिकों की मौत

ब्यूरो, नैनीताल

अमृत विचार : सरोवर नगरी में अंगीठी के धुएं से दम घुटने की वजह से दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक मजदूर ने हल्द्वानी में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में दो मजदूर शाहजहांपुर और एक बदायूं का रहने वाला था।

पुलिस के अनुसार राजकुमार (21 वर्ष) व अवनेश (24 वर्ष) निवासी बदायूं व मुनेंद्र (21 वर्ष) पुत्र पप्पू श्रीवास्तव निवासी निजामगंज तिलहर शाहजहांपुर यूपी मल्लीताल में हाईकोर्ट के समीप एक इमारत में वाटर प्रूफिंग का काम कर रहे थे। तीनों हाईकोर्ट के पास में ही कमरा किराए पर लेकर रहते थे। तीनों ने रविवार की रात को भीषण सर्दी होने की वजह से अंगीठी जलाई और खिड़की-दरवाजा बंद कर सो गए। अंगीठी के धुएं से दम घुटने से तीनों की हालत बिगड़ गई। सोमवार को जब परिजनों ने मजदूरों को फोन किया तो उनका फोन नहीं उठा। इस पर परिजनों ने ठेकेदार को फोन किया। ठेकेदार ने भी मजदूरों को फोन किया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। सोमवार की देर रात ठेकेदार हल्द्वानी से नैनीताल पहुंचा और मजदूरों के कमरे पर गया तो दरवाजा अंदर से बंद था। ठेकेदार ने कई बार आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। तब वह खिड़की का कांच तोड़ अंदर गया। ठेकेदार कमरे में पहुंचा तो तीनों मजदूर बेहोशी की हालत में पड़े थे। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मल्लीताल पुलिस ने तीनों को बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने राजकुमार व अवनेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि मुनेंद्र की हालत गंभीर थी। उसे तुरंत हायर सेंटर एसटीएच हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

जिला अस्पताल के डॉ. हाशिम अंसारी ने बताया कि अंगीठी की गैस से दम घुटने से मजदूरों की मौत की आशंका है। मल्लीताल कोतवाल धर्मवीर सोलंकी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद तीनों मजदूरों के शवों को परिजनों को सौंप दिया है। प्रथम दृष्टया मामला अंगीठी के धुएं से दम घुटने से लग रहा है, फिर भी मामले की जांच की जा रही है।

▸▸ मृतकों में दो शाहजहांपुर और एक बदायूं निवासी

वसूली मामले में मुंबई के पुलिस आयुक्त को दी क्लीनचिट

ठाणे। सीबीआई ने पर्याप्त सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह और अन्य के खिलाफ दर्ज कथित जबरन वसूली के मामले को बंद करने के संबंध में रिपोर्ट पेश की है। एजेंसी ने 18 जनवरी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाणे के समक्ष एक क्लोजर रिपोर्ट पेश की। अदालत फरवरी में रिपोर्ट पर विचार कर सकती है। सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मामले में तथ्य और परिस्थितियां आरोपों को साबित नहीं करतीं या किसी भी आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए कोई भी सबूत का खुलासा नहीं करतीं।

भाजपा नेता की हत्या मामले में केरल की कोर्ट का फैसला

पीएफआई के 15 सदस्यों को मौत की सजा

अलप्पुझा (केरल), एजेंसी

केरल की एक अदालत ने दिसंबर 2021 में अलप्पुझा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अन्य पिछड़ा वर्ग शाखा के नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के मामले में प्रतिबंधित इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े 15 लोगों को मंगलवार को मौत की सजा सुनाई।

अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, मावेलिक्कारा वीजी. श्रीदेवी ने दोषियों को सजा सुनाई। विशेष अभियोजक प्रताप जी. पडिक्कल के अनुसार, मामले में दोषी ठहराए गए कुल 15 व्यक्तियों में से 14 को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया था। जज ने मौखिक रूप से कहा कि अस्पताल में भर्ती होने की वजह से एक दोषी को पेश नहीं किया जा सका, जिसे पेशी के दौरान सजा सुनाई जाएगी। अदालत ने मामले में 20 जनवरी को 15 लोगों को दोषी ठहराया था। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव श्रीनिवासन पर 19 दिसंबर, 2021 को उनके परिवार के सामने पीएफआई और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया से जुड़े कार्यकर्ताओं ने हत्या कर दी थी। दोषी करार दिए गए व्यक्तियों के नाम नईसम, अजमल, अनूप, असलम, अब्दुल कलाम, सरफुद्दीन, मनशाद, जसीब, नवास, समीर, नसीर, सकीर हुसैन, शाजी, अशरफ और अब्दुल कलाम है।

सभी प्रशिक्षित हत्यारे थे : अभियोजन पक्ष

अभियोजन पक्ष ने दोषियों के लिए अधिकतम सजा का अनुरोध करते हुए कहा था कि पीएफआई के ये सदस्य एक प्रशिक्षित हत्यारा दस्ते से जुड़े थे और जिस क्रूर तथा वीभत्स तरीके से पीड़ित को उसकी मां, बच्चे और पत्नी के सामने मारा गया वह इसे दुर्लभ से दुर्लभतम की श्रेणी के अपराध के दायरे में लाता है।

श्रीनिवासन को आज न्याय मिला : भाजपा

अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने कहा कि श्रीनिवासन को न्याय मिला है। उन्होंने कहा कि आखिरकार सत्य की जीत हुई- महान शहीद रंजीत श्रीनिवासन को आज न्याय मिला... हम फैसले से खुश हैं और इसका तहे दिल से स्वागत करते हैं।

फैसले से श्रीनिवासन का परिवार संतुष्ट

फैसले पर श्रीनिवासन के परिवार ने कहा कि वे इससे संतुष्ट हैं। श्रीनिवासन की पत्नी ने कहा कि यह एक असाधारण दुर्लभ मामला था और हमारा नुकसान बहुत बड़ा है। हम घटना की गहन और ईमानदार जांच करने के लिए अभियोजन और जांच अधिकारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं।

रविवार रात को खाना खाने के बाद कमरे में अंगीठी रखकर सो गए थे मजदूर, दरवाजा तोड़कर भीतर घुसी पुलिस

दरवाजा खोला तो बिस्तर पर बेसुध पड़े थे तीनों मजदूर

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : बदायूं निवासी राजकुमार, अवनीश और शाहजहांपुर निवासी मोनन्दर नैनीताल में दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करते थे। रविवार रात को तीनों ने कमरे में पहुंचकर अंगीठी में आग जलाई। रात को खाना खाने के बाद तीनों अंगीठी भीतर ही रखकर सो गए।

रात को तीनों की हालत बिगड़ी और वह बेसुध हो गए। कई बार आवाज देने के बाद भी जब कमरा नहीं खुला तो पुलिस दरवाजा तोड़कर भीतर पहुंची। जहां तीनों मजदूर बेसुध अवस्था में बिस्तर पर पड़े हुए थे। आनन-फानन में पुलिस तीनों को लेकर बीडी पांडे अस्पताल पहुंची। जहां चिकित्सकों ने बदायूं निवासी 21 वर्षीय राजकुमार व 24 वर्षीय अवनीश को मृत घोषित कर दिया। वही शाहजहांपुर निवासी 21 वर्षीय मोनन्दर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

स्वजनों को दी गई जानकारी

24 घंटे तक स्वजनों से संपर्क नहीं हो पाने के बाद पुलिस ने देर रात कमरे का दरवाजा तोड़ा तो तीनों को बेसुध अवस्था में पड़ा पाया। मृतक के स्वजनों को घटना की जानकारी दी गई।

प्रथम दृष्टया मामला अंगीठी की गैस से मौत होने का लग रहा है। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि दोनों शवों को मोर्चरी में रखवा कर मृतकों के स्वजनों को सूचित कर दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता लग पाएगा।

-डॉ. हाशिम अंसारी।

पुलिस के साथ पहुंचा ठेकेदार

सोमवार सुबह तीनों के स्वजनों ने फोन पर उनसे संपर्क करना चाहा। मगर उनका फोन नहीं उठा। इससे स्वजन परेशान हो उठे। उन्होंने ठेकेदार से संपर्क किया तो उसने हल्द्वानी होने की बात कही। किसी अनहोनी की आशंका के चलते सोमवार रात करीब 12 बजे नैनीताल पहुंच ठेकेदार पुलिस की मौजूदगी में मजदूरों के कमरे तक पहुंचा। जहां कमरा भीतर से बंद मिला।

केरल के प्रसिद्ध नृत्य मोहिनी अट्टम की मनमोहक प्रस्तुति दी

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : अटल उत्कृष्ट एसबीएस राजकीय इंटर कॉलेज, पतलोट में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से स्पीक मैके संस्था के माध्यम से केरल के प्रसिद्ध नृत्य मोहिनी अट्टम की बारीकियों से छात्र-छात्राओं को परिचय कराया।

इस दौरान नृत्यांगना विष्णुप्रिया ने बच्चों के समक्ष ' श्री राम चन्द्र कृपालु मनुभज' के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, बच्चों को नृत्य कौशल के विषय में प्रशिक्षण दिया। स्पीक मैके संस्था से गोपाल जोशी एवं जीवन आर्य ने सहयोग प्रदान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आशुतोष साह ने भारत सरकार एवं संस्था के प्रयासों को सराहा। कार्यक्रम में बुशरा फिरदौस, पुष्पा गैड़ा, गीता रजवार, रमेश चन्द्र त्रिपाठी, निशा चन्याल, गिरीश चन्द्र बेरी, डॉ. हेमन्त जोशी आदि उपस्थित रहे।

एसबीएस इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बच्चे। नृत्यांगना विष्णुप्रिया।

सार-संक्षेप

भीमताल को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग

राधा कुलियाल।

भीमताल। भीमताल व आसपास के क्षेत्र में पिछले 8 महीने से बारिश नहीं होने के कारण सूखे की स्थिति पैदा हो गई है। स्थानीय काश्तकारों और फल उत्पादकों की मानें तो आठ माह से बारिश नहीं होने के कारण खेत सूख गए हैं। इसके चलते उनके द्वारा लिए गए ऋण की भरपाई होनी मुश्किल है। बताया कि विकासखंड भीमताल के अंतर्गत लगभग 99 प्रतिशत लोग काश्तकारी करते हैं। पिछले कई माह से बारिश नहीं होने के कारण सूखे की स्थिति है। ग्राम प्रधान संगठन उपाध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान जंगलिया गांव राधा कुलियाल ने विकास खंड भीमताल को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग की है।

पंजाबी समाज ने किया मोहन डोभाल का सम्मान

ट्रैफिक पुलिस उप निरीक्षक मोहन सिंह डोभाल को सम्मानित करते लोग।

हल्द्वानी। ट्रैफिक पुलिस उप निरीक्षक मोहन सिंह डोभाल अपनी 42 वर्ष की पुलिस सेवा पूरी कर बुधवार को सेवानिवृत्ति हो रहे हैं। मंगलवार को हल्द्वानी पंजाबी जनकल्याण समिति ने उनके ट्रैफिक के प्रति अतुल्य सेवाओं को देखते हुए उन्हें शॉल ओढ़ाकरण व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। डोभाल उत्तर प्रदेश के समय 1982 में पुलिस में भर्ती हुए। सम्मानित करने वालों में संस्था संरक्षक सुभाष मोंगा, रमेश सडाना, उपाध्यक्ष संजीव आनन्द, महामंत्री मुकेश ढींगड़ा, संयुक्त सचिव उमंग वासुदेवा, कोषाध्यक्ष अवनीश राजपाल, हरिमोहन अरोड़ा, प्रेम मदान, राजीव बग्गा, किशन लाल राजपाल, पंकज गुम्बर, शिखर आहूजा, कनिष्क ढींगरा, अमित राजपाल, अभिषेक सडाना आदि शामिल रहे।

एक फरवरी से शुरू होगा भाजपा का गांव चलो अभियान

भाजपा संभाग कार्यालय में मौजूद पार्टी पदाधिकारी। ● अमृत विचार

हल्द्वानी। भाजपा ने गांव चलो-बूथ चलो अभियान के लिए संभाग कार्यालय में बैठक की। पार्टी ने तय किया कि हर बूथ पर भाजपा कार्यकर्ता पहुंचेंगे और सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देंगे। अभियान के प्रदेश संयोजक व प्रदेश महामंत्री भाजपा खिलेंद्र चौधरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में समझाया। बताया कि आगामी एक से 11 फरवरी तक तक प्रत्येक बूथ में कार्यक्रम होगा। अभियान की समीक्षा 15 फरवरी को होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा गांव चलो अभियान के तहत नैनीताल जिले के 22 मंडलों में प्रत्येक मंडल में कार्यशाला होगी। कार्यशाला के बाद भाजपा सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक ले जाने के लिए गांव चलो-बूथ चलो अभियान चलाया जाएगा। हर बूथ के हर घर तक भाजपा कार्यकर्ता पहुंचेंगे। इस दौरान विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, विधायक नैनीताल सरिता आर्य, विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट, दायित्वधारी दिनेश आर्य और डॉ. अनिल कपूर डब्बू, जिला संयोजक देवेंद्र ढैला आदि रहे।

देहरादून बी व ऊधमसिंह नगर बी ने जीते मैच

कॉर्बेट मैदान चकलुवा में विजेता ऊधमसिंह नगर बी की टीम। ● अमृत विचार

हल्द्वानी। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वाधान में अंतर जनपदीय सीनियर क्रिकेट लीग में मंगलवार को दो मुकाबले खेले गए। जीएनजी क्रिकेट एरिना, कमलवागांजा मैदान में पहला मुकाबला देहरादून बी व चंपावत के मध्य मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए देहरादून बी ने 45 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 268 रन बनाए। टीम के लिए शाश्वत डंगवाल ने 10 चौके व 3 छक्के की मदद से 109 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। इसके अलावा वंशज चौहान ने 36 रन का योगदान दिया। चंपावत के लिए सिद्धार्थ गुप्ता ने 3 विकेट लिए। इसके जवाब में खेलने उतरी चंपावत की पूरी टीम 42वें ओवर में 208 बनाकर पवैलियन लौट गई व 60 रनों से मैच हार गई। दूसरा मैच कॉर्बेट मैदान चकलुवा में उधम सिंह नगर बी व चमोली के मध्य खेला गया। चमोली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49 ओवर में सभी विकेट खोकर 231 रन बनाए। इसके जबाब में उधम सिंह नगर की टीम ने 33वें ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य पूरा कर लिया। टीम के लिए प्रखर वर्मा ने 93 रनों व अभिनव शर्मा ने 83 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

ऐपण कार्यशाला का समापन, प्रमाण पत्र बांटे गए

ऐपण कार्यशाला में प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभागी।

नैनीताल। नैनी महिला एवं बाल विकास समिति के तत्वावधान में चल रहे ऐपण कार्यशाला का समापन हो गया। समापन के मौके पर केनरा बैंक के प्रबंधक मनीष खिमाल ने प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान विजयलक्ष्मी थापा, सचिव सुनीता आर्य, निशा आर्य, भगवती, कोमल, हिमानी गैड़ा, अनुष्का, दिया साह, रिया, अंजली, दीपिका, मीनाक्षी रावत, आकांक्षा, हिमानी आर्य, रक्षिता, चित्रा कुंवर मौजूद रहे।

रामनगर में हमलावर बाघ को पकड़ने की मांग को ग्रामीण फिर सड़कों पर

दूसरे दिन भी ढेला झिरना जोन को ग्रामीणों ने किया बंद, अधिकारियों ने मांगा समय

▸▸ वार्ता के बाद ग्रामीणों ने 5 दिन के लिए किया आंदोलन स्थगित

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : सांवल्दे की महिला दुर्गादेवी को मौत की घाट उतारने वाले बाघ को पकड़ने की मांग को लेकर ग्रामीणों का पारा दूसरे दिन भी सातवें आसमान पर रहा। महिलाओं ने जाम लगाकर ढेला, झिरना जोन जाने वाले पर्यटकों की आवाजाही ठप रखी।

बता दें कि ग्रामीणों ने सोमवार को सांवल्दे की मुख्य सड़क पर जाम लगाकर कॉर्बेट पार्क के झिरना एवं ढेला पर्यटन जोन में पर्यटकों की आवाजाही बंद कर दी थी। ग्रामीणों की मांग है कि बाघ को शीघ्र पकड़कर इसे मारा जाए, अपनी मांग को लेकर मंगलवार को फिर ग्रामीण इसी सड़क पर जाम लगाकर बैठ गए और उन्होंने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वहीं प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट के खिलाफ भी नाराजगी जताते हुए उनके खिलाफ भी नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक दिगंथ नायक एवं तहसीलदार कुलदीप पांडे तथा संघर्ष समिति के बीच हुई वार्ता में तय किया गया कि यदि तीन फरवरी तक बाघ को नहीं पकड़ा गया तो ग्रामीण 4 फरवरी को फिर से सड़क जाम कर कॉर्बेट पार्क के झिरना एवं ढेला पर्यटन जोन में पर्यटकों की आवाजाही बंद करने को मजबूर होंगे।

उधर उपनिदेशक दिगंथ नायक ने बताया कि बाघ को पकड़ने के लिए मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक द्वारा अनुमति मिल चुकी है। इसके बाद मौके पर दो पिंजरे लगाने के साथ ही एक टीम को तैनात कर दिया गया है। शीघ्र ही बाघ को पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग की अपील की है। धरने को महिला ललिता रावत, ललित उप्रेती, महेश जोशी, मुनीष कुमार, तुलसी बेलवाल, तुलसी छिंबाल, नवी हसन, मुनीष कुमार संजय मेहता, विमला देवी, आदि ने संबोधित किया। इस दौरान जगदीश डोर्बी, लालमणि, अनीता गुसाई, विमला नेगी, प्रभा देवी, भावना अधिकारी, चंपा करगेती समेत दर्जनों गांव से आए ग्रामीणों ने भागीदारी की।

बीच सड़क पर जाम लगा कर सभा करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

शिकार के लिए जद्दोजहद : कार्बेट पार्क की रामगंगा नदी में शिकार के पीछे चौकन्ना होकर जब बाघ दौड़ रहा था तभी दिल्ली निवासी 12 वर्षीय शौर्य प्रताप बिष्ट ने इस दृश्य को अपने कैमरे में कैद कर लिया। शौर्य ने यह फ़ोटो अमृत विचार के सुधी पाठकों के लिए भेजी है।

क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

भीमताल। सिक्स एएम क्रिकेटर्स के तत्वावधान में भीमताल के मिनी स्टेडियम में ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ बुधवार को पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी करेंगे। संयोजक निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चनौतिया ने बताया कि अभी तक लगभग दो दर्जन टीमों ने अपनी एंट्री कराई है। बताया कि विजेता टीम को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार और उपविजेता को 25 हजार का नकद पुरस्कार रखा गया है।

नवनिर्मित विकासखंड कार्यालय भवन का शुभारंभ आज

भीमताल। विकासखंड भीमताल का नवनिर्मित विकासखंड कार्यालय का शुभारंभ बुधवार को किया जाएगा। ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने अवगत कराया कि कार्यक्रम सवेरे 10:00 बजे से प्रारंभ होगा। इसके तहत कार्यालय शुभारंभ, पूजन और सुंदरकांड का आयोजन होना है।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

मार्ग की खस्ता हालत से जनता परेशान

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : विकासखंड ओखलकांडा में मार्ग की खस्ता हालत से जनता खासी परेशान है। स्थानीय जनता ने विभाग और प्रशासन से मार्ग की दशा को सुधारने की मांग की है। पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मदन नौलिया ने बताया कि विकासखंड के भीड़ापानी खुजेठी मार्ग का बुरा हाल है।

कई बार शासन-प्रशासन को इस मार्ग के संदर्भ में अवगत कराने और उसकी दशा को सुधारने की मांग पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अब इस मार्ग पर वाहन ले जाने में खतरा तो है ही पैदल भी गुजरने से लोग कतरा रहे हैं। उधर, समाजसेवी गजेंद्र सिंह मेहता, राजू चौहान ने चेतावनी दी है कि शीघ्र ही उग्र आंदोलन किया जाएगा।

पूरी विधान सभा में सड़कों की दशा बहुत खराब है। दर्जनों सड़कें ऐसी हैं जिनमें कोई काम ही नहीं हो सका है। कई स्थानों में तो सड़क है या नहीं यह भी पता करना मुश्किल है। सड़कों की दशा नहीं सुधारी गई तो जनआंदोलन किया जाएगा।

-दान सिंह भंडारी, पूर्व विधायक

भीड़ापानी खुजेठी मार्ग की खस्ता हालत। ● अमृत विचार

देशी शराब के 48 पव्वे बरामद

हल्द्वानी। मुखानी थाना पुलिस ने देशी शराब की अवैध रूप से बिक्री करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक वसुंधरा कॉलोनी के पास स्थित खाली प्लॉट में चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर उसने खुद को मल्ला गोरखपुर निवासी राहुल भोज बताया। तलाशी में उसके पास से देशी शराब के 48 पव्वे बरामद हुए।

नमामि गंगे, साक्षरता व जल संरक्षण के हुए कार्यक्रम

हल्द्वानी। धारी के सुंदरखाल स्थित अटल उत्कृष्ट रा. दे. वि. राजकीय इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक शिविर का समापन हुआ। शिविर में छात्र-छात्राओं ने सुंदरखाल के ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण, जन जागरण, नमामि गंगे, साक्षरता और जल संरक्षण का कार्यक्रम किया गया।

इसके साथ ही सर्वे भी किया गया। ग्राम प्रधान रेखा बिष्ट ने छात्र-छात्राओं को कूड़ा निस्तारण के बारे में बताया और विद्यालय में कूड़ेदान भी लगाए गए। इस मौके पर शोबन सिंह, राजेश पांडे, भूपेंद्र चौधरी, आशा बिष्ट, लवली नयाल आदि उपस्थित रहे।

मौसम गुरुवार को भारी बारिश की संभावना, हिमपात का अब भी इंतजार

नैनीताल में छाया रहा कोहरा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : बीते कुछ दिनों से नैनीताल में लगातार ठंड में बढ़ोतरी होने लगी है। हालांकि अब भी बारिश व हिमपात का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को भारी बारिश की संभावना है।

मंगलवार को सुबह से ही नगर में कोहरा छाया रहा। इसके चलते बीते दिनों के मुकाबले मंगलवार को सुबह से ही ठंड में इजाफा देखने को मिला। सोमवार तक नगर में दिन में गुनगुनी धूप के चलते ठंड का एहसास केवल सुबह और शाम को ही हो रहा था। मौसम विभाग ने गुरुवार को नगर में बारिश की संभावना व्यक्त की है।

मौसम के जानकारों का कहना है कि अगर बारिश होती है तो फिर हिमपात की संभावनाएं बन जाएंगी। बता दें कि इस वर्ष पहली बार नैनीताल में बारिश तक नहीं हुई है जबकि बीते वर्ष जनवरी अंत तक बारिश और कुछ-कुछ स्थानों पर हिमपात हो चुका था।

हल्द्वानी में आज बारिश के आसार, दिन में चटक धूप

हल्द्वानी : हल्द्वानी में बुधवार को बारिश के आसार जताए गए हैं। 31 जनवरी से चार फरवरी तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। जिससे बारिश होने का अनुमान है। फिलहाल शहर में दिन के समय चटक धूप निकल रही है। मंगलवार को सुबह से ही धूप खिली रही। अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री दर्ज किया गया जो जनवरी माह में अभी तक दर्ज किया गया सबसे अधिक तापमान है। दिन के समय लोगों को ठंड से काफी राहत मिल रही है लेकिन रात को तापमान 5.1 डिग्री दर्ज किया। मौसम विभाग ने कहा है कि अब बारिश होने के आसार हैं। कुमाऊं 3000 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हो सकती है।

एक नजर

पेट में घुसा सांड का सींग, बाइक सवार राजमिस्त्री की मौत

हल्द्वानी : दोस्त के साथ काम खत्म कर घर लौट रहा राज मिस्त्री हादसे का शिकार हो गया। अंधेरे में बाइक एक सांड से टकरा गई और सांड की सींग राज मिस्त्री के पेट में घुस गई। आनन-फानन में उसे एसटीएच ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नगला उदयी भमौरा बरेली उत्तर प्रदेश निवासी मोतीराम (27 वर्ष) पुत्र सेवा राम पेशे से राज मिस्त्री था और वह बेरीपड़ाव हल्द्वानी में पत्नी, तीन साल के बेटे और आठ माह की बेटी के साथ किराये के मकान में रहता था। बताया जाता है कि मोती राम लालडांठ में स्थित एक भवन के निर्माण लगा था। सोमवार की रात काम खत्म करने के बाद वह साथी श्रमिक के साथ बाइक से वापस घर लौट रहा था। पंचायत घर में अंधेरा था और अचानक उसकी बाइक सांड से टकरा गई। टक्कर से मोती राम सांड की ओर उछला और उसका सींग मोती राम के पेट में घुस गया। जबकि दूसरा सवार बाल-बाल बच गया। सींग घुसने से मोती राम बुरी तरह लहूलुहान हो गया। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

एक मीटर छूट राहत नहीं, सिर्फ सरकारी जुमला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के फरमान से नाखुश हैं सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे प्रभावित व्यापारी

कार्रवाई

- बीते दिनों कुछ व्यापारी नेताओं ने आदेश को था सराहा
- प्रभावितों ने लगाई दुकानों को टूटने से बचाने की गुहार

65 दुकानों का होना है ध्वस्तीकरण

12 मीटर तक दोनों ओर तोड़फोड़ के हुए थे आदेश

04 से 5 मीटर तक टूट रहीं दुकानें, कई की पूरी उजड़ रही है

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित व्यापारी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के एक मीटर छूट के फरमान से नाखुश हैं। उनका कहना है कि छूट राहत नहीं, बल्कि एक सरकारी जुमला है। अगर सरकार उन्हें राहत देना चाहती है तो दुकानों को टूटने से बचाए या उचित जगह विस्थापित करे।

शहर में इन दिनों रोडवेज स्टेशन से लेकर मंगलपड़ाव तक दोनों ओर सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। जिसकी जद में करीब 65 दुकानें आ रही हैं। किसी दुकान का 4 मीटर तो किसी का 5 मीटर तक हिस्सा टूट रहा है। कई दुकानदारों की तो पूरी दुकान ही टूट रही है।

जिला प्रशासन सभी प्रभावित व्यापारियों को नोटिस थमा चुका है। प्रशासन की इस कार्रवाई से व्यापारी नाराज हैं। बीते दिन इस मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रभावित व्यापारियों को एक मीटर की छूट देने का आदेश दिया। हालांकि इस आदेश को शहर के कुछ व्यापारी नेताओं ने सराहते हुए राहत बताकर बयानबाजी की थी, लेकिन जिन व्यापारियों की दुकानें टूटनी हैं वह इसे राहत नहीं, बल्कि सरकारी जुमला बता रहे हैं।

नैनीताल रोड पर सरस मार्केट के सामने स्थित दुकानें, जो ध्वस्तीकरण की जद में हैं। ● अमृत विचार

शहर में जाम की मूल जड़ रोडवेज स्टेशन है। पहले इसे हटाया जाना चाहिए। हमारी 1991 से दुकान है। स्टेट हाईवे चौड़ा करना ही था तो 20 साल पहले ही कर देना चाहिए था।
-महेंद्र सिंह बिष्ट, स्वामी मिठास रेस्टोरेंट

करीब 50 साल पुरानी दुकान है। एक मीटर घटने से सामान रखने की जगह कम होगी। प्रशासन को सड़क चौड़ी करने के साथ-साथ दुकान के आगे पार्किंग का स्पेस देना चाहिए।
- एनके अरोड़ा, स्वामी हजारा फूड स्टोर

बोले प्रभावित

छूट के आदेश से कोई राहत नहीं है। 1977 में नक्शा लोनिवि से पास है। तोड़फोड़ कानून के तहत होनी चाहिए। पहले मुआवजा दें। उसके बाद समय देकर तोड़फोड़ की कार्रवाई हो।
- हेम चंद्र बल्यूटिया, स्वामी ओके होटल

छूट का आदेश देकर हाथ में जुमला थमा दिया है। पूरी दुकान टूट रही है। शासन-प्रशासन को कहीं और स्थान देना चाहिए। ऐसी जगह जहां कारोबार कर सकें। **-सागर अग्रवाल**, स्वामी सूर्यवंश मेडिकल स्टोर

छूट के आदेश से कोई राहत नहीं है। नगर पालिका ने दुकान का नक्शा स्वीकृत किया था। सरकार से मांग है कि एक मीटर की जगह 3 से 4 मीटर की छूट दे, जिससे राहत मिल सके।
-पवन सिंघल, स्वामी पीएस ज्वैलर्स

आज सरस से कालूसिद्ध मंदिर तक चलेगा बुलडोजर

चौड़ीकरण की जद में आए सरस मार्केट के निकट स्थित मिठास रेस्टोरेंट सहित दो दुकानदारों ने अपना अतिक्रमण खुद हटाना शुरु किया। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हाईवे चौड़ीकरण को लेकर आज बुधवार को शहर में सरस मार्केट से कालूसिद्ध मंदिर तक प्रशासन और नगर निगम का बुलडोलर चलेगा। इसके तहत करीब 12 मीटर तक दुकानों व भवनों को तोड़ा जाएगा।

इन दिनों रोडवेज स्टेशन से मंगलपड़ाव तक सड़क को दोनों ओर चौड़ा करने का कार्य चल रहा है। इसकी जद में आ रही दुकानों और भवनों को प्रशासन और नगर निगम अभियान चलाकर ध्वस्त कर रहा है। बुधवार को अभियान सरस मार्केट से कालू सिद्ध मंदिर तक चलाया जायेगा। यहां ध्वस्तीकरण की जद में आ रहे दुकानदारों ने मंगलवार को ही अपनी दुकानों को खाली कर दिया। मिठास रेस्टोरेंट और अपना बाजार के पास स्थित सभी दुकानदार दिनभर दुकानों से सामान समेटते नजर आए। ताकि तोड़फोड़ के दौरान किसी प्रकार का आर्थिक नुकसान न हो। दुकानों से सामान हटते समय दुकानदार काफी मायूस भी नजर आए।

नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया कि बुधवार (आज) को सरस मार्केट से कालू सिद्ध मंदिर तक दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। सभी दुकानदारों ने दुकानें खाली कर ली हैं। करीब 12 मीटर की सीमा तक ध्वस्तीकरण किया जाएगा।

राजनीति की शह पर रसूखदारों ने बेच डाली सरकारी जमीन

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी

हालात

- एकड़ों जमीन पर कब्जा करके बेचने का खेल होता रहा
- जमीन बेचने वालों ने डकारे करोड़ों खरीदने वाले अब परेशान

अमृत विचारः मलिक का बगीचा में नगर निगम और प्रशासन की कार्रवाई के दौरान जिस किसी भी अधिकारी भवन या जमीन के कागज दिखाने की बात कह रहे हैं, उनके पास स्वामित्व के कागज नहीं है। रजिस्ट्री, दाखिल खारिज जैसे किसी भी कागज की उपलब्धता कब्जेदारों के पास नहीं है।

अधिकारियों के अनुसार यहां बड़े पैमाने में सरकारी जमीनों पर कब्जा करके उन्हें बेचा गया है और करोड़ों रुपयों की कमाई की गई है। अब परेशान वे लोग हैं, जिन्होंने उन खरीदी गई जमीनों पर भवन बना लिए हैं और अब उनके भवन अतिक्रमण की जद में आ रहे हैं। यहां लोगों ने बताया कि यहां कुछ रसूखदारों लोगों के पास यहां सालों से जमीनों के कब्जे थे। उन्हें राजनीतिक शह भी थी। वही लोग लोगों से लाखों रुपये लेकर जमीन पर उन्हें कब्जा दे देते थे। औपचारिकता के तौर पर एक स्टांप पर इस इकरारनामे को लिखा जाता था। हालांकि उस स्टांप की नोटरी भी नहीं कराई जाती थी। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय का भी कहना है कि कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीन पर अपना स्वामित्व कैसे बता सकता है। फिलहाल तो यहां सरकारी जमीन को बेचने का खेल सालों से चल रहा है। देखते ही देखते भवन पर भवन बनते हुए। सरकारी जमीनें बेचकर करोड़ों रुपये कमाने वालों का कोई नाम नहीं बता पा रहा है। यहां तक की जिन्होंने जमीनें खरीदी हैं वह भी ठीक से नाम और पता नहीं बता पा रहे हैं।

मलिक के बगीचे में खाली प्लॉटों में नगर निगम ने लगाए अपने नोटिस बोर्ड।

बनभूलपुरा में मलिक के बगीचे में तीसरे दिन अतिक्रमण पर कार्रवाई को पहुंचे नगर आयुक्त, सिटी मजिस्ट्रेट व एसडीएम।

मलिक के बगीचे में खाली प्लॉटों में नगर निगम की ओर से की गई तारबाड़। ● अमृत विचार

सरकारी जमीन खरीदने और बेचने वाले जाएंगे जेल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचारः नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम ने तीसरे दिन मलिक के बगीचे में अतिक्रमण हटाने के लिए कार्रवाई की। निर्माणाधीन भवन में सील लगा दी गई। लोगों से उनके घरों के कागज भी मांगे गए। साथ ही नगर आयुक्त ने स्पष्ट कह दिया कि सरकारी जमीन को खरीदने और बेचने वालों की जांच की जाएगी। दोनों ही पक्षों पर कानूनी कार्रवाई करके उन्हें जेल भेजा जाएगा।

मलिक का बगीचा में अतिक्रमण हटाने का अभियान सख्त हो गया। तीसरे दिन मंगलवार को जब नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय और सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह पूरे दलबल के साथ पहुंचे तो पहले खाली पड़ी जमीन पर पड़े रेता, बजरी और पत्थरों को हटाया। अधिकारियों को जानकारी मिली की इस खाली जमीन पर कब्जा करके यहां रेता, बजरी स्टॉक किया जाता है और उसे बेचा जाता है। अधिकारियों ने खाली कराई गई जमीन का फिर से मुआयना किया। तीसरे दिन भी अतिक्रमण को तोड़ा जाना जारी रहा। इसके साथ ही एक निर्माणाधीन भवन के कागज दिखाने को कहा गया तो भवन स्वामी कागज नहीं दिखा पाए। जब बुलडोजर चलाने की नौबत आई तो दो महिलाएं और एक पुरुष बुलडोजर के सामने आ गए। नगर आयुक्त ने निर्माणाधीन भवन को तोड़ने की कार्रवाई बंद करवा दी। हालांकि भवन में सील लगा दी गई। साथ ही इसके समीप ही बहुमंजिला भवन के स्वामी से भी कागज मांगे गए लेकिन वह भी कागज नहीं दिखा पाए। नगर आयुक्त ने एक अन्य जमीन पर निर्माण पर सील लगा दी। उन्होंने सहायक नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि चिन्हित किए गए भवन स्वामियों को नोटिस भेजे जाएं और उनसे भवन के स्वामित्व के कागज मांगे जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी जमीनों को कब्जा करके बेचने का खेल बहुत हो गया। जिन लोगों ने जमीन बेची है और जिन लोगों ने जमीन खरीदी है उन दोनों ही पक्षों पर कानूनी कार्रवाई कि जाएगी और उन्हें जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस जमीन को भी खरीदें पहले ये देख लें कि उस जमीन का कागज ठीक हैं। उसकी जांच करवा लें। उसके बाद ही जमीन खरीदें। अन्यथा बाद में प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। मौके पर स्थानीय पार्षद महबूब आलम ने भी पीड़ित पक्ष की ओर से अधिकारियों से बात की। साथ ही नगर निगम ने खाली कराई गई जमीनों पर बोर्ड लगा दिए। एसडीएम पारितोष वर्मा भी थे।

खाली जमीन पर किया तारबाड़ : नगर निगम जिस जगह को खाली करवा रहा है वहां पर ताड़बाड़ कराने का काम शुरू कर रहा है। मलिक के बगीचे में लोहे के एंगल लगाकर ताड़बाड़ किया जा रहा है।

निर्माणाधीन मकान न तोड़े जाने की गुहार लगाती महिलाएं।

जेसीबी को रोकने जा रहे भवन स्वामी को रोकती पुलिस।

साहब 14 लाख रुपये में ली थी जमीन

हल्द्वानी : जिस निर्माणाधीन भवन को तोड़े जाने की कार्रवाई की जा रही थी उसके परिवार की महिला ने स्टांप में एक इकरार नाम दिखाया। जिसमें 14 लाख में जमीन का कब्जा दिए जाने की बात लिखी गई थी। नगर आयुक्त ने मौके पर मौजूद बनभूलपुरा थाना प्रभारी से तुरंत ही उस व्यक्ति को तलाशने को जिसने ये जमीन बेची है। उन्होंने उक्त व्यक्ति पर कार्रवाई के आदेश दिए।

स्वास्थ्य विभाग को अपनी जमीन की नहीं चिंता

हल्द्वानी। मलिक के बगीचा में एक आयुष्मान केंद्र है। जिससे सटी भूमि खाली पड़ी है। भूमि के तीनों ओर बाउंड्री करवा दी गई है। उस बाउंड्री को भी तोड़ा जा चुका है। इसके एक हिस्से में नगर निगम ने मंगलवार की रात ईंटे लगवा दीं लेकिन दूसरी दीवार अभी भी टूटी हुई है। नगर निगम के अनुसार स्वास्थ्य विभाग को इस बाबत जानकारी दे दी गई है।

कब्जे की जमीन और मूल्य भी कम नहीं

हल्द्वानी : मलिक के बगीचे में 300 से 400 वर्ग फिट जमीन पर कब्जा करने के लिए पूर्व कब्जेदार को करीब 15 लाख रुपये तक देने पड़ते हैं। इस तरह देखा जाए तो यहां जमीनों को अवैध तरीके से बेचने का रेट चार से पांच हजार रुपये वर्ग फिट है।

पहले हुई कार्रवाई, फिर भी नहीं सुधरे

हल्द्वानी : यहां ऐसे कई भवन बन चुके हैं। जिन्हें प्राधिकरण ने पहले ही निर्माण न करने चेतावनी दी थी। अधिकारियों ने बताया कि एक भवन ऐसा है जो करीब सात साल पहले भूतल पर निर्माण किया जा रहा था। उस समय ही उसे निर्माण रोकने के आदेश दिए थे। अब यहां तीन मंजिल भवन बनाया जा चुका है।

जमीन बेचने वाले का पता दो, मैं रुपये वापस दिलवाऊंगा

हल्द्वानी : नगर आयुक्त ने मौके पर मौजूद लोगों से कहा कि आप उन लोगों के नाम और पता दो जिनसे सरकारी जमीन पर स्टांप में लिख कर खरीदी है। उन लोगों को मैं पकड़वाऊंगा और जेल भेजूंगा। साथ ही ऐसे लोगों से वसूली भी की जाएगी। कहा कि मलिक का बगीचा में सभी खाली जमीनों पर नगर निगम जल्द कब्जा कर लेगा। जो भी खाली जमीन है वह नगर निगम की है।

अवैध मदरसा और मस्जिद होंगे ध्वस्त

हल्द्वानी : मलिक का बगीचा में बनाए गए मदरसा और मस्जिद को ध्वस्त किया जाएगा। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने मंगलवार की देर शाम आदेश जारी कर कहा कि यहां मदरसा और भूमिगत मस्जिद नजूल की जमीन पर अवैध तरीके से बनाई गई है। कब्जेदार अब्दुल मलिक को आदेश दिया है कि एक फरवरी तक कब्जे को ध्वस्त कर दें। अन्यथा उसके बाद बलपूर्वक कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त के आदेश को मदरसा में चस्पा में भी कर दिया गया है।

एपी वाजपेयी बने सिटी मजिस्ट्रेट

अमृत विचारः प्रशासन ने मंगलवार की देर रात पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए। शासन ने नगर आयुक्त के पद पर तैनात पंकज उपाध्याय को कुमंविनि का महाप्रबंधक बनाया है जबकि यहां तैनात एपी वाजपेयी को सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी बनाया है। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को प्रशिक्षण निदेशालय का अपर निदेशक बनाय गया है। काशीपुर में गन्ना उपायुक्त जय भारत सिंह को आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण का संयुक्त मुख्य प्रशासक बनाया गया है। कुसुम चौहान को एमडीडीए सचिव के पद से हटाकर डिप्टी कलेक्टर हरिद्वार बनाया है। युक्ता मिश्रा को डिप्टी कलेक्टर पौड़ी से सूचना आयोग में उपसचिव और एमएस बर्निया को अपर आयुक्त आबकारी बनाया है।

गड़बड़ी निजी फिटनेस सेंटर में चल रहा दलाली का बड़ा खेल, एक बार फेल करने के बाद दोबारा संचालकों से मोटी रकम लेकर दलाल करवा रहे हैं वाहन पास

दलालों के जरिये रुपये लेकर किया जा रहा वाहनों को फिटनेस में पास

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचारः निजी फिटनेस सेंटर में वाहनों के फेल होने पर वाहन संचालकों से दलालों के जरिये रुपये लेकर उनको फिटनेस में पास किया जा रहा है। वाहन स्वामियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जब वह फिटनेस के लिये जा रहे हैं तो उनकी गाड़ी को फिटनेस में फेल किया जा रहा है जबकि वह अपनी गाड़ी में सारा काम करा चुके हैं।

एक वाहन संचालक ने बताया कि जब वह अपनी गाड़ी में बाहर से सारा काम करा कर फिटनेस सेंटर में ले गया तो उसकी गाड़ी को हेडलाइट के फोकस और वाहन के प्रदूषण मानक में फेल कर दिया गया। उसने बताया कि दूसरे दिन जब उसने बाहर गाड़ी की दोबारा जांच कराई तो उसकी गाड़ी को फिट बताया गया जबकि फिटनेस सेंटर में गाड़ी को फेल किया गया था। इसके बाद वह दलाल के संपर्क में आया और दलाल ने उसे गाड़ी को फिटनेस में पास कराने का आश्वासन दिया जिस पर रुपयों की बात हुई और वाहन संचालक से मोटी रकम वसूली गई। इसके बाद वाहन को दोबारा फिटनेस लेन से गुजारकर फिटनेस सर्टिफिकेट दे दिया गया।

बेलबाबा स्थित निजी फिटनेस सेंटर। ● अमृत विचार

निजी फिटनेस सेंटर खुलने के बाद भी चल रहा खेल

दलालों का खेल समाप्त हो इसके लिये परिवहन विभाग ने सभी कार्यों को ऑनलाइन किया। इसके साथ ही केंद्र सरकार की ओर से निजी फिटनेस सेंटर खोले गए ताकि वाहनों के फिटनेस में पारदर्शिता आए और ऑटोमेटेड तरीके से वाहनों के फिटनेस होने से गड़बड़ी की आशंकाएं समाप्त हों। इसके उलट निजी फिटनेस सेंटर में दलालों के जरिये रुपये लेकर वाहनों को पास किया जा रहा है और धड़ल्ले से दलाली का खेल चल रहा है।

वाहन संचालकों की शिकायत के आधार पर ही उनको फिटनेस सेंटर के अंदर प्रवेश की अनुमति दी गई है। संचालक अपने सामने फिटनेस करवाएं और किसी भी बाहरी व्यक्ति के झांसे में न आएं। - **संदीप सैनी**, आरटीओ, हल्द्वानी

वहीं, एक अन्य वाहन संचालक ने बताया कि वह अपने वाहन में सारा काम करा कर उसे फिटनेस के लिये निजी फिटनेस सेंटर में ले गया जहां उसके वाहन को प्रदूषण के मानक में फेल कर दिया गया जबकि बाहर से उसके वाहन को फिट घोषित किया गया था। इसके बाद उसने फिर से बाहर प्रदूषण की जांच कराई जहां उसे प्रदूषण का सर्टिफिकेट दिया गया जिसमें वाहन मानकों पर खरा उतरा। संचालक ने बताया कि अगले दिन जब वह सेंटर में गया तो उसके वाहन को फिर से प्रदूषण मानकों में खरा नहीं उतरने की बात कही गई जिस पर संचालक ने कहा कि उसे प्रदूषण सर्टिफिकेट में फिट घोषित किया गया है और वह उक्त प्रदूषण केंद्र या निजी सेंटर के खिलाफ कार्रवाई के लिये शिकायत करेंगे। इस पर सेंटर के कर्मियों ने वाहन को फिर से फिटनेस लेन से गुजारा और उसे फिट घोषित कर दिया। कुछ वाहन स्वामियों का कहना है कि नए वाहनों को भी फिटनेस में फेल कर दिया जा रहा है। कहा कि 1200 सीसी के वाहन से 7-8 हजार रुपये लिये जा रहे हैं। जब इस मामले में सेंटर संचालक का पक्ष जानना चाहा तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

फेल होने पर 2 दिनों में करानी होगी फिटनेस

हल्द्वानी, अमृत विचारः ऑटोमैटिक फिटनेस सेंटर में वाहनों की जांच के लिए एसओपी अंतरिम मानक संचालन प्रक्रिया बनाई गई है। देहरादून के डोईवाला और ऊधमसिंहनगर के रूद्रपुर के साथ ही हल्द्वानी में संचालित फिटनेस सेंटर में एसओपी के आधार पर काम किया जाएगा।

संयुक्त परिवहन आयुक्त सनत कुमार सिंह ने मंगलवार को इसके लिये आदेश जारी किया। एसओपी में बताया गया है कि वाहन के फिटनेस में फेल होने पर वाहन संचालक 2 कार्य दिवसों के अंदर फिर से फिटनेस करा सकते हैं जिसके लिये कोई अतिरिक्त फीस नहीं देनी पड़ेगी। बताया गया कि 2 दिन के अंदर वाहन फिटनेस के लिये नहीं लाया गया तो उसे अनफिट घोषित कर दिया जाएगा।

सार संक्षेप

अशोक अध्यक्ष व उदय बने एरीज कर्मचारी संघ के महासचिव

अशोक सिंह

उदय सिंह

हल्द्वानी : एरीज कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन मंगलवार को किया गया जिसमें अशोक सिंह को सर्वसम्मति से एक बार फिर अध्यक्ष बनाया गया जबकि उदय सिंह को महासचिव चुने गए। इसके साथ ही सचिव पद पर मनोज महतो व पवन तिवारी को लगातार तीसरी बार निर्विरोध उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अभिजीत मिश्रा को कोषाध्यक्ष, डीएस नेगी व प्रदीप चक्रवर्ती को संरक्षक बनाया गया। निर्वाचन अधिकारी अनंत राम शुक्ला की देख रेख में चुनाव संपन्न हुए। नई कार्यकारिणी में अनंत राम शुक्ला, संजय सिंह, हरीश चंद्र तिवारी, हेमंत कुमार, अर्जुन रेड्डी, ललित मोहन डालाकोटी, बाबू राम गिरी, कांति राम मैथानी, राजदीप सिंह, रवींद्र कुमार यादव, हरीश चंद्र तिवारी व कन्हैया प्रसाद को शामिल किया गया।

40 असहाय लोगों को बांटे गए कंबल

चोरगलिया में लोगों को कंबल बांटते मेडिकल ऑफिसर। ● अमृत विचार

चोरगलिया : अति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चोरगलिया के मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर जाने आलम ने अत्यंत गरीब, विकलांग, असहाय 40 लोगों को कंबल बांटे। कार्यक्रम में प्रधान राजेंद्र जागी, नंदन बोरा, महेश बेलवाल, कैलाश थुवाल, डॉक्टर संगीता पनेरु, डॉक्टर सावित्री चौहान, शबाना अंसारी, पूरनलाल, प्रशांत, रामवीर आदि थे।

ठंड में सो रहे लोगों को बांटे कंबल

हल्द्वानी में लोगों को कंबल बांटते संस्था के लोग। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : फुटपाथ पर खुले आसमान के तले सो रहे लोगों को ठंड से बचाने के लिए भारतीय मानवाधिकार परिवार ने कंबल वितरित किए। संस्था ने तिकोनिया, रोडवेज स्टेशन, केमू स्टेशन व बेस अस्पताल के आस-पास सड़क किनारे व फुटपाथ पर ठंड में सो रहे करीब 40 लोगों को कंबल बांटे। संस्था की महिला प्रकोष्ठ सचिव दीप्ति चुफाल, प्रेमलता पाठक, निर्मला जोशी, नेहा नाज, पंकज तिवारी मौजूद रहे।

जल निगम व जल संस्थान संयुक्त मोर्चा का धरना जारी

हल्द्वानी में निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : जल निगम व जल संस्थान संयुक्त मोर्चा का धरना लगातार चल रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को तिकोनिया स्थित जल संस्थान कार्यालय में 2 घंटे का धरना प्रदर्शन किया गया। संयुक्त मोर्चा लगातार अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहा है। विभागों के एकीकरण कर राजकीयकरण करने की मांग की जा रही है। इसके साथ ही विभागीय कार्यों को यूयूएसडीए और एडीबी से कराने को दुर्भाग्यपूर्ण बताकर इसका विरोध किया जा रहा है। मोर्चा पेयजल सेक्टर के निजीकरण पर सरकार को घेरे हुए है और मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को और उग्र करने पर विचार कर रहा है। मोर्चा के सदस्य भुवन पांडे ने बताया कि बुधवार को भी तिकोनिया स्थित जल संस्थान कार्यालय में धरना दिया जाएगा। इस मौके पर मोर्चा के शीतल साह, कृष्ण कुमार बधानी, अरविंद कुमार, राजेंद्र कुमार, पंकज कुमार, पूरन सिंह, कमला, ज्योति, लक्षिता उप्रेती आदि उपस्थित रहे।

लालकुआं में पूर्व सैनिक कुंदन सिंह मेहता का स्वागत करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

पूर्व सैनिक कुंदन सिंह मेहता का स्वागत किया

लालकुआं : निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने वाले पूर्व सैनिक कुंदन सिंह मेहता बीते रोज देहरादून में कांग्रेस में शामिल हो गए। वापस लौटने पर बिन्दुखत्ता ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुंदन मेहता का फूलमालाओं से स्वागत किया।

उल्लेखनीय है 28 जनवरी को देहरादून में आयोजित कांग्रेस की रैली में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने विधानसभा चुनाव में उनके प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी रहे पूर्व सैनिक कुंदन सिंह मेहता को कांग्रेस की सदस्यता दिलाकर उनका स्वागत किया था। आज देहरादून से वापस लौटने पर पूर्व सैनिक कुंदन सिंह मेहता का बिंदुखत्ता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने यहां शहीद स्मारक पर पूर्व सैनिक कुंदन सिंह मेहता का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, महामंत्री प्रदीप सिंह बथ्याल, राजपाल आर्य, रमेश कुमार, लक्ष्मण धपोला, प्रकाश चंद जोशी मौजूद रहे।

राजकीय मेडिकल कॉलेज की भूमि पर पेड पार्किंग बोर्ड लगाने का मामला

निगम ने नहीं हटाया बोर्ड, दोबारा भेजा पत्र

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) के सामने लगे पेड पार्किंग के बोर्ड अभी तक नहीं हटाए गए हैं। इसको लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने दोबारा नगर आयुक्त को पत्र भेजा है। पत्र में शीघ्र बोर्ड हटाने का अनुरोध किया है।

कॉलेज प्रबंधन के अनुसार वर्ष 1997 में जब मेडिकल कॉलेज की नींव रखी थी उस दौरान केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने एसटीएच से मेडिकल कॉलेज के गेट तक की भूमि कॉलेज को हस्तांतरित की थी। जो वर्तमान तक उनके पास है। लेकिन कुछ समय पूर्व नगर निगम ने एसटीएच के सामने की खाली भूमि पर पेड पार्किंग के बोर्ड लगा दिए। जब प्रबंधन को इसकी भनक लगी तो विभागीय अधिकारियों ने मौका मुआयना कर जमीन की नापजोख कराई। जिसमें उक्त भूमि मेडिकल कॉलेज की पाई गई। इस पर बीती 15 जनवरी को नगर आयुक्त को पत्र भेजकर शीघ्र बोर्ड हटाने को कहा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में प्रबंधन ने 29 जनवरी को दोबारा नगर आयुक्त को पत्र भेजा है। पत्र में शीघ्र भूमि से पेड पार्किंग के बोर्ड हटाने का अनुरोध किया है।

एसटीएच के सामने लगे पेड पार्किंग के बोर्ड। ● अमृत विचार

> सुशीला तिवारी अस्पताल के पास गैर कानूनी पार्किंग वाली जगह को खाली कराकर वहां पेड पार्किंग बना दी गई है। भविष्य में कभी अगर सड़क चौड़ी होगी या अस्पताल का कोई निर्माण होगा तो जगह खाली कर दी जाएगी।
> –पंकज उपाध्याय, नगरआयुक्त

बीमार बहू का हाल जानने गए ससुर की हादसे में मौत

दुखद

- पदमपुरी से दो दिन पहले हल्द्वानी आए थे बहू का हालचाल जानने
- तिकोनिया में बाइक सवार ने मारी थी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बीमार बहू का हाल जानने हल्द्वानी आए बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत हो गई। एक बाइक सवार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।

मूलरूप से बबियाड़ पदमपुरी भीमताल निवासी ललित मोहन भोटियापड़ाव में पत्नी और बच्चों के साथ रहते हैं। कुछ दिनों से ललित की पत्नी की तबीयत खराब चल रही थी। बताया जाता है कि जानकारी पर दो दिन पहले ललित के पिता मनीराम (62 वर्ष) बबियाड़ से हल्द्वानी आए थे। बताया जाता है कि सोमवार की देर शाम वह घर से टहलने निकले थे। पैदल जा रहे मनीराम को तिकोनिया चौराहे पर तेज रफ्तार बाइक सवार ने अपनी चपेट में ले लिया। मनीराम बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौतो हो गई। ललित ने बताया कि पिता गांव में खेतीबाड़ी का काम करते थे।

कार से टक्कर में बुलेट सवार घायल

कालाढूंगी। कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे पर कार व बुलेट की टक्कर में बुलेट सवार घायल हो गया। राहगीर घायल को लेकर सीएचसी पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया। जिससे हाईवे के दोनों जाम लग गया। मंगलवार देर शाम कालाढूंगी- हल्द्वानी हाईवे पर चकलुवा बाजार के पास ऑडी कार व बुलेट सवार की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर में बुलेट चल रहा कमल जलाल निवासी रतनपुर चकलुवा गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीर घायल को लेकर सीएचसी पहुंचे जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। घायल का एक पैर फैक्चर बताया जा रहा है। जिससे दोनों और सड़कों में लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल जाम खुलवाया।

कुत्ते को कार से कुचलने वाले व्यापारी पर मुकदमा

हल्द्वानी, अमृत विचार : कुत्ते को कार से कुचलने वाले लग्जरी कार सवार व्यापारी और एक अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। जीबी पंत मार्ग ठंडी सड़क भोटियापड़ाव निवासी शौर्य कक्कर पुत्र अजय कुमार कक्कर 28 जनवरी की रात अपने पग कुत्ते को लेकर गली टहल रहे थे। तभी स्पेयर पार्ट्स का व्यापार करने वाला भव्य बत्रा अपनी कार संख्या यूके 04 टी 7009 लेकर गली से गुजरा। इसी दरम्यान उसकी शौर्य से कहासुनी हो गई। भव्य अपनी कार से उतरा और बहस के बाद फिर तेजी से अपनी कार में बैठ गया। कार के आगे शौर्य का कुत्ता टहल रहा था। भव्य ने उसे कुचल दिया और पहला टायर गुजरने के बाद वह दूसरे टायर के नीचे दब गया। शौर्य गाड़ी पीछे करने को कहने लग गया, लेकिन कार पीछे करने के बजाय भव्य कार से उतरा और शौर्य को पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच एक और कार से आए युवक ने भी कार से उतर कर शौर्य को पीटना शुरू कर दिया। घटना स्थल पर लगे एक सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गई और जो सुबह होते तक सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

श्मशान घाट तक सड़क का हो निर्माण

नैनीताल। नैनीताल-भवाली मार्ग पर स्थित पाइंस श्मशान घाट के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी वंदना सिंह को ज्ञापन देकर जल्द से जल्द सड़क बनवाने की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट ने बताया कि शमशान घाट में मार्ग न होने के चलते शवों के अंतिम संस्कार करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नैनीताल सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट सड़क निर्माण के लिए बजट भी जारी कर चुके हैं। लिहाजा जल्द से जल्द सड़क का निर्माण किया जाए। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह बिष्ट, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह रावत, मोहन सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

स्टार्टअप का झांसा देकर जालसाज ने की 65 लाख रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

धोखाधड़ी

- पहाड़ी उत्पादों की बिक्री करने वाली संस्था में निवेश का दिया झांसा

अमृत विचार : स्टार्टअप का झांसा देकर एक जालसाज ने दो राज्यों के तीन लोगों से साढ़े 65 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित जालसाज की नीयत को भांप पाते, इससे पहले ही वह माल समेट कर फरार हो गया। पीड़ितों को झांसे में लेने के लिए उसने अपनी मां के साथ मिलकर पारिवारिक संबंध बनाए थे। मामले में मुखानी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शांति विहार लालडांठ मुखानी निवासी शुभम धर्मशक्तु ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह स्टार्टअप वाली कंपनियों में निवेश करते हैं। 14 मार्च 2022 को इंस्टाग्राम के माध्यम से कैलाश सिंह सामंत उर्फ कैली नाम के संपर्क आए। खुद को जड़ी-बूटी, पहाड़ी दालें मंडुवा, हर्बल टी आदि का दूसरे राज्यों में बिक्री करने वाली संस्था द्विमुत का संचालक बताया और बताया कि मुन्स्यारी, डीडीहाट और धारचूला में उसका स्टोर है। उसने संस्था में 1212750 रुपये के निवेश पर 907250 रुपए का मुनाफा देने की बात कही। जालसाज के झांसे में आए शुभम ने गड़ी कैंट नींबूवाला देहरादून निवासी दोस्त तनुज मर्तोलिया, गुरुग्राम निवासी मित्र अखिल राज और महिला मित्र मनीषा त्रिचेना को भी निवेश के लिए राजी कर लिया। जालसाज ने अलग-अलग 15 गूगल पे नंबर पर रकम ट्रांसफर करानी शुरू की। शुभम से 7.60 लाख, तनुज मर्तोलिया से 24.90 लाख, अखिल राज से पांच लाख, मनीषा से चार लाख और शुभम की मां पुष्पा से 24 लाख रुपए हड़प लिए। उक्त लोगों ने पीड़ितों को झांसे में लेने से लिए अपने परिजनों से भी मिलाया और घरेलू संबंध बना लिए। पिछले वर्ष फरवरी में आरोपी 30 लाख रुपये का भुगतान गुजरात से लेने की बात कहकर फरार हो गया। मुखानी थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

फ्रेंच भाषा में सौम्या को स्वर्ण पदक

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: आर्डन प्रोग्रेसिव स्कूल, लामाचौड़ में कक्षा 12वीं की छात्रा सौम्या गोस्वामी ने अंतर्राष्ट्रीय फ्रेंच स्पेल बी प्रतियोगिता में क्षेत्रीय उत्कृष्टता के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में सौम्या ने अपनी फ्रेंच भाषा कौशल का परिचय देकर यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता का फाइनल 27 जनवरी को सीडी देशमुख ऑडिटोरियम, आईआईसी नई दिल्ली में हुआ।

सौम्या गोस्वामी को उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए आर्डन विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी हैं।

एपीएस स्कूल की छात्रा सौम्या प्रमाण पत्र के साथ। ● अमृत विचार

कांग्रेस ने गिनाई भाजपा सरकार की खामियां

हल्द्वानी, अमृत विचार : जिला कांग्रेस ने मंगलवार को एक प्रेसवार्ता में केंद्र व राज्य सरकार की खामियां गिनाईं। कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई, महिला अपराध, अंकिता भंडारी जांच प्रकरण में लीपापोती, जोशीमठ आपदा, बढ़ती बेरोजगारी व अग्निवीर योजना में युवाओं को धोखा, सरकारी विभागों की भर्तियों में व्याप्त भ्रष्टाचार आदि मामलों में केंद्र व राज्य सरकार नाकाम साबित हुई है। इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल, गोविंद सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

हालात केंद्र के वैज्ञानिक किसानों के बीच जाते तक नहीं, प्रभारी अधिकारी अक्सर शहर से रहते हैं बाहर

कृषि विज्ञान केंद्र से किसानों का उठने लगा भरोसा

ललित पांडे, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिले के किसानों की आर्थिकी बढ़ाने का जिम्मा कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) पर है लेकिन उसी से किसानों का मोह भंग होने लगा।

ज्योलीकोट स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के प्रति किसानों की राय संतोषजनक नहीं है, जबकि केंद्र पर आधुनिक कृषि की जानकारी देकर किसानों का उत्पादन व आय बढ़ाने की जिम्मेदारी है।

किसानों का कहना है कि केंद्र के वैज्ञानिकों को उनके बीच आकर नई तकनीक आदि के बारे में बताना चाहिए लेकिन उनकी अधिकारियों से मुलाकात तक मुश्किल से हो पाती है व केंद्र के प्रभारी अधिकारी अक्सर शहर से बाहर रहते हैं।

किसानों ने बताया कि वैज्ञानिक कुछ गिने चुने लोगों को ही तवज्जो देते हैं, जिससे अपेक्षित परिणाम नहीं निकल पा रहे। उन्होंने कहा कि केंद्र सफेद हाथी साबित हो रहा है, केंद्र के खर्चों के सापेक्ष किसानों को लाभ नहीं मिल रहा है। किसानों ने कहा कि केंद्र की भूमि पर आज तक कोई कृषि मॉडल तैयार नहीं किया, जिससे किसान प्रेरित हो सकें।

इधर, केवीके के प्रभारी अधिकारी डॉ. सी. तिवारी का कहना है कि केंद्र के पास हॉर्टिकल्चर, एग्रोनॉमी, एनिमल व होम साइंस आदि क्षेत्रों के 6 कृषि वैज्ञानिक हैं, जिनके लिए जिले के एक-एक किसान तक पहुंचना मुश्किल है। किसानों को दिक्कतें आती हैं तो केंद्र की ओर से उन्हें पूरा सहयोग किया जाता है।

फिशरीज के विशेषज्ञ डॉ. वीके सिंह कहते हैं कि केंद्र की ओर से समय-समय पर किसानों को विभिन्न क्षेत्रों में ट्रेनिंग दी जाती है। रामनगर में धारी, राजपुर, बिरपुर तारा क्षेत्र में तीन दिवसीय मछली पालन की ट्रनिंग दी जानी है व मुर्गी पालन, अचार, मोमबत्ती बनाने आदि की ट्रेनिंग भी प्रस्तावित है।

> 4 साल पहले केवीके के अधिकारी सरकारी योजना के तहत मेरे यहां ड्रिप इरिगेशन सिस्टम लगाने के लिए आए लेकिन वे अधूरा काम करके चले गए व उसके बाद आज तक नहीं आए।
> – गोपाल सिंह गैड़ा, चकलुआ

> केवीके के अधिकारी पांच वर्ष पूर्व आलू की फसल देखने आए, फिर उन्होंने आना बंद कर दिया। 2023 में आए तो 30 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया व मिर्च, बैगन, भिंडी, खीरे आदि के बीज बांटे गए लेकिन वे फलित ही नहीं हुए। – हर्ष सिंह डंगवाल, सुनकिया

> केवीके की कोई जानकारी नहीं है। विभाग के वैज्ञानिक क्षेत्र में नहीं आते हैं। कृषि वैज्ञानिक किसानों के बीच जाकर सलाह देंगे तो उत्पादन व आमदनी दोनों बढ़ेगी। – प्रताप सिंह, चेयरमैन, गन्ना विकास समिति, हल्द्वानी

चंपावत के किसान भी केवीके के विरोध में

बीते दिनों चंपावत के किसानों ने भी लोहाघाट स्थित केवीके के खिलाफ मोर्चा खोला। स्थानीय काश्तकारों ने कहा कि केवीके से काफी उम्मीद थी लेकिन इसका कोई लाभ यहां के किसानों को नहीं मिला। किसानों ने कहा कि केवीके के प्रभारी अधिकारी न किसानों को जानते हैं और न ही किसान उन्हें।

||श्री:||
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
10 Years Anniversary
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, विवेकानन्द हॉस्पिटल के सामने, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

जोशी क्लीनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy (जलोका)
Cupping Therapy
रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर हल्द्वानी के मंगल पड़ाव स्थित अंबेडकर पार्क से सद्भावना रैली निकालते लोग। ● अमृत विचार

शहीद स्मृति दिवस पर पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मौन श्रद्धांजलि देती पुलिस। ● अमृत विचार

शहीदों को नमन, पुलिस और दमकल ने दी मौन श्रद्धांजलि

महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर देश के लिए शहीदों के योगदान को याद किया, पुलिस बहुउद्देशीय भवन समेत सभी थानों में रखा गया मौन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहीद स्मृति दिवस और महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर शहीदों को नमन किया गया। देश के लिए उनके दिए योगदान को याद किया और दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस बहुउद्देशीय भवन समेत जिले के सभी थानों, चौकियों और दमकल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

सोमवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जिला पुलिस और अग्निशमन विभाग में अधिकारियों व कर्मचारियों ने मौन धारण कर महात्मा गांधी व आजादी की लड़ाई में बलिदान देने वाले सभी शहीदों को मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नैनीताल रोड स्थित बहुउद्देशीय भवन में एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने पुलिस कर्मियों को राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने और समाज में सुरक्षित व शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित करने को लेकर प्रोत्साहित किया। इस दौरान एसपी सिटी हरबंस सिंह, सीओ लालकुआं संगीता, सीओ स्पेशल ऑपरेशन नितिन लोहनी, कोतवाल उमेश कुमार मलिक व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। वहीं दूसरी तरफ मंडी बाईपास स्थित अग्निशमन कार्यालय में सीएफओ गौरव किरार और एफएसओ गोपाल आगरी ने कार्यालय अग्निशमन कर्मियों व नव नियुक्त महिला कर्मियों के साथ महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर बढ़ने की शपथ ली।

स्वराज आश्रम में महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए

हल्द्वानी, अमृत विचार : कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को स्वराज आश्रम में कार्यक्रम किया। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। बाद में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जनवरी को सदभावना दिवस के रूप में मनाया। छिमवाल व महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट ने संयुक्त रूप से कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा का जो मार्ग दिखाया है, हम सभी को हमेशा चलना चाहिए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शहादत भी याद रखनी चाहिए, जिनकी बदौलत हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। इस दौरान हेमंत बगड़वाल, एनबी गुणवंत, नरेश अग्रवाल, शोभा बिष्ट, मधु सांगुड़ी, जया कर्नाटक, पार्षद राधा आर्य, प्रेमा बिष्ट, मोनिका सती, गोविंद बगड़वाल, कन्नू परगाई, विनोद कुमार, मनोज शर्मा, किरन माहरा आदि मौजूद रहे।

लालकुआं में सद्भावना यात्रा निकाली

लालकुआं, अमृत विचार : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर इंडिया गठबंधन ने शहीद स्मारक से सद्भावना यात्रा निकाली। तत्पश्चात लालकुआं के गांधी पार्क में एक गोष्ठी का आयोजन कर महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरेंद्र बोरा, कुंदन सिंह मेहता, भुवन पांडे , राजेंद्र सिंह खनवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिंदुखत्ता के अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, महामंत्री प्रदीप सिंह बथ्याल मौजूद रहे।

राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि सद्भावना दिवस के रूप में मनाई

भीमताल, अमृत विचार : जीपीएस बांसा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर छात्रों व शिक्षकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। गांधी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर शिक्षक दीपक नौगाईं 'अकेला' ने प्रकाश डाला। सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम कुल्याल, भोजन माता भगवती शर्मा मौजूद रहे। वहीं भीमताल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजगुरु चौराहा मल्लीताल भीमताल के समीप एकत्र होकर पुण्यतिथि को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी, निवर्तमान चेयरमैन देवेंद्र सिंह चनोतिया, युवा विधानसभा अध्यक्ष सूरज मेहरा, नगर महिला अध्यक्ष हेमा परगाई, निर्मला आर्य, वरिष्ठ कांग्रेसी विपिन सनवाल, खुशीराम आदि मौजूद थे।

कालाढूंगी में कांग्रेसियों ने किया भावपूर्ण स्मरण

कालाढूंगी : महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेता संतोष पांडे ने अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर ग्राम प्रधान मुकेश आर्य, गौरव भट्ट, गिरीश जोशी, ओम प्रकाश पांडे, दिनेश जोशी, गोविंद पांडे आदि मौजूद रहे।

कालाढूंगी में श्रद्धांजलि देते कांग्रेस नेता संतोष पांडे।

रामनगर में गांधी के मार्ग पर चलने का आह्वान किया

रामनगर, अमृत विचार : महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रामनगर कार्यालय में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूर्व विधायक रणजीत रावत ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को अंग्रेजों से आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल खुलासा ने किया। इस दौरान निवर्तमान चेयरमैन हाजी मोहम्मद अकरम, ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, ब्लॉक अध्यक्ष मालधन ओम प्रकाश, नवीन सनवाल, यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव राहुल नेगी, उमाकांत ध्यानी, रमेश पंडित, दीपक मसीह, बाली राम, भोपाल राम आदि मौजूद रहे।

झलकियां

रामनगर में गांधी जी के चित्रों को दिखातीं राइंका की छात्राएं। ● अमृत विचार

गांधी के चित्र बनाने में खुशी राज और रवि रहे अव्वल

रामनगर : राइंका ढेला में पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ याद किया गया। बच्चों ने गांधी जी का चित्र बनाया जिसमें खुशी शर्मा, राज फुलारा और रवि कार्की ने बाजी मारी। गांधी के जीवन और संघर्ष पर हुई चर्चा में लवली, सानिया अधिकारी, नीरज रावत ने बाजी मारी। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में मयंक मिश्रा, अतुल आर्या, तानिया अधिकारी ने स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 के छात्र संजय बिष्ट द्वारा मिट्टी से बनाई गई गांधी की मूर्ति को विशेष रूप से सराहा गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य श्री राम यादव, मनोज जोशी, नवेंदु मठपाल, सीपी खाती, हरीश आदि रहे।

बलिदान दिवस पर गांधी जी को दी श्रद्धांजलि

भीमताल : एसओएस जेएन कौल शिक्षण संस्थान, भीमताल के बीए, बीएससी एवं बीएड के विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसमें भाषण, कविताओं एवं नाटक आदि के माध्यम से बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. एस मुक्ता, कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. गीता आर्या ने छात्र-छात्राओं को गांधी जी के बलिदान और उनकी जीवन की घटनाओं से अवगत कराया। इस दौरान डॉ. मंजू नेगी, डॉ. गीता आर्या, पूजा आर्या, राजेन्द्र खाती, बीना नेगी, नेत्र प्रसाद गौतम, शीतल मौर्या आदि मौजूद रहे।

एसओएस जेएन कौल शिक्षण संस्थान में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते डॉ. प्रमोद गोल्डी व अन्य। ● अमृत विचार

सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी किए सम्मानित

रामनगर : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय के स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को प्राचार्य एमसी पांडे एवं मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद अग्रवाल 'गोल्डी' ने संयुक्त रूप से पुरस्कार दिए। परीक्षा प्रभारी डॉ. शरद भट्ट ने बताया कि कला संकाय में हिन्दी में शमा परवीन, मनोविज्ञान में अनम फातिमा, अर्थशास्त्र में पिंकी जोशी, अंग्रेजी में कु .मुस्कान जहां, समाजशास्त्र में मौहम्मद जावेद, भूगोल में उम्मे आफिया अंसारी, इतिहास में मोनिका गोला, राजनीति विज्ञान में बिक्रमदीप सिंह, हेमन्त नेगी, हिमांशु रावत, विज्ञान संकाय में जन्तु विज्ञान विषय में अंजलि रावत, वनस्पति विज्ञान में प्राची मठपाल, रसायन विज्ञान में दीक्षा मौलेखी, भौतिक विज्ञान में आरती आर्या, गणित में साधना सिद्दीकी तथा वाणिज्य संकाय में शिवानी रावत ने सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्राप्त किए। कार्यक्रम में चीफ प्रॉक्टर आरडी सिंह, डॉ. आरएस कन्नौजिया, एसएस मौर्य, अनुमिता अग्रवाल, जेएस नेगी मौजूद रहे।

अयोध्या में रामलला के दर्शन के बाद स्वयं सेवक। ● अमृत विचार

स्वयं सेवकों ने किए रामलला के दर्शन

रामनगर : उत्तराखंड प्रांत के स्वयंसेवकों के दल ने रामलला के दर्शन किए। बता दें कि बीते दिवस स्वयं सेवकों का दल विशेष आस्था स्पेशल ट्रेन से रवाना हुआ था। जिसे मुख्यमंत्री ने हरिद्वार से रवाना किया था। इसमें रामनगर से नौ स्वयंसेवक गए हैं। सभी ने आज श्री हनुमान गढ़ी, श्री रामलला के दर्शन के साथ साथ सरयू आरती एवं लेज़र शो का आनंद लिया। रामनगर से अजय अग्रवाल, कमल किशोर, देवकीनंदन, शलभ मित्तल, हर्षवर्धन सुंदरियाल, अनुज गोयल, हर्षित अग्रवाल, अभिषेक गुप्ता, ऋषभ गुप्ता यात्रा पर हैं।

सायंकालीन स्कूल के बच्चों को मिले गर्म कपड़े

रामनगर : राबाइंका कालाढूंगी की पूर्व प्रधानाचार्य प्रेमा बिष्ट ने ज्योतिबा फुले सायंकालीन स्कूल, पुछड़ी के बच्चों को 30 जोड़ी गर्म कपड़े दिए हैं। इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। रचनात्मक शिक्षक मंडल संयोजक नवेंदु मठपाल ने अतिथियों के समक्ष विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट रखी। बैंक अधिकारी राजीव बिष्ट ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी उनके परिवार द्वारा विद्यालय संचालन में आर्थिक सहयोग किया जाता रहेगा। इस दौरान ग्राम प्रधान मो. ताहिर, प्रेमा बिष्ट, राजीव बिष्ट, सुमित कुमार, शबनम, सुजल कुमार आदि मौजूद रहे।

चंपावत के खिलाड़ियों का दबदबा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी की ओर से आयोजित अनुसूचित जाति के ओपन बालक व बालिका का मंडल स्तरीय दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मंगलवार को चंपावत जिले के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। शॉटपुट, जैवलिन, डिस्कस थ्रो व दौड़ में चंपावत के खिलाड़ी हावी रहे।

शॉटपुट बालक वर्ग में पवलगढ़ के चंद्र सिंह, बालिका वर्ग में चंपावत की नीलम विश्वकर्मा प्रथम रही। जैवलिन बालक वर्ग में चंपावत के हिमांशु विश्वकर्मा व बालिका वर्ग में रामनगर की उमा आर्या प्रथम रही। डिस्कस थ्रो बालक वर्ग में कालाढुंगी के स्वामी आयुष, बालिका वर्ग में चंपावत की नीलम विश्वकर्मा प्रथम रही।

800 मी. दौड़ में बालक वर्ग में चंपावत के हिमेश कुमार, बालिका वर्ग में चंपावत की महक प्रथम रहीं। 400 मी. दौड़ में बालक वर्ग में यूएस नगर के अशु कुमार, बालिका वर्ग में चंपावत की महक प्रथम रहीं। 200 मी. दौड़ में बालक वर्ग में चंपावत के आदर्श कुमार, बालिका वर्ग में हल्द्वानी की संगीता प्रथम रहीं।

निर्णायक की भूमिका में महेश फर्तयाल, महेश बिष्ट, मुकेश शर्मा, हरीश राम, ममता बौरा आदि रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सहायक निदेशक खेल सुरेश चंद्र पांडे, सहायक निदेशक खेल रशिका सिद्दीकी, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, वरुण बेलवाल, किशोर पाल, नीता पोखरिया, पूनम मेहता, किरन मौर्या, किशन सिंह बौरा, कैलाश जोशी, गंगा जोशी, मधु आदि उपस्थित रहे।

गौलापार स्टेडियम में आठ सौ मीटर की रेस में प्रतिभाग करती बालिकाएं।

आज करा लें ई-केवाईसी वरना नहीं आएगी किस्त

हल्द्वानी, अमृत विचार: पीएम किसान सम्मान निधि योजना में आपने भी अब तक ई-केवाईसी नहीं कराई है तो आज जरूर करा लें वरना आपकी अगली किस्त अटक सकती है। ई-केवाईसी की आखिरी तिथि 31 जनवरी है।

किसानों को पीएम सम्मान निधि की बेसब्री से 16वीं किस्त का इंतजार है लेकिन जिले में 8192 लोगों ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराई है। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि किसान 31 जनवरी तक ई-केवाईसी करा सकते हैं, जिससे उनकी अगली किस्त प्रभावित नहीं होगी। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. विकेश यादव ने बताया कि योजना के लाभार्थी तत्काल ई-केवाईसी करा लें। इसके लिए सभी गांवों में वीएनओ नामित किए गए हैं, किसान उनसे संपर्क कर सकते हैं।

गौलापार में 5 घंटे बिजली गुल, लोग रहे परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: गौलापार में सोमवार की रात 5 घंटे बिजली गुल रहने से हजारों लोग परेशान रहे। सुबह जब बिजली आई तो लोगों ने राहत की सांस ली। गौलापार में सोमवार को 5 घंटे बिजली गुल रही। रात में करीब 2 बजे से बिजली चली गई, जो सुबह 7 बजे के बाद आई, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई। लोगों ने बताया कि सुबह-सुबह बिजली गायब रहने से उनके नियमित कार्य प्रभावित हुए।

विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात में रानीबाग- गौलापार की लाइन में हनुमान गढ़ी के पास तकनीकी खराबी आने व टीपी नगर- गौलापार की सप्लाई नहीं मिल पाने के कारण बिजली बाधित रही, जिसे बाद में दुरुस्त कर दिया गया। इधर, ग्रामीणों ने कहा कि गौलापार में 10 पंचायतों के अंतर्गत 60-65 गांव आते हैं व क्षेत्र में अक्सर शाम ढलते ही बिजली गुल हो जाती है।

ग्रामीण जगदीश चंद्र परगाई ने बताया कि सुबह करीब 5 बजे सोकर उठे तो बिजली नहीं थी, जिससे घर के नियमित कार्यों में देरी हुई। सुबह 7 बजे के बाद ही बिजली आई। यहां अक्सर शाम को बिजली गुल रहती है। वहीं किशोर चुफाल का कहना है कि कामधंधे की वजह से मैं सुबह घर से जल्दी चले जाता हूं लेकिन बिजली नहीं होने से मेरा काम प्रभावित हुआ।

> तकनीकी खराबी के कारण रात में बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिसे सुबह सही करा दिया गया।
> -प्रदीप कुमार, ईई, विद्युत विभाग

कार्यक्रम रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम, सांस्कृतिक संध्या में लोक गायक इंदर आर्य ने सुरीले गीतों से समा बांधा

शरदोत्सव में बिखरी कुमाउनी संस्कृति की छटा, थिरके लोग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : श्रीश्री 1008 बाबा हैड़ाखान शरदोत्सव समिति की ओर से आयोजित दो दिनी शरदोत्सव का मंगलवार को समापन हो गया। मंच पर लोक कलाकारों ने एक से बढ़कर रंगारंग प्रस्तुति दी, जिसे देख लोग मंत्रमुग्ध हो उठे।

कठघरिया चौराहे के पास चल रहे शरदोत्सव का दूसरे दिन मुख्य अतिथि विधायक सुमित हृदयेश और भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद तोलिया ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। सबसे पहले मंच पर स्थानीय कलाकारों ने कुमाउनी और गढ़वाली गीतों पर आकर्षक नृत्य पेश किए। इसके बाद सांस्कृतिक संध्या में लोक गायक इंदर आर्य ने सुरीले गीतों से समा बांधा। दर्शक गीतों पर ठुमके लगाते नजर आए। वहीं मंच पर पर्वतीय कला संगम दिल्ली के कलाकारों ने भी मनमोहक प्रस्तुति दीं। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने की। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महेश शर्मा, नीरज तिवारी, आयोजक धीरज जोशी, संजय सिंह बिष्ट, ललित जोशी, मनीष आर्य आदि मौजूद रहे।

कठघरिया में आयोजित शरदोत्सव में अपनी प्रस्तुति देते लोक गायक इंदर आर्य। ● अमृत विचार

शरदोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

बड़े बकाएदारों को थमाया नोटिस

बड़े बकाएदारों को चिह्नित करवाते उपखंड अधिकारी यादव। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: विद्युत उपखंड के उपखंड अधिकारी अंबिका यादव ने सोमवार को हल्दी घेरा पावर स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सहायक विद्युत अभियंता सहित विद्युत कर्मियों के साथ बैठक कर बिजली के बड़े बकाएदारों से बकाया बिलों की वसूली के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए शत प्रतिशत वसूली करने को कहा।

वहीं उन्होंने बड़े बकायादारों को नोटिस जारी करते हुए उनके कनेक्शन काटने के निर्देश दिए। बैठक में अवर अभियंता विनोद जोशी, लाइनमैन जोसफ गिल, गुलाब सिंह, गुरपाल सिंह, फ्रांसिस मसीह, ननकू, मनोज राणा, सुभाष राणा, अल्ताफ हुसैन आदि थे।

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस विभाग हुआ अलर्ट

गश्त, चीता ड्यूटी व बैरियर ड्यूटी पर सतर्कता बरतने के निर्देश

पुलिस लाइन सभागार में अधीनस्थों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने पुलिस लाइन सभागार में जनपद के सभी पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक और थानाध्यक्षों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी की। इस दौरान उन्होंने सभी अधीनस्थों को चुनावी मोड में आने के निर्देश दिये। वहीं एसएसपी ने जनवरी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 26 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को किया सम्मानित। साथ ही थाना झनकईया क्षेत्र में हुए ब्लाइंड डबल मर्डर का खुलासा करने पर पुलिस टीम को सम्मानित किया।

मंगलवार को आयोजित मासिक अपराध बैठक के दौरान एसएसपी ने आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए गश्त, पिकेट, चीता ड्यूटी व बैरियर ड्यूटी को अत्यधिक सतर्कता से करने के लिए निर्देश दिये। साथ ही कहा कि क्षेत्रों में अवैध शराब, अवैध हथियारों व नशा तस्करों व नशे के कारोबारियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करें। साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखें। लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने सभी अधीनस्थों को निर्देश देते हुए कहा कि संवेदनशील इलाकों में समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाया जाए। एसएसपी ने अधिकारियों व कर्मचारियों से उनकी निजी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एसपी सिटी मनोज कत्याल, काशीपुर एसपी अभय सिंह, सीओ चंद्रशेखर घोड़के सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

अयोध्या धाम में भाजपा नेता चुघ और अन्य रामभक्त। ● अमृत विचार

अयोध्या पहुंचे रामभक्तों ने किये रामलला के दर्शन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: विगत दिवस रुद्रपुर से गए राम भक्तों के जत्थे ने जय सियाराम के उद्घोष के साथ अयोध्या धाम पहुंचकर रामलला के दर्शन किए। विगत दिवस रोडवेज बस अड्डे के समीप से 82 राम भक्तों का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ था। जत्थे को विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सहमंत्री स्नेहपाल ने रवाना किया था।

मंगलवार को रामलला के दर्शन के बाद भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ रुद्रपुर के 82 रामभक्त समेत पूरे उत्तराखंड के लगभग 1500 राम भक्तों ने अयोध्या धाम पहुंचकर रामलला के भव्य और दिव्य मंदिर दर्शन किए। उन्होंने कहा कि यह

आस्था

▸▸ विगत दिवस रुद्रपुर से अयोध्या के लिए रवाना हुआ था दल

बहुत सौभाग्य का विषय है कि उन्होंने आज राम भक्तों के साथ प्रभु राम के दर्शन किए हैं। सैकड़ों सालों से राम भक्तों के मन में जो आशा थी कि अयोध्या धाम में रामलला का भव्य मंदिर बने वह आज पूरा हुआ है और करोड़ों हिंदुओं के सपना साकार हुआ है। इस अवसर पर कीर्ति निधि शर्मा, अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण पटवा, विवेक सक्सेना, मनीष अग्रवाल, राजेंद्र अरोड़ा बजरंगी, संजीव गोस्वामी, हरनाम चौधरी, मनीष कोश्यारी, रवि गुप्ता, राजीव वर्मा, अभिनव छाबड़ा, अंजुल त्यागी, धीरेंद्र भट्ट, बिट्टू शर्मा आदि राम भक्त मौजूद थे।

कार्यालय नगरपालिका परिषद, बाजपुर (ऊधमसिंह नगर)

पत्रांक - 710/निविदा सूचना/2023-24 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक - 30/01/2024

पालिका के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पालिका द्वारा राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित किये जाने हेतु दिनांक 15/02/2024 को अपरान्ह 2:00 बजे निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन उपस्थित निविदाताओं के समक्ष गठित कमेटी के समक्ष अपरान्ह 3.00 बजे खोले जायेगें। निविदा प्रपत्र दिनांक 14/02/2024 को कार्यालय समय तक क्रय किये जा सकते हैं। उक्त तिथियों को कार्यालय अवकाश होने पर अगली तिथि मानी जायेगी। एक या समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार पालिका प्रशासन को सुरक्षित होगा।

क्रम सं.	निर्माण कार्य का नाम	धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र मूल्य+GST 18% अतिरिक्त	कार्य अवधि
1	मजराप्रभु वार्ड नं.-01 में, लेवड़ा नदी के किनारे स्थित डम्पिंग यार्ड की बाउण्ड्री व लोहे का जाल निर्माण कार्य।	45200.00	2500+18%	3 माह
2	मजराप्रभु वार्ड नं.-01 में, हैप्पी सिंह के मकान से राजेन्द्र कुमार के मकान तक मिट्टी भरान व रिटेनिंग दीवार निर्माण कार्य।	6600.00	500+18%	3 माह

नोटः- निविदा के साथ 2 प्रतिशत धनराशि एन.एस.सी. / एफ.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी के नाम प्लेज्ड हो लगानी होगी तथा प्रत्येक निविदा के साथ रू0 100/- का स्टाम्प व रसीदी टिकिट (ठेकेदार के ह० सहित) लगानी होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बाजपुर
(ऊधमसिंह नगर)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, बाजपुर
(ऊधमसिंह नगर)

बिजली चोरी में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बाजपुर। बिजली चोरी की घटनाएं रोकने के लिए विद्युत विभाग की टीम ने क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान चार घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। आरोपियों के खिलाफ बिजली चोरी में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

बिजली चोरी की शिकायतों के चलते बिजली विभाग की टीम ने उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अनेक स्थानों पर बिजली संयोजन चेक किए गए। जिसमें मजरा प्रभु निवासी संजीव कुमार पुत्र रामकुमार व वार्ड नंबर-तीन निवासी राजवीर सिंह पुत्र प्रेम सिंह के यहां चोरी से बिजली का उपयोग होते पाया गया। इनके विरुद्ध कोतवाली बाजपुर में बिजली चोरी का मुकदमा करवाया गया है। टीम में उपखंड अधिकारी बाजपुर गिरीश चंद्र पांडेय, अवर अभियंता उत्तम कुमार, लाइनमेन मनोज कुमार, राजेंद्र चंद्र आदि शामिल थे।

स्नेह संवाद यात्रा का स्वागत

पहाड़गंज में कार्यक्रम के दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व अन्य।

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: उत्तराखंड अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन के नेतृत्व में चलाई जा रही स्नेह संवाद यात्रा का रुद्रपुर के पहाड़गंज क्षेत्र में पहुंची। यहां मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष परवेज खान ने कार्यकर्ताओं के साथ उनका स्वागत किया और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी दी।

मंगलवार को पहाड़गंज के खेड़ा नई बस्ती में कार्यक्रम के दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल वहाब कासमी और प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने अल्पसंख्यक समाज के लोगों को मोदी सरकार व धामी सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष परवेज खान ने कहा कि मोदी सरकार और धामी सरकार निरंतर अल्पसंख्यक समाज के लिए कार्य कर रही है। समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए स्नेह संवाद यात्रा के माध्यम से अल्पसंख्यक समाज के बीच पहुंचकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को भारतीय जनता पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की जरूरत है। क्योंकि भाजपा की सरकार बिना किसी भेदभाव के जनता के द्वारा जाकर जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनने जा रही है।

इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चे के मंडल अध्यक्ष एजाज आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष जहीर अंसारी, प्रदेश मंत्री अजीज खान, जिला मंत्री रफीक अंसारी , रियाज अहमद, बाबू अली, अकरम पठान, अयूब अंसारी, जियाउद्दीन कुरैशी, जाकिर हुसैन यशपाल, शाहरुख खान, आसिफ पाशा आदि लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना (नाम परिवर्तन)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम HANSHA (पुराना नाम) से बदलकर HANSA TIWARI (नया नाम) कर लिया है। भविष्य में मुझे HANSA TIWARI W/o NARESH CHANDRA TIWARI के नाम से जाना व पहचाना जाये। **VILL- देवरिया पो. ओ. किच्छा, ऊधमसिंह नगर**

सूचना (नाम परिवर्तन)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि मैंने अपनी पुत्री का नाम रिशिता से बदलकर रिशिता अग्रवाल कर लिया है। अतः भविष्य में मेरी पुत्री को रिशिता अग्रवाल D/o सिद्धार्थ गोयल के नाम से जाना पहचाना जाए। **वर्तमान पता- सर्राफा चौक, रामनगर, जिला - नैनीताल (उत्तराखंड)**

उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा)
जिला पंचायत परिसर, धारानौला, जनपद-अल्मोड़ा-263601
Tel.- 05962-234016, E-mail - alm.uredado@gmail.com

पत्रांक : 351/उरेडा/अल्मोड़ा-सो.पा.प्लान्ट-जि.यो./2023-24 दिनांक : 30 जनवरी, 2024

ई-निविदा सूचना
ई-निविदा सूचना संख्या - 02/UREDA/ALMORA/S P Plant-D.P/2023-24

1	कार्य का नाम	राजकीय इन्टर कॉलेज खनिया रानीखेत, ब्लॉक ताड़ीखेत, अल्मोड़ा में 03 किलोवाट क्षमता के ऑफग्रिड पी.वी. सोलर पावर प्लाण्ट की सर्वे डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना एवं कमीशनिंग तथा पाँच वर्षीय वारण्टी एवं रख-रखाव का कार्य।
2	कार्य की लागत (अनुमानित)	रू. 5.00 लाख
3	धरोहर धनराशि	रू. 0.10 लाख
4	निविदा प्रपत्र का मूल्य	रू. 1180.00 (GST सहित)
5	निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की दिनांक व समय	दि. 29-01-2024 प्रातः 10:00 बजे से
6	निविदा प्राप्ति की अन्तिम दिनांक व समय	दि. 12-02-2024 प्रातः 11:00 बजे तक
7	निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय	दि. 12-02-2024 सायं 02:00 बजे
8	निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी का नाम व पता	परियोजना अधिकारी, उरेडा, जिला पंचायत परिसर धारानौला, अल्मोड़ा

अधिक जानकारी कार्यालय/पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है।

परियोजना अधिकारी
उरेडा अल्मोड़ा

कार्यालय केन्द्रीय विद्यालय हल्द्वानी छावनी
Kendriya Vidyalaya Haldwani Cantt.
डाकघर-भोटिया पड़ाव, हल्द्वानी, जिला-नैनीताल, उत्तराखण्ड, पिन-263139
Post Office Bhotia Parao, Haldwani, Distt-Nainital, Uttarakhand, Pin-263139
दूरभाष : 05946-221680/05946-297830 वेबसाइट - https://haldwanicantt.kvs.ac.in ई-मेल - kvhaldwanicantt@gmail.com
सी.बी.एस.ई. विद्यालय कूट-84033, सी.बी.एस.ई. संबंधन संख्या : 3500020 CBSE School Code-84033, CBSE Affiliation Code - 3500020
के.वि. कूट - 1373 K.V. Code-1373 स्टेशन कूट- 214 Station Code-214

पत्रांक : फा.1373/2-24/के.वि. हल्द्वानी/2023-24/ दिनांक : 30-01-2024

संविदा आधार पर अध्यापकों की नियुक्ति हेतु चलित साक्षात्कार
(Walk in Interview for Contractual teachers on purely contractual basis)

केन्द्रीय विद्यालय, हल्द्वानी कैंट में सत्र 2024-2025 के लिए पूर्णतः अंशकालिक अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित शैक्षिक एवं गैर-शैक्षिक पदों पर नियुक्ति के लिए पैनल तैयार करने हेतु योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों के आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

पद एवं विषय	साक्षातकार की तिथि एवं समय
स्नातकोत्तर शिक्षक - हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, कम्प्यूटर साइंस, इतिहास एवं भूगोल प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक - हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान	15-02-2024 प्रातः 9:00 बजे से
विशेष शिक्षक, परामर्शदाता, कम्प्यूटर अनुदेशक, योग अध्यापक, कोच (वालीबाल, बास्केटबाल, टेबल टेनिस), नृत्य प्रशिक्षक, स्टाफ नर्स (केवल महिला)	16-02-2024 प्रातः 9:00 बजे से
प्राथमिक अध्यापक	17-02-2024 प्रातः 8:00 बजे से

आवेदन पत्र एवं विस्तृत विज्ञप्ति विद्यालय की वेबसाईट https://haldwanicantt.kvs.ac.in/ पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरकर वांछित मूल दस्तावेजों और उनकी एक-एक छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों और पूर्ण रूप से भरा गया आवेदन पत्र ई-मेल panelkvhaldwani21@gmail.com पर भी प्रेषित करें।
वेबसाईट पर एक गूगल फॉर्म का लिंक दिया हुआ है। सर्वप्रथम उसके माध्यम से स्वयं को पंजीकृत करें। साक्षात्कार वाले दिन पूर्ण रूप से भरा हुआ उक्त आवेदन-पत्र तथा दो पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ आवश्य लेकर आयें।
(नोट - PRT अभ्यर्थियों की संख्या तय मानकों से अधिक होने पर आवश्यकतानुसार साक्षात्कार के पूर्व दिनांक 17/02/2024 को ही स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की जा सकती है।, जिस हेतु अभ्यर्थी तैयार रहें।)

Kendriya Vidyalaya Haldwani Cantt. invites the application from eligible and willing candidates for making annual panel of the session 2024-25 for the following academic and non-academic posts on part time Contractual basis only.

Post and Subjects	Interview Date & Time
PGTS - Hindi, English, Maths, Physics, Chemistry, Biology, Economics, Commerce, History, Geography & Computer Science TGTs - Hindi, English, Maths, Sanskrit, Social Science, Science	15-02-2024 from 9:00 AM
Special Educator, Counselor, Computer Instructor, Yoga Instructor, Coach (Volleyball, Basketball, Table Tennis), Dance Instructor, Staff Nurse (Female only)	16-02-2024 from 9:00 AM
Primary Teachers	17-02-2024 from 8:00 AM

Application form and detailed advertisement is available on Vidyalaya's website https://haldwanicantt.kvs.ac.in/. Interested candidates may attend the interview with duly filled application form along with all required documents as on mentioned date & time and may also email their Application form completely filled in all respect on email ID panelkvhaldwani21@gmail.com.
A link to a Google Form is given on the website. First of all register yourself through it. On the day of interview, you must bring completely filled application form and two passport size photographs. (Note - In case of more number of applicants for the PRTs, a separate screening test may be conducted before the interview on 17.02.2024.)

Principal

पुस्तक महाकुंभ में आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: सरस्वती शिशु मंदिर रुद्रपुर में पुस्तक महाकुंभ को लेकर आयोजन समिति की एक बैठक आयोजित हुई। इसमें मेले में आने वाले प्रकाशकों के स्टॉल के अतिरिक्त होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं और नुक्कड़ नाटक को लेकर चर्चा की गई।

मंगलवार को प्रधानाचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज सुभाष चंद्र की अध्यक्षता में समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने बताया कि 3 और 4 फरवरी को जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में पहला रुद्रपुर पुस्तक महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। इसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आजकल समाज में भ्रमित युवा को जागरूक करने संबंधी विषयों पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में महाकुंभ का उद्देश्य समाज को पुस्तकों के प्रति रुचि उत्पन्न कर बुराइयों को दूर करना, समाज में मोबाइल, नशा आदि के प्रयोग के संबंध में सावधानियां आदि विषयों पर चर्चा हुई। इन सभी विषयों को पुस्तक महाकुंभ में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उठाया जाएगा।

भीमताल के सूर्याजाला में प्रशिक्षणार्थियोंके साथ अधिकारी। ● अमृत विचार

प्रशिक्षण में ग्रामीणों को खाद्य प्रसंस्करण की जानकारी दी

संवाददाता, रुद्रपुर/ पंतनगर

अमृत विचार: जीबी पंत विश्वविद्यालय के अधीन संचालित फार्मर फर्स्ट परियोजना के तहत सूर्यजाला गांव ब्लॉक भीमताल में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। यह परियोजना विगत कई वर्षों से डॉ.एसके कश्यप के नेतृत्व में चल रही है।

मंगलवार को निदेशक संचार ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वयं सहायता समूह द्वारा खाद्य प्रसंस्करण के लिए गांव की महिलाओं को सह परियोजना अधिकारी डॉ. किरण राना एवं डॉ. अनिल कुमार ने दिया। इस दौरान गांव की ग्राम प्रधान सुमन सूर्या सहित गांव की कई महिलाएं शामिल थीं। इसमें खाद्य प्रसंस्करण समूह का गठन किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान गांव में उत्पादित होने वाले मसालों अदरक, हल्दी, तेजपत्ता, मिर्च, कटहल, मशरूम आदि के खाद्य प्रसंस्करण के बारे में जानकारी दी गयी। वक्ताओं ने बताया कि परियोजना के तहत गांव में ही खाद्य प्रसंस्करण इकाई के माध्यम से खाद्य पदार्थों को स्थानीय बाजार में बेच कर महिला किसानों की आय बढ़ाने का उद्देश्य है। इस अवसर पर परियोजना में कार्यरत एसआरएफ डॉ. नेहा आर्या, प्रक्षेत्र सहायक श्वेता सिंह भी उपस्थित थे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रुद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

ग्राम चकरपुर में समागम आज

बाजपुर : ग्राम चकरपुर में अमृत प्रचार संगत के तत्वावधान में 31 जनवरी को प्रात: दस बजे से समागम होगा। जानकारी देते हुए मंजीत सिंह राजू ने बताया कि उनके निवास पर रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब का भोग के उपरान्त प्रात: 10 से दोपहर 12 बजे तक अमृत प्रचार संगत के जत्थेदार बाबा जगजीत सिंह कीर्तन द्वारा संगत को निहाल करेंगे। दोपहर साढे.12 बजे से गुरु का लंगर शुरू किया जायेगा।

स्मैक के साथ एक दबोचा

खटीमा। बाजार चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल ने इस्लामनगर के शेर खान चौक के पास गली में एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 2.81 ग्राम स्मैक और 16.28 ग्राम चरस बरामद की गई। उसने स्वयं को वार्ड संख्या 13 इस्लामनगर निवासी फहीम खान उर्फ फहीम लाला बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

महिला उपप्रधानाचार्य के साथ की मारपीट

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: एक निजी स्कूल की उप प्रधानाचार्य ने दो युवकों पर मारपीट व गाली गलौज का आरोप लगाया है। साथ ही युवकों पर कानूनी कार्यवाही करने पर धमकी देने का आरोप भी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

आवास विकास निवासी शिखा सिंह पत्नी अक्षय प्रताप सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप बताया कि 27 जनवरी की सुबह वह अपने पति के साथ मुरादाबाद रोड स्थित एक अस्पताल में दवाई लेने के लिए जा रहे थे। इस दौरान उनके पति अक्षय प्रताप सिंह ने घर से गाड़ी निकाली, तो उनके पीछे एक अन्य गाड़ी खड़ी की थी। जिसको लेकर उस कार में बैठे अंकित निवासी शुगर फैक्ट्री और कल्लू से गाड़ी आगे बढ़ाने के लिए बोला, तो वह मना करते हुए गाली गलौच करने लगे। आरोप है कि जिसका विरोध करने पर आरोपी युवकों ने कार से बाहर निकलकर धक्का दिया और मारपीट करने लगे। यह देख महिला के पति अपनी कार से बाहर आये, तो युवकों ने महिला पर तमंचा तान दिया। शोर शराबा सुनकर परिवार के अन्य सदस्य के साथ कॉलोनी के और लोग भी मौके पर आ गए। लोगों के जमा होने पर आरोपी युवक धमकी देते हुए वहां से भाग गए। पुलिस ने तहरीर के अनुसार आरोपी युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सड़क हादसों में तीन लोग घायल

बाजपुर। सड़क हादसों में एक बच्चा सहित तीन लोग घायल हो गए। उन्हें बाजपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने एक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मंगलवार को हरिपुरा हरसान निवासी कुलवीर सिंह (55) पुत्र स्व जयसिंह बाइक पर बच्चे को स्कूल से घर ला रहा था। तभी रिवरडेल स्कूल के पास पीछे से आ रही बस ने कुलवीर सिंह की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे कुलबीर सिंह व बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। एक कार चालक कुलवंत सिंह ने घायलों को बाजपुर जिला उप चिकित्सालय पहुंचाया। दूसरी घटना कोसी कांटा के समीप हुई। जिसमें सीताकालोनी निवासी अब्दुल कादिर (18) बाइक से जा रहा था। तभी बन्नाखेड़ा के समीप कार की चपेट में आ गया। जिससे वह घायल हो गया।

अग्रसेन नगर वासियों ने एनएचएआई के परियोजना निदेशक को सौंपा ज्ञापन

नाला और पुलिया निर्माण की मांग उठाई

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: अग्रसेन नगर में दूषित पानी जमा होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने एनएचएआई के परियोजना निदेशक विकास मित्तल से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान स्थानीय लोगों ने इस समस्या से निजात दिलाने के लिए जल्द नाले और पुलिया निर्माण की मांग उठाई।

मंगलवार को व्यापारी नेता संजय जुनेजा के नेतृत्व में अग्रसेन नगर लाइन नंबर एक निकट सनी डेल्स कॉलोनी किच्छा रोड के लोग एनएचएआई कार्यालय में पहुंचे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कहा कि छह वर्ष पूर्व एनएचएआई ने एनएच-74 के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण को लेकर नाला और पुलिया को तोड़ दिया था। इस कारण पानी की निकासी बंद हो गयी है और कई जगहों का पानी उनकी कॉलोनी में जमा हो रहा है। खासकर बारिश के मौसम स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनकी कॉलोनी के आसपास नाले का निर्माण हो चुका है, जबकि उनकी कॉलोनी के पास 100 फीट नाला निर्माण का कार्य बचा हुआ है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस नाले का निर्माण कराया जाए। ताकि लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिले और संक्रामक रोगों से भी बचाव हो सके। इस अवसर पर शिव शंकर, राजकुमार, बाल कश्यप, विजय मिगलानी, विक्रांत कंबोज, संतोष शर्मा, डॉ. पीके जैन, हरीश अरोरा समेत कई लोग मौजूद रहे।

एनएचएआई के पीडी को समस्या बताते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

काशीपुर पुलिस ने नकली दवा फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

दो आरोपी किए गए गिरफ्तार, दो फरार आरोपियों की तलाश शुरू, पुलिस ने नकली दवाओं के 70-70 बॉक्स किए बरामद

रुद्रपुर में मामले का खुलासा करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: काशीपुर पुलिस ने इलाके में संचालित नकली दवा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि फरार दो आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में नकली दवा बरामद कर किराए के मकान में संचालित फैक्ट्री को सीज कर दिया है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

मंगलवार को पुलिस कार्यालय में खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसपी सिटी काशीपुर अभय प्रताप सिंह और सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार ने कोतवाली पुलिस को बताया कि इलाके के सीता रामपुर ग्राम रंपुरा काशीपुर के रहने वाले मनीष रस्तोगी के मकान को कुछ बाहरी व्यक्तियों द्वारा किराए पर लेकर उसमें नकली दवा बनाने का धंधा कर रहे हैं। सूचना के आधार पर कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी विनोद जोशी, विपुल जोशी सहित पुलिस की एक टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी तो वहां अवैध रूप से संचालित फैक्ट्री के बाहर क्रेटा कार संख्या यूके-18 एक्यू-1881 के अंदर खाकी रंग के दो बॉक्स रखे हुए और कमरों से दवा की दुर्गंध आ रही है।

जिस पर पुलिस ने कमरे में दबिश देकर अरुण कुमार शामली रेलपार गली थाना आदर्श मंडी शामली यूपी हाल निवासी गंगनहर शिवालिक नगर रुड़की हरिद्वार और शिव पुरम कॉलोनी थाना गंग नहर रुड़की निवासी रविकांत को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पिछले लंबे समय से नामी गिरामी कंपनियों के रैपर के अंदर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाली नकली दवा बनाकर बाहरी राज्यों को सप्लाई करते हैं। इस नेटवर्क में अहम किरदार निभाने वाला अरुण उर्फ राजेंद्र चौधरी निवासी शिव पुरम गली पांच रुड़की और दीपक चौधरी हैं। जिनके माध्यम से नकली दवाओं की खेप को बाहरी राज्यों तक पहुंचाया जाता है। इस दौरान पुलिस ने मौके से अलग-अलग कंपनियों के नाम से बनी दवाओं के 70-70 बॉक्स बरामद कर कमरे को सीज कर दिया। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर फरार दोनों आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

तेलंगाना व हैदराबाद तक भेज चुके हैं दवा

फर्जीवाड़ा

- कोई रैपर बनाने तो कोई दवा खपाने में था माहिर
- 14 हजार नकली दवा बरामद, कोरियर से करते थे सप्लाई

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: इंसानी जिंदगी से खिलवाड़ कर रोग प्रतिरोधक क्षमता की नकली दवा बनाने वाला गैंग उत्तराखंड, यूपी नहीं, बल्कि तेलंगाना और हैदराबाद तक नकली दवा की सप्लाई कर चुके हैं। इसके अलावा नेटवर्क से जुड़े चारों आरोपियों का अपना-अपना किरदार तय था। कोई दवा के रैपर बनाने में निपुण था तो कोई नकली दवा को खपाने में माहिर था।

मंगलवार को मामले का खुलासे के दौरान एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि जब अरुण कुमार और रविकांत से पूछताछ की गई तो आरोपियों ने बताया कि पिछले कुछ साल पहले ही उन्होंने किराए पर मकान लेकर नकली दवा बनाने का धंधा शुरू किया था। उत्तराखंड के अलावा वर्ष 2017 से लेकर वर्ष 2023 तक वह उत्तराखंड, यूपी के अलावा तीन बार तेलंगाना व हैदराबाद तक नकली दवा की खेप पहुंचा चुके हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि उनके द्वारा बाहरी राज्यों में मौजूद एमआर नेटवर्क के माध्यम से वह दवाओं का ऑर्डर लेते थे।

इसमें तीसरे आरोपी अरुण उर्फ राजेंद्र और दीपक चौधरी अलग-अलग कंपनियों के रैपर व अर्धनिर्मित औषधियां टेबलेट व कैप्सूल मुहैया कराता था। इसमें दीपक चौधरी स्ट्रिप पैकिंग मशीन का बेहतर ऑपरेटर है। जिसकी मदद से नकली दवाओं की पैकिंग की जाती थी।

वहीं अरुण उर्फ राजेंद्र नकली पैक दवाइयों को कार्टूनों में पैक करने रोडवेज बस के माध्यम से या फिर कोरियर के जरिए बाहरी राज्यों को सप्लाई करते हैं। उन्होंने बताया कि बरामद दवाओं को पैक कर लखनऊ भेजने की तैयारी चल रही थी। मगर पुलिस ने दबिश देकर नकली दवा बनाने का भंडाफोड़ कर दिया।

नहीं थी स्वास्थ्य विभाग से कोई भी अनुमति

रुद्रपुर। जिस वक्त वरिष्ठ औषधि अधिकारी नीरज कुमार ने सीतारामपुर में संचालित नकली दवा की फैक्ट्री में दबिश मारी। उस वक्त अरुण और रविकांत ही मौके पर पाए गए। जब औषधि निरीक्षक ने आरोपियों से दवा बनाने संबंधी दस्तावेज या फिर स्वास्थ्य विभाग से अनुमति पत्र मांगा तो आरोपी गोलमोल जवाब देने लगे और किसी भी प्रकार की अनुमति पत्र या दस्तावेज नहीं दिखा पाए। इसके बाद जब टीम ने जांच की तो पाया कि बिना मानकों और मेडिकल जांच के दवा बनाकर पैकिंग हो रही थी।

दवा बनाने के उपकरण और हॉलमार्क बरामद

रुद्रपुर। दबिश के दौरान औषधि निरीक्षक एवं पुलिस ने मौके पर पड़ताल की और मौके से नकली दवाओं की खेप, प्रिंटेड फोईल, स्ट्रिप पैकिंग मशीन, स्टेबलाइजर चेंज पार्ट, कई कंपनियों के स्टीकर, कई कंपनियों के हॉलमार्क के अलावा दवा बनाने का केमिकल बरामद किया। जिसको पुलिस ने मौके पर ही सीज कर अवैध रूप से संचालित फैक्ट्री की वीडियोग्राफी कर सीलबंद की कार्रवाई को पूर्ण किया।

एएनटीएफ ने 1.542 किलो चरस के साथ तस्कर दबोचा

एएनटीएफ टीम की हिरासत में चरस तस्कर। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने नैनीताल के थाना मुक्तेश्वर से एक चरस सौदागर को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में चरस को बरामद किया है। टीम ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

एसटीएफ सीओ सुमित कुमार पांडेय और एएनटीएफ प्रभारी पावन स्वरूप ने बताया कि पिछले कुछ समय से एएनटीएफ को कुमाऊं में चरस तस्करी की आवाजाही होने की खबर मिली थी। जिसको लेकर एएनटीएफ की टीम लगातार मॉनिटरिंग कर रही थी। उन्होंने बताया कि सोमवार को मिली सूचना के आधार पर एएनटीएफ की टीम ने नैनीताल जनपद के थाना मुक्तेश्वर के ग्राम दुदली धारी निवासी प्रकाश चंद्र आर्या के आवास पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से 1.542 किलोग्राम चरस की खेप बरामद की है। उन्होंने बताया कि बरामद माल की कीमत आठ लाख रुपये के करीब है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पिछले लंबे समय से पर्वतीय इलाकों से चरस को एकत्रित कर नेटवर्क के माध्यम से तराई भावर सहित यूपी इलाकों में सप्लाई करता है। सीओ ने बताया कि पकड़ा गया सौदागर अंतरराज्यीय स्तर पर चरस की तस्करी करता है। टीम ने आरोपी को नैनीताल के थाना मुक्तेश्वर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

मुकदमा दर्ज

- नैनीताल के थाना मुक्तेश्वर से किया गिरफ्तार
- आठ लाख रुपये है कीमत, एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज

चोरी के सामान के साथ दो आरोपी व कबाड़ी को पकड़ा

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: कोतवाली अंतर्गत कंपनी से दो युवकों ने इलेक्ट्रॉनिक मोटर सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना के बाद कंपनी स्वामी ने खोजबीन करते हुए चोरी के दो आरोपी तथा चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को माल सहित पकड़ लिया।

कंपनी स्वामी ने अन्य लोगों की मदद से तीन आरोपियों को पकड़कर चोरी के माल सहित पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कंपनी स्वामी की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में मोनू कुमार पुत्र विनोद कुमार ने बताया रामेश्वरपुर इकबाल कॉलोनी में उसकी जय गुरु इंटरप्राइजेज के नाम से कंपनी है। आज सुबह जब वह कंपनी में पहुंचा तो ज्ञात हुआ कि चोरों ने कॉपर की रॉड तथा मशीन में लगी मोटर चोरी कर ली है। लालपुर पेट्रोल पंप के निकट दो संदिग्ध युवकों से कंपनी से चोरी की गई मोटर बरामद हो गई। पकड़े गए आरोपी ग्राम मेहराया लालपुर, किच्छा निवासी शकील अहमद एवं सलीम ने बताया कि उन्होंने चोरी की कॉपर रोड तीन हजार रुपए में शरीफ कबाड़ी को बेच दी है। कबाड़ी शरीफ की लालपुर स्थित दुकान पर चोरी का माल बरामद हो गया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दूषित पानी से निजात दिलाने की मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: संजय नगर वार्ड 11 में खुदीराम बोस नगर स्थित श्री श्री हरि गोविंद शिव सेवा आश्रम के समीप खाली मैदान में दूषित पानी की निकासी, नालियों की सफाई और मैदान में मिट्टी भरान की मांग को लेकर स्थानीय लोगों को मुख्य नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने जल्द दूषित पानी से निजात दिलाने की मांग की।

मंगलवार को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व कॉलोनी के लोगों ने नगर निगम पहुंचे और मुख्य नगर आयुक्त से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि श्री श्री हरि गोविंद शिव सेवा आश्रम के समीप खाली मैदान में दूषित पानी जमा होता है। पानी की निकासी नहीं होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ संक्रामक रोगों का भी खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि गंदू पानी से दुर्गंध आने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं मुख्य नगर आयुक्त ने लोगों की समस्या का संज्ञान लेते हुए जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। यहां रमेन विश्वास, शंकर विश्वास, गौतम जादूगर, प्रदीप बाली, महेंद्र हरि अधिकारी, शेखर राय, रणजीत सरकार, सोनू आलोक, कैलाश, विशाल देव, रोहन विश्वास, देव वाला, तुषार विश्वास, राजेश रहे।

एमएनए नरेश चंद्र दुर्गापाल को समस्या बताते पूर्व विधायक ठुकराल व स्थानीय लोग।

खटीमा में एसएसबी जवान की हार्टअटैक से मौत

खटीमा। 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के नारायण नगर चौकी पर तैनात वाहन चालक की हृदय गति रुकने से मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के के बाद एसएसबी के अधिकारियों को सौंप दिया। एसएसबी ने जवान के शव को उसके पैतृक गांव हरियाणा भिजवा दिया है। एसएसबी के नारायण नगर चौकी पर तैनात वाहन चालक रविंद्र सिंह (39) पुत्र विजेंद्र सिंह को रविवार रात्रि हार्टअटैक पड़ा तो उन्हें तत्काल नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराने के बाद शव एसएसबी के अधिकारियों को सौंप दिया। एसएसबी के द्वितीय कमान अधिकारी मेडिकल डॉ. बीबी सिंह ने बताया कि मृतक जवान हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के पोता गांव का रहने वाला था। जवान के शव को पोस्टमार्टम के बाद एसएसबी के नारायण नगर चौकी पर ले जाया गया। जहां जवान को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद शव पैतृक गांव हरियाणा के लिए रवाना किया गया।

रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.) से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

निविदा की शर्तें निम्न हैं

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 25 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.

संगोष्ठी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तराई रिसर्च एजुकेशन एंड डेवलपमेंट केंद्र के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

जनजातियों की सामाजिक स्थितियों पर किया मंथन

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तराई रिसर्च एजुकेशन एंड डेवलपमेंट केंद्र के तत्वावधान में मंगलवार को तराई की जनजातियों के सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक पहलुओं पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि डीएसबी परिसर कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में गृहविज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो. लता पांडे ने महाविद्यालय में स्थापित सी-ट्रेड केंद्र एवं तराई क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने के प्रयास की सराहना करते हुए जनजातियों के विकास के लिए और अधिक प्रयास करने पर बल दिया। मुख्य वक्ता डीएसबी परिसर कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने तराई की जनजातियों के सामाजिक राजनीतिक एवं आर्थिक विमर्शों को रेखांकित करते हुए जनजातीय परंपराओं एवं सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डाला। साथ ही तराई क्षेत्र में हो रहे शोध में गुणवत्तापरक सुधार लाने तथा शोध के बाद भी समाज से जुड़े रहने का आह्वान शोधार्थियों से किया। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कमल किशोर पांडे ने अतिथियों का आभार जताया। केंद्र संयोजक डॉ. बीके जोशी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इससे पहले सी-ट्रेड टीम के सदस्यों डॉ. बीके जोशी, डॉ. अतुल उप्रेती एवं डॉ. अतीश वर्मा ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. रीता सचान, डॉ.अनिल सैनी, डॉ. मनप्रीत सिंह, डॉ. दर्शना पतं, डॉ. जया कांडपाल आदि मौजूद रहे।

बाजपुर पीजी कालेज में अतिथियों का स्वागत करते प्राचार्य व शिक्षक। ● अमृत विचार

एक नजर

पुलिस ने दो शराब तस्कर दबोचे

काशीपुर। कुंडा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किये है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने गश्त के दौरान ग्राम किलावली में नहर किनारे वाले कच्चे रास्ते से बाईक से शराब की तस्करी करते ग्राम तुमडिया डाम निवासी स्वर्ण सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से 80 पाऊच करीब 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की। उधर, ग्राम गढ़ीनेगी में आर्दश नगर प्राथमिक विद्यालय के पास कच्ची शराब बेचते ग्राम गढ़ीनेगी निवासी ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 16 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने दोनों आरोपियों का आबकारी एक्ट में चालान किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक होशियार सिंह व आशीष रावत कांस्टेबल जोगिंदर सिंह व राजीव कुमार शामिल रहे।

वारंटी गिरफ्तार

काशीपुर। न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर एनवीडब्ल्यू के वांछित आरोपी ग्राम चाऊपुर थाना डिलारी जिला मुरादाबाद निवासी लेखराम को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

कच्ची शराब के साथ दबोचा

किच्छा। पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को कच्ची शराब के साथ दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने वार्ड नंबर 17, थाना पुलभट्टा निवासी अजय कुमार को कच्ची शराब की तस्करी करते पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कच्ची शराब के 44 पाउच बरामद कर कब्जे में ले लिए। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

बिजली पोल लगाने की मांग

सुल्तानपुर पट्टी। नगर के मोहल्ला टाण्डा बंजारा के लोगों ने समाजसेवी मोहम्मद रफी के नेतृत्व में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता को ज्ञापन भेजकर अवगत कराया है कि मोहल्ला टांडा बंजारा में पानी की टंकी के पास घरों के सामने दो सड़कें पक्की बनी हुई हैं। इन सड़कों पर बिजली पोल नहीं लगे हैं। जिससे नए बिजली कनेक्शन लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लम्बी तार होने से आए दिन बिजली की तार टूट जाती है। जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद रफी व मोहल्लावासियों ने सड़क में नये बिजली पोल लगवाने की मांग की है।

क्रिकेट: उधमसिंह नगर ए और नैनीताल बी की टीम ने जीते मैच

रुद्रप्रयाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उधमसिंह नगर ए की टीम को किया आमंत्रित, खराब मौसम की वजह से 35-35 ओवर का हुआ मैच

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में उधमसिंह नगर ए और नैनीताल बी की टीम ने मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया।

क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड के तत्वावधान में आयोजित अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा मैच उधमसिंह नगर ए और रुद्रप्रयाग के मध्य खेला गया। रुद्रप्रयाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उधमसिंह नगर ए की टीम को आमंत्रित किया। खराब मौसम की वजह से मैच 35-35 ओवर में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए उधमसिंह नगर ए की टीम ने 35 ओवर में 7 विकेट खोकर 309 रन का लक्ष्य हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुद्रप्रयाग की पूरी टीम 35 ओवर में 9 विकेट खोकर मात्र 198 रन ही बना सकी। उधमसिंह नगर ए की टीम ने 111 रनों से मैच जीतकर दो अंक हासिल किए। क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान चौथा मैच नैनीताल बी और उत्तरकाशी के मध्य खेला गया। नैनीताल की टीम ने 40 ओवर के मैच में 5 विकेट होकर 271 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तरकाशी की पूरी टीम 198 रनों पर ऑल आउट हो गई। नैनीताल की टीम 123 रनों से जीत गई और टीम ने दो अंक हासिल किए। मैच के दौरान अंपायर नमन ग्रेवाल और राजेंद्र कुमार, ऑनलाइन स्कोरिंग मोहम्मद नवाज द्वारा की गई। इससे पूर्व मुख्य अतिथि श्रीखर सिन्हा ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। आयोजक समिति ने बताया कि आगामी मैच उधमसिंह नगर ए एवं उत्तरकाशी के मध्य तथा नैनीताल बी व अल्मोड़ा की टीम के मध्य खेला जाएगा। मौके पर सुनील शर्मा, त्रिलोक सिंह जीना, गौरव तिवारी, आफताब आलम, इंद्र नीलकर, मोहम्मद इकरार, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

चंडीगढ़ में रजत पदक के साथ पायल। ● अमृत विचार

काशीपुर की पायल ने 20 किमी रेस वॉकिंग में जीता रजत पदक

काशीपुर। चंडीगढ़ में चल रही दो दिवसीय 11वीं नेशनल ओपन रेस वॉकिंग चैंपियनशिप में 20 किलोमीटर की रेस वॉकिंग में काशीपुर निवासी पायल ने रजत पदक जीता है। ग्राम खरमासा की रहने वाली पायल अब तक सात बार नेशनल पदक जीत चुकी हैं। उन्होंने वर्ष 2017 से लेकर 2023 तक साई काशीपुर के एथलेटिक कोच चंदन सिंह नेगी से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वर्तमान में वह नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बैंगलोर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उनकी इस उपलब्धि पर साईं के कोच सीएस नेगी समेत अन्य कोचों ने उन्हें बधाई दी है। इधर चेन्नई में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स के कुश्ती प्रतियोगिता में 80 किलो भार वर्ग (ग्रीको रोमन) में कुर्मांचल कॉलोनी निवासी आकर्ष मिश्रा ने पंजाब के पहलवान को मंजोत सिंह को हराकर कांस्य पदक जीता। उन्हें डॉ. एसपी देशवाल, राहुल शर्मा, अनुराग राठी, प्रदीप कुमार आदि ने बधाई दी।

दिनेशपुर के बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप के विजेता प्रतियोगी। ● अमृत विचार

बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में जूनियर महेश ने जीता गोल्ड मेडल

दिनेशपुर। बॉडीबिल्डिंग हेल्थ फिटनेस एसोसिएशन के तत्वावधान में रुद्रपुर में आयोजित प्रदेशस्तरीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में दिनेशपुर से तीन बालक व दो बालिकाओं ने प्रतिभाग कर चैंपियनशिप जीती। जूनियर बॉडीबिल्डिंग में महेश मेहरा ने गोल्ड जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मंगलवार को बी फिट जिम में आयोजित सम्मान समारोह में प्रशिक्षक सन्नी अरोरा ने बताया कि हरीश मेहरा ने जूनियर बॉडी बिल्डिंग में गोल्ड मेडल एवं ओपन नेचुरल बॉडी बिल्डिंग में द्वितीय व मैन्स फिजिकल में द्वितीय स्थान पर रहे। ओपन फीमेल बॉडी बिल्डिंग में सुषमा पाल प्रथम एवं शालिनी चौधरी द्वितीय स्थान पर रहीं। नेचुरल बॉडी बिल्डिंग में छोटू राजपूत तृतीय एवं मृत्युंजय सरकार ने चौथा स्थान प्राप्त किया। प्रशिक्षक सन्नी अरोरा ने कहा कि क्षेत्र में युवाओं में बढ़ रही नशे की लत से दूर करने के लिए युवाओं को जिम के माध्यम से प्रोत्साहित करने का कार्य कर रहे हैं। प्रतियोगियों की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अंकित मेहता, अनंत मिगलानी, प्रिंस सिंह, शुभम चक्रवर्ती, कैलाश सरकार, सूरज राय, प्रवीन नारंग, सागर सिंह थे।

साईं में एथलेटिक्स, बॉक्सिंग एवं भारोत्तोलन के लिए चयन 5 व 6 फरवरी को

काशीपुर। भारतीय खेल प्राधिकरण, प्रशिक्षण केंद्र काशीपुर में एथलेटिक्स, बॉक्सिंग एवं भारोत्तोलन आवासीय (केवल बालक) और गैर-आवासीय एथलेटिक्स में बालक, बालिका एवं भारोत्तोलन में (केवल बालक) 12 से 18 आयु वर्ग के अंतर्गत चयन प्रक्रिया 05-06 फरवरी, 2024 को प्रात: 8:00 बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम काशीपुर में होगी। केंद्र प्रभारी ने बताया कि इस चयन सभी राज्यों के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी उपरोक्त तिथि में अपने 4-पासपोर्ट साइज फोटो, जन्म तिथि प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं खेल प्रमाण पत्र (मूल दस्तावेज एवं उनकी फोटो कॉपी) के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करे। उक्त चयन प्रक्रिया सभी खिलाडियों के लिए नि:शुल्क है इसके अतिरिक्त किसी भी खिलाड़ी को किसी भी प्रकार का यात्रा एवं दैनिक भत्ता केंद्र की तरफ से देय नहीं होगा।

पालिका प्रशासन पर लगाया आरोप

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: नगरपालिका प्रशासन पर भ्रष्टाचार एवं परिवारवाद को बढ़ावा देने व इसकी निष्पक्ष जांच करवाने की मांग को लेकर भाजपा नेता विमल शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ एसडीएम दफ्तर पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को एसडीएम दफ्तर पहुंचे लोगों ने उपजिलाधिकारी की गैर मौजूदगी में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कार्यालय बाबू पवन कुमार को सौंपा। उनका कहना था कि नगरपालिका परिषद बाजपुर द्वारा भ्रष्टाचार एवं परिवारवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है जिसका मुद्दा सामाजिक कार्यकर्ता हिमाशुं नेगी ने उठा रखा है और हम उसका पूर्ण समर्थन करते हैं। साथ ही मुख्यमंत्री से यह अनुरोध करते हैं कि इसकी निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाए। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भ्रष्टाचार एवं परिवारवाद को खत्म नहीं किया जाता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में पालिका के अधिकारियों पर सरकार को बदनाम करने का आरोप भी लगाया गया है। इस मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान व भाजपा एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पप्पू कोहली, पूर्व बीडीसी सदस्य राजू वाल्मीकि, हिमांशु नेगी, शिवशंकर सैनी, अनिल गोस्वामी, रिंकू श्रीवास्तव, देवेंद्र राय, चरन सिंह, लल्ला आदि मौजूद थे।

बाजपुर एसडीएम कोर्ट में ज्ञापन सौंपते भाजपा नेता विमल शर्मा व समर्थक।

दहेज उत्पीड़न का आरोपी पति दोषमुक्त

काशीपुर। न्यायिक मजिस्ट्रेट/तृतीय एसीजे की अदालत ने दहेज की मांग को लेकर पत्नी के साथ मारपीट और उसे प्रताड़ित करने के आरोपी पति को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त करार दिया है।

तीन नंवबर, 2018 को एक महिला ने काशीपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि विवाह के बाद से ही पति अजय दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न करता था। 10 दिसंबर, 2017 को पति ने उस पर मिट्टी तेल छिड़क कर आग लगाने का प्रयास किया।

कोर्ट में बचाव पक्ष की ओर से पैरवी अधिवक्ता धर्मेंद्र तुली ने की। दोनों पक्षों की दलीलों और साक्ष्यों के बाद अदालत ने अजय को दोषमुक्त करार दिया।

ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में प्रदर्शनी

काशीपुर में ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में आर्ट प्रदर्शनी का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के फाइन आर्ट एवं एनिमेशन के विद्यार्थियों ने वार्षिक आर्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिसमें छात्रों द्वारा बनाये गये अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर का मॉडल, रेलवे इंजन समेत सैकड़ों की संख्या में चित्र और मॉडल रखे गये थे।

प्रदर्शनी का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे, विशिष्ट अतिथि विधायक त्रिलोक सिंह चीमा एवं निवर्तमान महापौर उषा चौधरी, हीरो शोरूम के प्रबंधक अर्पित मेहरोत्रा, सुशील शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इससे पूर्व सभी अतिथियों का कॉलेज अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा, सचिव शिवानी मेहरोत्रा एवं एकेडमिक डायरेक्टर मनोज मिश्रा ने स्वागत किया। आर्ट गैलरी में बच्चों ने कला के विभिन्न रंगों को उकेरा। जहां प्रकृति की सुंदरता, मनुष्य की सोच, अध्यात्म आदि विषयों पर कलाकारी दिखाई है। यहां प्रतिभा सिंह, सतीश कांडपाल, जीडी गोयनका, समर स्टडी, शिवालिक, विजन वैली, शेम्फोर्ड, मारिया, ग्रीन फील्ड समेत दर्जनों स्कूल के छात्र-छात्राएं रहे।

रेड टीम ने जीता क्रिकेट फाइनल

खेल-खिलाड़ी

▸▸ आईजीएल में वार्षिक क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड आईजीएल के आंतरिक कर्मचारियों का वार्षिक क्रिकेट लीग टूर्नामेंट रेड, ब्लू, ग्रीन, येलो और ब्लैक कुल पांच टीमों के बीच खेला गया। टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मैच में टीम रेड ने टॉस जीतकर पहले ब्लैक टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। जिसमें उन्होंने निर्धारित 20 ओवर में 117 रनों का लक्ष्य दिया। जिसको रेड टीम ने 17.2 ओवर में ही हासिल कर फाइनल मुकाबला 4 विकेट से जीत लिया।

मैच के बाद आईजीएल काशीपुर के अधिशासी निदेशक आलोक सिंघल ने प्लेयर ऑफ द मैच शिवम यादव, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट ललित राजपूत, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज शशांक सिलेरियो, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अभिषेक कुमार, सर्वश्रेष्ठ फील्डर पंकज शर्मा, इमर्जिंग प्लेयर सौरभ सिंह तथा विजेता व उपविजेता टीम समेत टूर्नामेंट को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सभी आधिकारिक व्यक्तियों को पुरस्कृत किया। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन प्रशासन विभाग के सहायक महाप्रबंधक विक्रांत चौधरी ने किया। वहां पर मुख्य मानव संसाधन अधिकारी राकेश कुमार, आईजीएल क्लैरिएंट हेड मंजूनाथ, प्रबंधक लाइजिनिंग आरसी उपाध्याय आदि रहे।

काशीपुर में आईजीएल में विजेता टीम के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

नगर निगम ने आठ हजार रुपये जुर्माना वसूला

काशीपुर। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अमरजीत साहनी द्वारा नगर निगम कर्मियों के साथ अभियान चलाते हुए पटेल नगर, गांधी आश्रम मार्केट स्थित नाले की सफाई को लेकर नाला गैंग का निरीक्षण किया। चैती चौराहे पर कूड़ा गंदगी, पॉलीथिन का उपयोग करने वाले प्रतिष्ठानों तथा उपभोत्ताओं के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की। जिसमें पांच चालान करते हुए छः रुपये का जुर्माना किया।

वहीं, सहायक नगर आयुक्त यशवीर सिंह राठी, तहसीलदार काशीपुर ने अतिक्रमण के खिलाफ मुख्य बाजार, रतन सिनेमा रोड, पोस्ट ऑफिस रोड पर संयुक्त अभियान चलाया। जिसमें दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किये जाने पर टीम ने अतिक्रमणकारियों के चार चालान कर दो हजार रुपये जुर्माना वसूला।

दिव्यांगजनों के अधिकार बताए

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए वातावरण निर्माण के लिए शिविर का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र काशीपुर में किया गया।

मंगलवार को कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ आरएस नेगी ने किया। प्रभारी ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर अनिल कुमार ने दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र ऊधम सिंह नगर के नोडल अधिकारी सतीश कुमार चौहान द्वारा बताया गया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा 18 वर्ष तक के बच्चों को 700 रुपए महीना पोषण भत्ते के रूप में दिया जाता है। साथ ही डीआरसी द्वारा दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण यूडीआईडी बनाने का कार्य किया जाता है। नारायणनगर स्वास्थ्य केंद्र से आए डॉ. कुलदीप ने दिव्यांग बच्चों को सावधानियों के बारे में उनके अभिभावकों को विस्तार पूर्वक समझाया। मीनाक्षी चौहान सदस्य राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड एवं मुख्य ट्रस्टी अनमोल फाउंडेशन द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के बारे में बताया गया। इस मौके पर सुरेश सिंह, देवेंद्र चौधरी, अनिल शर्मा, मनिंदर सिंह, आकांक्षा, मेघा, काव्या, कंचन, आशुतोष, जसप्रीत और दिव्यांग बच्चों व उनके अभिभावक आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में कार्यक्रम में जानकारी देते वक्ता। ● अमृत विचार

नाबालिग बहन का शारीरिक शोषण करने का आरोप

बाजपुर। नाबालिग बहन का शारीरिक शोषण करने के बाद उसे दूसरी जगह पर बेचने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पहुंचे परिजनों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला ने पुलिस को बताया कि नाबालिग बहन उसके घर पर आई थी, जो कि बरहैनी से गायब हो गई। खोजबीन करने पर पता चला कि वह बैलपड़ाव के एक गांव में है। परिजन बहन को लेने गए तो वहां एक परिवार के लोगों ने उसे खरीदकर लाने की बात कही। उसे बाद में बरहैनी चौकी पुलिस की मदद से बरामद किया गया और 25 जनवरी 2024 को उसे अपने घर ले आई। पूछने पर उसने बताया कि एक महिला व दो युवक उसे अपने साथ बैलपड़ाव ले गए। आरोप है कि एक युवक ने कई दिनों तक शारीरिक शोषण करने के पश्चात उसे किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। उसने भी उसका शारीरिक शोषण किया। महिला का कहना है कि वर्तमान में उसकी बहन गर्भवती है और तनाव में है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

आयोजन | संस्कार भारती पश्चिमी उत्तर-प्रदेश, उत्तराखंड के क्षेत्र प्रमुख देवेंद्र रावत ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी

बंगलुरु में अखिल भारतीय कलासाधक संगम कल से

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा बंगलुरू में अखिल भारतीय कलासाधक संगम-2024 का आयोजन एक से चार फरवरी के मध्य किया जा रहा है। इस बार कलासाधक संगम का विषय सामाजिक समरसता रखा गया है।

देवेंद्र सिंह रावत।

मंगलवार को संस्कार भारती पश्चिमी उत्तर-प्रदेश, उत्तराखंड के क्षेत्र प्रमुख देवेंद्र रावत ने श्रीकृष्णा पब्लिक स्कूल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि कर्नाटक में स्थित आर्ट ऑफ लिविंग के अंतरराष्ट्रीय केंद्र 'श्री श्री रविशंकर आश्रम' बेंगलुरु में प्रस्तावित चार दिवसीय कलासाधक संगम में देशभर के करीब दो हजार एवं उत्तराखंड प्रांत से 40 प्रतिनिधि व कला साधक शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि कलासाधक संगम भारतीय कला दृष्टि में विश्वास रखने वाले कलासाधकों का एक समागम है, जो प्रत्येक तीन वर्ष में देश के अलग-अलग स्थानों पर आयोजित होता है। इसमें विभिन्न कला विधाओं की मंचीय प्रस्तुतियां व बौद्धिक संवाद-विमर्श के कार्य होते हैं जिसके माध्यम से कार्यकर्ता, कलासाधक, कला रसिक व आमजन भारतीय कला दृष्टि के प्रति अपनी सोच विकसित करते हैं और साहित्य-कला-संस्कृति के माध्यम से मातृभूमि की आराधना में संलग्न होते हैं। इस बार के कलासाधक संगम में देश के सभी प्रांतों व अलग-अलग हिस्सों से पहुंचे रहे साहित्यकार व कलासाधक साहित्य और कला के माध्यम से समरसता विषय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न पहलुओं पर संदेश देंगे। अलग-अलग सत्रों में सेमिनार, मंचीय प्रस्तुतियों व प्रदर्शनियों की सहायता ली जाएगी। इसी क्रम में समरसता शोभायात्रा भी निकाली जाएगी और देश के सभी प्रांतों की शोभा यात्राओं के साथ सामाजिक समरसता विषय पर आधारित उत्तराखंड प्रांत की प्रसिद्ध मां नंदा देवी राजजात यात्रा को शोभायात्रा को सम्मिलित किया गया है। पेंटिंग, फोटोग्राफी, कैलीग्राफी व रंगोली (ऐपण) की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी जिसमें उत्तराखंड के ऐपण विधा के कला साधक भी अपनी कला का प्रत्यक्ष प्रदर्शन करेंगे। नार्थ ईस्ट के कलासाधक सामूहिक नृत्य प्रस्तुति देंगे। धार्मिक-सामाजिक आख्यान, नृत्य, गायन, वादन की भी प्रस्तुतियां भी होंगी। क्षेत्र प्रमुख देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि कलाओं के संरक्षण-संवर्धन के लिए विख्यात मैसूर राजवंश के राजा यदुवीर वाडियार, विजयनगर साम्राज्य के वंशज कृष्णदेवराय, प्रख्यात लोक कलाकार पद्मश्री मंजम्मा जोगती, वरिष्ठ तबला वादक रविंद्र यावगल व इतिहासकार डॉ. विक्रम संपत भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके अलावा का 3 व 4 फरवरी को सरसंघ चालक मोहन भागवत की भी उपस्थिति रहेगी। वह संस्कार भारती द्वारा दिए जाने वाले 'भरतमुनि कला सम्मान' समारोह में दृश्यकला एवं लोककला विधा के चयनित दो ख्यातिनाम कलासाधकों को सम्मानित करेंगे। जिसमें दृश्यकला विधा में मुंबई के चित्रकार विजय दशरथ आचरेकर व लोककला विधा में सिंधुदुर्ग के लोक कलाकार गणपत सखाराम मसगे को सम्मानित किया जाएगा।

वाहन स्वामियों ने जताया विधायक बिष्ट का आभार

शांतिपुरी। शांतिपुरी इमलीघाट उपखनिज वाहन यूनियन के नेतृत्व में मंगलवार को वाहन स्वामियों ने लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट द्वारा उपखनिज निकासी को 60 क्विंटल प्रति वाहन से बढ़ाकर 80 क्विंटल प्रति वाहन करने के फैसले का स्वागत किया है। इमलीघाट सरकारी उपखनिज गेट पर सभी वाहनों में 80 क्विंटल प्रति वाहन के हिसाब से उपखनिज निकासी हुई। जिस पर सैकड़ों वाहन स्वामियों ने विधायक मोहन सिंह बिष्ट का आभार जताया। यूनियन अध्यक्ष कविंदर सिंह कोरंगा ने कहा कि सरकार की डबल टैक्स व डबल बीमा पालिसी के साथ मात्र 60 क्विंटल की निकासी होने से वाहन स्वामी आहत थे। कहा कि विधायक बिष्ट के प्रयासों से 20 क्विंटल प्रति वाहन बढ़ोतरी होने से वाहन स्वामियों को बड़ी राहत मिली है। आभार जताने वालों में दीपक राणा, कुंदन सिंह कोरंगा, नरेन्द्र रौतेला, हेमंत बिष्ट, कैलाश रावत रहे।

बांसखेड़ा के मुख्य द्वार पर जारी रहा शहीद अंग्रेज सिंह स्मृति द्वार का निर्माण कार्य।

शहीद अंग्रेज सिंह स्मृति द्वार का निर्माण कार्य जोरों पर

बाजपुर। ग्राम पंचायत बांसखेड़ा के मुख्य द्वार पर शहीद अंग्रेज सिंह स्मृति द्वार का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिससे क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। वर्तमान समय में इस द्वार के ऊपरी हिस्से में लिंटर डालने का कार्य किया जा रहा है। मंगलवार को बांसखेड़ा की ग्राम प्रधान मीनाक्षी सूर्या ने बताया कि निर्माण कार्य के चलते अगले पांच दिनों के लिए बांसखेड़ा मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन लिए प्रतिबंध लगाया गया है और इन वाहनों की आवाजाही छितरी नारखेड़ा होते हुए बाजपुर शहर को हो सकेगी। बेरिया दौलत क्षेत्र के भरी वाहन मडैया हट्ठ से बाया बेरिया को निकलेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अनुरोध करते हुए कहा कि निर्माण कार्य के चलते इस मार्ग पर कोई भी भारी वाहन न निकाला जाए।

महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर महानगर कांग्रेस ने गांधी पार्क स्थित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया

महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

किच्छा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन करते कांग्रेसी।

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर महानगर कांग्रेस ने गांधी पार्क स्थित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

मंगलवार को महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा एवं पूर्व दर्जा मंत्री हरीश पनेरू के नेतृत्व में तमाम कांग्रेसी गांधी पार्क में एकत्र हुए और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये।

इस दौरान महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य अहिंसा के पुजारी थे। देश को आजाद कराने में सत्य अहिंसा का सहारा लिया। महात्मा गांधी ने भारत को ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा का संदेश देकर एक नई दिशा दी। देश की आजादी के लिए महात्मा गांधी के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। पूर्व दर्जा मंत्री हरीश पनेरू ने कहा कि महात्मा गांधी अहिंसा के पुजारी थे। आज जिस तरह से देश में माहौल बिगड़ता जा रहा है वह चिंताजनक है। आज देश को बांटने का काम किया जा रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि सब लोग देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए आगे आएं। इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारी अनिल भट्ट, सुनील आर्य, अनिल भट्ट, सतीश कुमार, बाबू विश्वकर्मा, आसिम पाश, राजकुमार, दिनेश भट्ट, किवास विश्वास, मनोज कुमार, उम्मेद सिंह, राम स्वरूप, सोमपाल, हीरा लाल समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महात्मा गांधी के चित्र पर अर्पित की पुष्पांजलि

किच्छा। राष्ट्रपिता स्वर्गीय महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेसियों ने उन्हें याद कर पुष्पांजलि अर्पित की। कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय में तमाम कांग्रेसियों ने स्वर्गीय महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने कहा कि 30 जनवरी 1948 को आज के ही दिन नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी की हत्या कर दी थी और इस दिन को हम लोग शहीद दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने भारत की जनता को अहिंसा का पाठ पढ़ाया और अंग्रेजों की बेड़ियों से भारत को मुक्त कराया था, उनके योगदान को देश की जनता हमेशा याद रखेगी। मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, ओमप्रकाश दुआ, सुनीता कश्यप, नितिन शर्मा, एन यू खान, धर्मेंद्र सिंधी, अकरम खान, दीप हंसपाल, ताहिर मलिक, ऋषभ गुप्ता आदि मौजूद रहे।

स्नेह संवाद यात्रा का लोगों ने किया स्वागत

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा निकाली जा रही स्नेह संवाद यात्रा का यहां अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

मंगलवार को स्नेह संवाद यात्रा का ग्राम महतोष पहुंचने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जुल्फ़िकार अली के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतेज़ार हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अल्पसंख्यक तरक्की की राह पर हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा 10 फरवरी को समाप्त होगी। अली ने कहा प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा लोगों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनका फायदा अल्पसंख्यक लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार सत्ता में लाना है। इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जुल्फिकार अली, उपाध्यक्ष उत्तराखंड प्रभारी मुफ़्ती वहाब क़ासमी, प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा, उपाध्यक्ष परवेज़ ख़ान,ज़हीर, अनीस मियाँ ज़ाकिर लाला, रिज़वान, आबिद इरफ़ान, लुकमान, याकूब, बिप्लाव जी, कृष्णा जी,गोविंद हरिदास सहित ग्रामवासी मौजूद रहें।

स्नेह संवाद यात्रा को संबोधित करते भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन।

काशीपुर व रुद्रपुर सीट के लिए मतदान 5 को

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: उधम सिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की प्रबंध कमेटी सदस्य के चुनाव में आज किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। नाम वापसी के बाद काशीपुर और रुद्रपुर सीट पर दो दो प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला होगा। जबकि सात सीटों पर सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचित चुना जाना तय है।

दुग्ध डेयरी में चल रही चुनाव प्रक्रिया के सोमवार को नाम वापसी होनी थी लेकिन निर्धारित समय तक किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापिस नहीं लिया। जिसके बाद मुख्य चुनाव अधिकारी एसबी पांडे ने वैध नामांकन पत्रों की सूची जारी की। जिसके तहत काशीपुर सीट पर नवनीत कुमार और हरपाल सिंह तथा रुद्रपुर सीट पर शेर सिंह और इंदर सिंह के बीच मुकाबला होगा। वहीं खटीमा सामान्य सीट से संगीता ज्याला, गदरपुर सामान्य से चंद्रशेखर, चकरपुर महिला सीट से भागीरथी, झनकट अनुसूचित जाति/जनजाति सीट से सुनीता राणा, नानकमत्ता महिला सीट से नीमा देवी, बाजपुर सामान्य सीट से नीलम कोरंगा और सितारगंज सामान्य सीट से प्रभा रावत प्रत्याशी घोषित हुए। सात सीटों पर 1-1 प्रत्याशी होने के कारण उनका इन सीटों पर निर्विरोध चुना जाना तय है। मुख्य चुनाव अधिकारी पांडे ने बताया कि काशीपुर सामान्य और रुद्रपुर सामान्य सीट के लिए मतदान पांच फरवरी को होगा।

खटीमा जीआईसी में एनएसएस शिविर के शुभारंभ पर उपस्थित शिक्षक व विद्यार्थी।

जीआईसी में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

खटीमा। अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा, प्रधानाचार्य आरके कटियार और एनसीसी ऑफिसर नरेंद्र सिंह रौतेला ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में जिला समन्वयक बसेड़ा ने कहा कि एनएसएस से युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि जन जागरण अभियान समाज को नई दिशा देने का काम करता है। एनसीसी अधिकारी नरेंद्र रौतेला ने कहा कि एक श्रेष्ठ स्वयं सेवक के लिए अनुशासन में रहकर कार्य करना होता है जो उसके पूरे जीवन में परिवर्तन ला सकता है। प्रधानाचार्य आरके कटियार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम अधिकारी रामजी वर्मा ने सात दिवसीय शिविर में स्वयं सेवकों के क्रियाकलापों को विस्तार से बताया। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर संतोष कुमार, हरपाल सिंह, प्रमोद सिंह राणा आदि मौजूद थे।

सर्राफा एसो. के संजय बने अध्यक्ष, कपिल महामंत्री

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: सर्राफा एसोसिएशन की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। संजय रस्तोगी को अध्यक्ष और कपिल रस्तोगी को महामंत्री चुना गया। वहीं कार्यकारिणी के पांच संरक्षक भी चुने गए।

मुख्य चौक के निकट एक निजी प्रतिष्ठान परिसर में सर्राफा एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्राफा व्यापारियों की समस्याओं पर मंथन हुआ और बाद में सर्वसम्मति से पूर्व कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी के गठन का निर्णय लिया गया। जिसके बाद सर्वसम्मति से मुकेश वर्मा, सुशील रस्तोगी, सुधीर कुमार वर्मा, प्रमोद रस्तोगी और जगजीवन वर्मा को संरक्षक मंडल में रखा गया। वहीं संजय रस्तोगी को अध्यक्ष, प्रेम कुमार वर्मा, राजपाल रस्तोगी, पंकज वर्मा और झनकट व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू वर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया। कपिल रस्तोगी को महामंत्री चुना गया। जबकि सुरेंद्र शाह, आकाश रस्तोगी, अनमोल वर्मा और विजेंद्र रस्तोगी को सचिव चुना गया। बैठक में अमरदीप रस्तोगी को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में अनुराग वर्मा, अजीत पवार, मुकेश कुक्कू, सोनू रस्तोगी, आयुष राज, अंकित रस्तोगी, पवन वर्मा, नंदकिशोर वर्मा, शशांक वर्मा रहे।

सार-संक्षेप

विकास भवन में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

सरकारी विभागों में शहीदों को किया याद

रुद्रपुर। स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में जनपद के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में पूर्वाह्न 11 बजे दो मिनट का मौन रखा गया और निर्धारित समय पर विभिन्न क्षेत्रों में सामान्य कार्य एवम गतिविधियां रोक दी गई। मंगलवार को विकास भवन सभागार में सामूहिक मौन में प्रभारी जिलाधिकारी विशाल मिश्रा, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं जिला कार्यालय में अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, ओसी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृता सिंह सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए।

कुष्ठ आश्रम में कंबल व अन्य सामग्री वितरित करते सीएमओ। ● अमृत विचार

कुष्ठ रोगियों के परिजनों को बांटे कंबल व दवाएं

रुद्रपुर : सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा की ओर से ऊधमसिंह नगर जनपद में चलाए जा रहे स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान की शुरूआत की है। यह अभियान 13 फरवरी तक चलाया जाएगा। इसके तहत मंगलवार को जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ.डीपी सिंह एवं मुख्यालय पर कार्यरत कर्मचारियों ने मानव कुष्ठ आश्रम रुद्रपुर में निवास कर रहे पूर्व रोगियों एवं उनके परिजनों को कंबल, स्टील स्टिक, बैसाखियां, जनरल औषधियां, गार्ज, बैंडेज, कॉटन रोल, बेटाडिन, पट्टी आदि औषधियां वितरित की गई। इस अवसर पर जिला कुष्ठ सलाहकार डॉ.रविंद्र पाल सिंह, स्वास्थ्य शिक्षक एलआर भट्ट, एमएमएस भैरव दत्त पांडे आदि उपस्थित रहे।

हज यात्रा के लिए राज्य से 1152 यात्रियों का चयन

सितारगंज। मक्का मदीना में हज के मुबारक सफर के लिए इस बार राज्य से 1152 हज यात्रियों का चयन हुआ है। प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित 11 आवेदकों को हज यात्रा पर भेजने के लिए राज्य हज समिति के अध्यक्ष पूरा प्रयास कर रहे हैं। राज्य हज अधिकारी मोहम्मद अहसान ने बताया कि 29 जनवरी 2024 को वर्ष 2024 के लिए भारत सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय की तरफ से यात्रियों का चयन किया गया। राज्य से हज यात्रा के लिए 1163 आवेदकों ने आवेदन किया था। जिसमें से 1152 हज यात्रियों का यात्रा के लिए चयन कर लिया गया है। शेष 11 हज यात्रियों के आवेदन प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित किए गए हैं। जिन हज आवेदकों का चयन हो गया है, उनको मैसेज के जरिए सूचना दी जाएगी। राज्य हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद ने बताया कि प्रतीक्षा सूची के 11 यात्रियों को हज यात्रा पर भेजने की पूरी कोशिश की जाएगी। राज्य से कोई भी आवेदक हज यात्रा से वंचित नहीं रहेगा।

बैंक की बड़ौदा की ओर से मिले बैग के साथ स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

बॉब मैनेजर ने स्कूली बच्चों को बांटे कॉपी-पेंसिल व बैग

सुल्तानपुर पट्टी। राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर द्वितीय में बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य प्रबन्धक धीरज कुकरेजा एवं सुल्तानपुर पट्टी बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर अंकित कुमार द्वारा 100 बच्चों को बैग, कॉपियां, पेन्सिल बॉक्स एवं पानी की बोतलें वितरित की गईं। बच्चों ने बैंक से आए स्टाफ द्वारा पूछे गये सामान्य ज्ञान संबंधी प्रश्नों के उत्तर दिए। जिसकी बैंक स्टाफ द्वारा सराहना की गई तथा बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य प्रबन्धक धीरज कुकरेजा ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चे कल का भविष्य हैं और इनके भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में बैंक की ओर से एक छोटी सी पहल की गई है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राजेन्द्र सक्सेना ने बैंक स्टाफ का धन्यवाद किया। प्रधानाध्यापक राजेन्द्र सक्सेना ने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा सुल्तानपुर पट्टी द्वारा समय-समय पर विद्यालय के बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु सामग्री वितरित की जाती है। यहां बैंक ऑफ बड़ौदा से ऋषभ कुमार एवं विद्यालय स्टाफ रचना वर्मा, भरत रावत, शिवानी अग्रवाल एवं गौरी रहे।

ग्राम मजरा हसन में जरूरतमंदों को कंबल बांटते कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह।

150 जरूरतमंद लोगों को बांटे कंबल

गदरपुर। कड़ाके की ठंड को देखते हुए ग्राम प्रधान द्वारा जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे। इस दौरान करीब 150 लोगों को कंबल का वितरण किया गया। मंगलवार को ग्राम पंचायत झगड़पुरी के जनजाति ग्राम मजरा हसन में कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह ने जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे। इस दौरान 150 परिवारों को कंबलों का वितरण किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि कड़ाके की ठंड में ग्राम प्रधान हसीन जहां ने कंबलों का वितरण कर अच्छी मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि लोगों को इस तरह के कार्यक्रम करने चाहिए जिससे गरीबों की जरूरत पूरी हो सके। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शराफत अली मंसूरी ने कहा कि सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों को गर्म कंबल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस मौके कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शराफत अली मंसूरी, कमला देवी, फूलवती, विमला देवी, पुलिया देवी, किशोरी देवी, रामवती देवी, पूर्व प्रधान मानसिंह, राम अवतार, शेर सिंह, फूल सिंह, शिव सिंह, लक्ष्मण सिंह, अजय पाल, तुला सिंह, शाहिद अली रहे।

भूमि मामले में दोषियों पर दर्ज हो मुकदमा

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि को लेकर जारी आंदोलन में उस समय नया मोड़ आ गया जब सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर ने कोतवाली में तहरीर देकर उपरोक्त जमीन का बैनामा व दाखिल खारिज करने वाले अधिकारियों तथा भूमि बेचने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

बाजपुर कोतवाली में तैनात रहे सेवानिवृत्त निरीक्षक एनबी भट्ट ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि उनके पिता ईश्वरीदत्त पुत्र ख्यालीराम भट्ट निवासी ग्राम दूल्हेपुरी तहसील रामनगर जिला नैनीताल द्वारा खातेदार/भू-स्वामी राजेंद्र कौर पत्नी सतेंद्रपाल सिंह निवासी ग्राम भौना इस्लामनगर तहसील बाजपुर, वर्तमान निवासी चंदीगढ़ वालों से कुल रकबा 1.4930 हेक्टेयर कृषि भूमि बजरिये पंजीकृत बैनामा क्रमांक-1225 दिनांक 18 मार्च 2005 को क्रय की गई थी। क्रय की गई संपत्ति का नामांतरण/दाखिल खारिज न्यायालय नायब तहसीलदार बाजपुर के राजस्व वाद संख्या 30/160 (04-05) 20 मई 2005 को उनके पिता के नाम पर विधिवत रूप से राजस्व भू-अभिलेखों में दर्ज किया है। 27 नवंबर 2005 को पिता ईश्वरीदत्त पुत्र ख्यालीराम भट्ट की मृत्यु हो गई थी जिसके चलते बतौर हकीकी वारिसान मृतक ईश्वरीदत्त भटट् के स्थान पर उनके पुत्रगण रमेश चंद्र भट्ट, नंदाबल्लभ भट्ट, बालादत्त भट्ट एवं तारादत्त भट्ट पुत्रगण स्व.ईश्वरीदत्त भट्ट एवं रेवती भट्ट पत्नी स्व.ईश्वरीदत्त भट्ट के नाम बतौर विरासतन राजस्व भू-अभिलेखों में राजस्व विभाग द्वारा विधिवत रूप से दर्ज किया गया है। बैनामा के समय यह भूमि वर्ग 1(क) संक्रमणीय भूमिधर काश्त की आराजी राजस्व भू-अभिलेखों के अनुसार दर्ज थी, जोकि हर तरह से पाक व साफ थी। इस पर कानूनी रूप से असल खातेदार अभिलेखों एवं मौके के अनुसार काबिज काश्त थे, जिनके द्वारा पूर्ण प्रतिफल प्राप्त करके उनके पिता ईश्वरीदत्त भट्ट के पक्ष में बैनामा निष्पादित किया गया था। जिसमें पिता ने नियमानुसार 82,200 रुपये का निर्धारित स्टांप शुल्क एवं 5020 रुपये का निर्धारित पंजीयन शुल्क उत्तराखंड राज्य सरकार को अदा किया था। फरवरी 2020 को तत्कालीन जिलाधिकारी नीरज खैरवाल बाजपुर के 12 गांवों की कृषि भूमि को लीज संपत्ति घोषित कर खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने संबंधी आदेश जारी कर दिया। तत्कालीन जिलाधिकारी के इस आदेश से परिवार खुद को ठगा महसूस कर रहा है। राजस्व विभाग ने संपत्ति को वर्ग 1(क) संक्रमणीय अधिकार वाली श्रेणी की भूमि में दर्ज कर आपराधिक कृत्य किया है जिसके लिए तत्समय तहसील बाजपुर में नियुक्त लेखपाल, कानूनगो, सुपरवाइजर कानूनगो, नायब तहसीलदार, एसडीएम, एडीएम, डीएम के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर न्याय दिलाने की मांग की है।

सौंपी तहरीर

- **रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर ने तत्कालीन अधिकारियों के खिलाफ सौंपी तहरीर**

कार्यक्रम | बाजपुर में शहीद-ए आजम भगत सिंह पौत्र विश्वजीत सिंह सहित कई स्वतंत्रता सेनानी व फौजी परिवारों किया गया सम्मानित

एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों पर झूमे लोग

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: वन स्टेप सोशल वेलफेयर सोसायटी बाजपुर की ओर से आयोजित एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में का शुभारंभ मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। आमंत्रित कलाकारों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों से मौजूद दर्शकों के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत कर दिया।

मंगलवार सायं सात बजे श्रीरामलीला परिसर में आयोजित एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष आर्य कहा कि अंतिम सांस तक भारत के लिए लड़ने वाले हर जवान को मेरा नमन है। उनका बलिदान सभी को देश पर मरमिटने के लिए प्रेरित करता है। इन वीर अमर शहीदों की बदौलत ही हम आज आजादी की सांस ले पा रहे हैं। किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो ने कहा कि आज हम उत्तराखंड की देवभूमि में यदि खड़े हैं तो उसमें भी जहां पं.गोविंद बल्लभ पंत जैसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का योगदान है तो वहीं सीमाओं की रक्षा करने वाले फौजी भाई भी हमारे सरपरस्त हैं। देवभूमि में रहते हुए हमें गर्व है कि यहां शहीद-ए आजम भगत सिंह के वंशज रहते हैं। जिन्होंने देश में इंकलाब लाकर हमें आजादी दिलाई थी। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष वार्ड नंबर-तीन के सभासद कार्यक्रम संयोजक महेश कुमार आशु द्वारा शहीद-ए आजम भगत सिंह पौत्र विश्वजीत सिंह सहित अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व फौजी परिवारों व सामाजिक दायित्व का निर्वहन करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

वहीं एशिया सिंगिंग सुपर स्टार फाइनलिस्ट (जी-टीवी फैम) वैशाली विजय ने लता मंगेशकर के ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानीगीत गाकर सभी को भावविभोर कर दिया। रुद्रपुर के अमन सांवरिया व रवि, अभिषेक, अनीस सैफी आदि ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां देकर शहीदों को नमन किया। देर रात तक चले सुरों के सफर में कलाकारों ने है प्रीत जहां की रीत सदा..., कर चले हम फिदा जानो तन... आदि गीतों की प्रस्तुति से दर्शकों को बांधे रखा। अमित शर्मा डांस ग्रुप के कलाकारों ने भी बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों को मुख्य अतिथि की ओर से सम्मानित किया गया। आयोजक मंडल के सदस्यों ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के साथ ही अन्य अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। महेश कुमार आशु ने सभी का आभार जताया। संचालन डीके जोशी ने किया। यहां कांग्रेस नगर अध्यक्ष सत्यवान गर्ग, श्रीनिवास गर्ग, संजय मित्तल, जगजीत सिंह, बल्देव सिंह सिहाली, सतीश गोयल, अनिल कौशिक, दिनेश चंद्र शर्मा, कदीर अहमद, अमर रंधावा, हरसरत वैद्य, जोन विक्टर, जोगेश चंद्र शर्मा, हरिओम शर्मा, केके गुप्ता, ज्ञान चंद, हामिद हुसैन, फुरकान रजा, कैप्टन वीरेंद्र सिंह, जुबैर अली, सूबेदार बुद्धिबल्लभ पांडे, नरेश पांडे, नारायण सिंह, देवेंद्र सिंह, कर्नल निर्मलजीत सिंह, भूपेंद्र कौर, बबली जोशी, कुंवरपाल, सर्वेश आदि रहे।

बाजपुर में शहीद भगत सिंह के पौत्र विश्वजीत सिंह को सम्मानित करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व संस्था के पदाधिकारी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रवृत्तवाक् विचित्रकथ ऊहवान् प्रतिभानवान्।
आशु ग्रन्थस्य वक्ता च य : स पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति बोलने की कला में निपुण हो जिसकी वाणी लोगों को आकर्षित करे, जो किसी भी ग्रंथ की मूल बातों को शीघ्र ग्रहण करके बता सकता हो, जो तर्क-वितर्क में निपुण हो, वही ज्ञानी है।

संपादकीय

प्रतिस्पर्धी वैश्विक राजनीति

भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता तेज हो गई है और सत्ता व रसूख के लिए संघर्ष नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। चीन का एक मात्र लक्ष्य एक एशियाई ताकत के रूप में अपने रुतबे को और अधिक बढ़ाना, हिंद महासागर के विशाल संसाधनों तक अपनी पहुंच बनाना, भारत की घेराबंदी करना, संचार की महत्वपूर्ण समुद्री लाइनों को सुरक्षित करना और विशेष रूप से शिनजियांग और तिब्बत जैसे अपने अस्थिर क्षेत्रों में आर्थिक विकास की शुरुआत करना है। जबकि भारत वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से 'वैश्विक दक्षिण' का नेतृत्व करने और विश्व राजनीति में प्रमुख हितधारक बनने के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की महत्वाकांक्षा रखता है। पड़ोस में जटिलताओं से उसके प्रयासों में बाधा आ रही है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय व्यवस्था में रणनीतिक वर्चस्व के लिए भारत और चीन होड़ करते रहे हैं और सीमा विवादों में उलझे रहते हैं। हालांकि, अपने तमाम मतभेदों के बावजूद दोनों देशों ने अतीत में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सहयोग भी किया है। वास्तव में वैश्विक राजनीति एक प्रतिस्पर्धी खेल है। ऐसे में विदेश मंत्री एस. जयशंकर का यह कहना महत्वपूर्ण है कि चीन भारत के पड़ोसी देशों को प्रभावित करेगा और भारत को ऐसी 'प्रतिस्पर्धी राजनीति' से नहीं डरना चाहिए। एक प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के नाते, चीन संसाधनों का इस्तेमाल करके चीजों को अपने तरीके से आकार देने की कोशिश करेगा।

भारत ने अतीत में वैश्विक उथल-पुथल का सामना अच्छी तरह से किया है। फिर भी दक्षिण एशिया में राजनीतिक रूप से भारत विरोधी शासनों का उदय चिंता की बात है। भारत और मालदीव के बीच तनावपूर्ण संबंध हैं। विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि हर देश के पड़ोस में समस्याएं हैं। हमारा काम अनुमान लगाना, आकलन करना और प्रतिक्रिया देना है। अंत में पड़ोसियों के एक-दूसरे के साथ संबंध रहते हैं। राजनीति और कूटनीति को परिभाषित करते हुए जयशंकर ने अहम बात कही कि राजनीति में तीखे रुख अपनाए जाते हैं और कूटनीति हमेशा उन तीखे रुख से नहीं चलती। आखिरकार, पड़ोसियों को एक-दूसरे की जरूरत होती है। इतिहास और भूगोल बहुत शक्तिशाली ताकतें हैं। इससे कोई बच नहीं सकता। इन हालात में आगे बढ़ने के लिए भारत को आर्थिक कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए और सकारात्मक संबंधों के लिए अपने 'सॉफ्ट पावर' का उपयोग करना चाहिए। विकसित हो रहे दक्षिण एशियाई परिदृश्य में एक स्थिरताकारी शक्ति बनने के लिए रणनीतिक संचार, क्षेत्रीय मंचों में सक्रिय भागीदारी और दीर्घकालिक दृष्टिकोण भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

बदल रही है भारतीय खेती

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारतीय कृषि देश की लगभग 58 प्रतिशत जनसंख्या के लिए आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है। वर्तमान में हमारे देश में 196 मिलियन टन फल एवं सब्जी तथा 305 मिलियन टन खाद्यान्न, 36 मिलियन टन दाल, 34 मिलियन टन तिलहन तथा 27 मिलियन टन शक्कर का उत्पादन किया जा रहा है।

भारतीय खेती के पिछड़ेपन का मुख्य कारण भूमि सुधार संस्थागत सुधार और तकनीकी सुधारों में पिछड़ापन तो रहा ही,साथ में कभी उसको एक व्यवसाय के रूप में न देखकर मात्र आजीविका के रूप में देखने की सोच भी रही है। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान कृषि का मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य के आर्थिक हितों की पूर्ति करना था। हालांकि स्वतंत्रता पश्चात भारत ने कई कृषि सुधारों को लागू किया है। पचास और साठ के दशक के सुधार कृषि उत्पादकता और आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर केंद्रित थी। हरित क्रांति का उद्देश्य उच्च उपज वाली फसल किस्मों,आधुनिक कृषि तकनीकों और सिंचाई सुविधाओं की शुरूआत के माध्यम से कृषि उत्पादकता को बढ़ाना था। यह भारत को खाद्य अल्पता की स्थिति से आत्मनिर्भर राष्ट्र में बदलने में सफल रहा। सरकार ने भूमि हदबंदी कानूनों के माध्यम से भूमि के पुनर्वितरण के प्रयास किए जिसका उद्देश्य सामंती भूमि स्वामित्व प्रणाली को तोड़ना था। हालांकि उद्देश्य अच्छा था,परंतु कार्यान्वयन खराब होने के कारण विभिन्न राज्यों में इसका प्रभाव अलग-अलग रहा। 1990 के दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण और बढ़त निजीकरण के चलते कृषि नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। निर्यात बाधाएं हटी और किसानों को नकदी फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इससे जहां नए अवसर खुले,वहीं छोटे किसानों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता का भी सामना करना पड़ा। प्रौद्योगिकी में प्रगति से कृषि में नए रास्ते आए।

भारतीय कृषि देश की लगभग 58 प्रतिशत जनसंख्या के लिए आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है। वर्तमान में हमारे देश में 196 मिलियन टन फल एवं सब्जी तथा 305 मिलियन टन खाद्यान्न, 36 मिलियन टन दाल, 34 मिलियन टन तिलहन तथा 27 मिलियन टन शक्कर का उत्पादन किया जा रहा है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 18 प्रतिशत योगदान देती है। संस्थागत सुधारों के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा पिछले एक दशक में उठाए गए कदम महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का लक्ष्य वर्ष 2024 तक 100 मिलियन हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई प्रदान करना है। नई नहरों एवं बांधों का

खेती के बदलते चेहरे में एक महत्वपूर्ण जैविक (आर्गेनिक) खेती को मिल रहा बढ़ावा भी है। अत्यधिक फसल उत्पादन की होड़ में अंधाधुंध रासायनिक खाद तथा पेस्टिसाइड के प्रयोग तथा सिंचाई प्रबंधन खराब होने के कारण देश की अधिकांश मिट्टी तथा पानी की स्थिति खराब हो गई है।

निर्माण,मौजूदा नहरों और बांधों का नवीनीकरण और आधुनिकीकरण,सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा भूजल पुनर्भरण किसानों का क्षमता निर्माण, इसके प्रमुख लक्ष्य हैं। मार्च 2023 तक इस योजना के अंतर्गत लगभग 30 मिलियन हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित की गई थी। परंपरागत कृषि विकास योजना किसानों को पारंपरिक कृषि के लिए प्रशिक्षण,इनपुट और सुनिश्चित खरीद गारंटी प्रदान करती है। स्वाभाविक रूप सुधारों से कृषि उपज में वृद्धि हुई है और उसके मार्केटिंग की समस्या भी किसानों के समक्ष आती है। सरकार भले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों की उपज खरीदती है,परंतु यह सिर्फ कुछ गिने-चुने फसलों के लिए है। कृषि उपज के विपणन, प्रसंस्करण,पैकेजिंग,ग्रेडिंग और निर्यात पर ध्यान न देने के कारण कृषि उपज बिक्री और निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। विश्व के कुल कृषि उपज निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 2.4 प्रतिशत ही है। सरकार ने फसल विविधीकरण पर जोर दिया,ताकि किसान गेहूं-धान-गन्ना जैसी चुनिंदा फसलों की खेती से आगे बढ़कर बागवानी,मछली पालन,दुग्ध उत्पादन जैसी आयपरक गतिविधियों में संलग्न हों। कृषकों को उनकी उपज का उचित एवं प्रतिस्पर्धी मूल्य दिलाने के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) की शुरुआत की गई है। इससे किसान बिना किसी बिचौलियों के अपनी उपज बेच रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) द्वारा संचालित ई-नाम किसानों को देशभर के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए एकल मंच प्रदान करता है। इससे किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर और प्रतिस्पर्धी मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलती है और मूल्य में उतार-चढ़ाव के जोखिम को कम करने में भी सहायता मिलती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी रिसर्च के अनुसार ई-नाम के माध्यम से अपनी उपज बेचने वाले किसानों को पारंपरिक मंडियों की तुलना में औसतन 10 प्रतिशत अधिक मूल्य प्राप्त हुआ है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार ई-नाम से कृषि वस्तुओं की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत अस्थिरता कम हो गई है। छोटे किसानों को बाजार व्यवस्था से जोड़ने के लिए सरकार 22 हजार ग्रामीण हाटों के बुनियादी ढांचे में सुधार कर उन्हें आधुनिक बना रही है।

उक्त सुधारात्मक प्रयासों के अतिरिक्त किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) और किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी) का गठन छोटे और सीमांत किसानों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। देश में छोटे और सीमांत किसानों की संख्या लगभग 12 करोड़ से अधिक हैं। यह कुल किसानों का लगभग 86 प्रतिशत हैं। इनकी कृषि जोत का औसत आकार 1.10 हेक्टेयर से कम है। इन किसानों को उत्पादन से जुड़े कार्यों और बाजार तक पहुंचने में अत्यधिक कठिनाई होती है। एफपीओ द्वारा अपने सदस्य किसानो से फल-फूल, सब्जी, मछली आदि से संबंधित उपजों को खरीदकर सीधे कंपनियों को बेचा जाता है। सरकार ने वर्ष 2024 के अंत तक दस हजार एफपीओ बनाने का लक्ष्य रखा है जिससे लगभग 30 लाख किसान लाभान्वित होंगे। नाबार्ड के अनुसार वर्ष 2020-22 के मध्य एफपीओ से जुड़े किसानों की कृषि उत्पादकता में 31.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एफपीओ के माध्यम से पिछले तीन-चार वर्षों में वाराणसी कृषि उपज के निर्यात का एक हब बनकर उभरा है। वर्ष 2022 में वाराणसी एयरपोर्ट से 541 मीट्रिक टन कृषि उपज का निर्यात किया था,जो गतवर्ष बढ़कर 655 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लगभग 20 हजार किसान 50 एफपीओ से जुड़कर अपनी फसलों का निर्यात कर रहे है। स्पष्ट है सरकार बिचौलियों को हटाकर सीधे किसानों को निर्यातक बना रही है। राजस्थान के झुंझुनू जिले के लांबी अहीर गांव में एक एफपीओ ने अपने 300 सदस्यों के साथ 800 कुंतल सरसों की कटाई और बिक्री की है। यहां की महिला सरपंच नीरू यादव द्वारा संचालित एफपीओ ने 50 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया है। किसानों का संगठन अब 5 करोड़ रुपए के निवेश के साथ एक कृषि-प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिए तैयार है। इतना ही नहीं लैंगिक समानता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इस एफपीओ ने 150 महिला किसानों को उनके पुरुष समकक्षों के साथ इक्विटी धारकों के रूप में शामिल किया है। बिहार के बख्तियारपुर, एकंगरसराय, बाढ़ और हरनौत के लगभग 3273 किसानों ने एफपीओ के माध्यम से अपने सब्जियों को सीधे दिल्ली,नोएडा जैसे बड़े शहरों में बेचना शुरू कर दिया है। राजगढ़ (मध्य प्रदेश) के एफपीओ और एफपीसी के छोटे-छोटे किसान अब बड़ी-बड़ी कंपनियों से आंखों में आंखें डालकर अपनी फसलों का सौदा तय करते हैं। यह आत्मविश्वास उन्होंने एफपीओ की सामूहिक शक्ति से पाया है।

खेती के बदलते चेहरे में एक महत्वपूर्ण जैविक (आर्गेनिक) खेती को मिल रहा बढ़ावा भी है। अत्यधिक फसल उत्पादन की होड़ में अंधाधुंध रासायनिक खाद तथा पेस्टिसाइड के प्रयोग तथा सिंचाई प्रबंधन खराब होने के कारण देश की अधिकांश मिट्टी तथा पानी की स्थिति खराब हो गई है। देश के 700 जिलों में से लगभग 256 जिलों में अत्यधिक भूजल दोहन के चलते भूजल स्तर बहुत नीचे जा चुका है। जैविक खेती को बढ़ावा देने के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने के लिए स्वायल हेल्थ कार्ड योजना,परंपरागत कृषि विकास योजना, नेशनल हॉर्टिकल्चर मिशन,राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन आदि योजनाएं चलाई जा रही है। इन सब प्रयासों से भारत में जैविक उत्पादों का बाजार प्रति वर्ष 25 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। अभी यह बाजार लगभग 1.20 लाख मिलियन रुपये का है। आज भारत में कुल 4.43 मिलियन हेक्टर में जैविक खेती की जा रही है, जो वैसे तो कुल कृषि क्षेत्रफल का दो प्रतिशत ही है,परंतु विश्व में इसका पांचवा स्थान है। जाहिर है भारतीय खेती अब तेजी से बदल रही है। खेती किसानी के सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए सरकार और खुद किसान दृढ़ संकल्पित हैं।

व्यंग्य

लात और हैसियत

किसी को लतिया देना,हमारी महान सभ्यता की गौरवशाली परंपरा है। आमतौर पर या तो हम किसी को लतियाते है या खुद लतियाये जाते हैं। यही भारतीय जीवन पद्धति है। हम हमेशा चाहते हैं कि जिसने कभी भूतकाल में हमसे ये सद्व्यवहार किया हो,मौका मिलते ही उसका कर्जा सूद समेत लौटा सकें। जब भी ऐसा कर पाते हैं हम,हल्के हो जाते हैं, खुशी मिलती है और लगता है कि धरती पर अभी न्याय बचा हुआ है। हालांकि पेट पर भी लात मारी ही जाती है,पर इस बाबत लोग कुछ ज्यादा ही बुरा मान जाते हैं। ऐसे मे इस काम के लिए पिछवाड़ा ज्यादा मुफीद जगह है। यदि आप किसी को लतियाना तय कर ही चुके हैं तो फिर सामने वाले के लात मारते वक्त किसी भी तरह का लिहाज करना ठीक नहीं। किसी को लतियाना,फिर उसे चींचीं करके हुए देखना परमानंद है।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

वैसै किसी को लतिया देने के लिए हमारे पास कोई वाजिब कारण हो ही ये कतई जरूरी नहीं है। ये तो मन की मौज भर भी हो सकती है। पेट भरा है हमारा,करने को कुछ खास है नहीं, सामने कोई लाचार दिख गया है तो यह कार्य केवल मजे मजे के लिए भी किया जा सकता है। लतियाया गया आदमी यदि कमजोर है तो वो ऐसे व्यवहार से चौंकता नहीं। या तो उसे इसकी आदत होती है या वह आपसे ऐसा ही कुछ किए जाने की उम्मीद लेकर आया होता है। ऐसे लोगों को लतियाना कोई खास मजेदार नहीं होता। बहुत बार ऐसा करने के बाद उस पर दया करने की,उसे पुचकारने की इच्छा भी हो सकती है आपकी,जो कि घाटे का सौदा होती है। शातिर लोग तो खुद ही ऐसा माहौल बना देते हैं कि आप उन्हें लात मारे बिना रह न सके और बाद में वे पांव पकड़ कर अपनी बात मनवा लें।

हालांकि लतियाते वक्त ज्यादा सोचा विचारा नहीं जाता। फिर भी यदि सामने वाला बंदा आपसे हर लिहाज से कमजोर हो और निकट भविष्य मे भी उसके कमजोर ही बने रहने की उम्मीद हो तो ठीक रहता है। होता ये है कि जिस आदमी को लतिया दिए जाने की आदत नहीं होती वो शुरू-शुरू में इसका थोड़ा बहुत बुरा मान जाता है। उसका बुरा मानना जरूरी भी है ,वरना लतिया देने का सारा मजा ही किरकिरा हो सकता है। कमजोर को लतिया लीजिए पर नंगों से दूर रहिए। इसलिए क्यों नंगों से खुदा भी डरता है। नंगों का कोई भरोसा नहीं। खोने को कुछ होता नहीं उसके पास ऐसे में वो निडर हो जाता है,उससे उलझने में उल्टे बांस बरेली वाली नौबत आ सकती है। किसी को अकेले में लतियाना भी मजा कम कर देता है। जंगल में मोर नाचेगा तो कौन देखेगा? यह काम चार लोगों से सामने कीजिए। आपकी शोहरत में चार चांद लगेंगे इससे और देखने वाले बिना आपकी लात खाए आपको बड़ा और काम का आदमी मान लेंगे। यदि आप एक साथ पच्चीसों को लतिया सकते है तो यकीनन आपकी इज्जत तो बढ़नी ही है। इससे आपका लतियाना सामने वाले को भी शोहरत बख्श सकता है।

एक फायदा और है इससे। ऐसा करके आप अपनी औकात का भी अंदाजा लगा सकते हैं। लात और हैसियत का सीधा संबंध है। हमारे देश में हैसियत वाला ही लात मार सकता है और लात चलाने की हिम्मत रखने वाले के हैसियतदार हो जाने की पूरी गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। आपके लात मारने के बाद सामने वाला यदि आपकी कॉलर न पकड़े,आपके प्रति और अधिक आदर भाव से भर उठे तो इसका मतलब यही है कि आप हैसियत वाले हैं और जैसा कि आपको पता ही है हमारे यहां हैसियत वाले आदमी को ही इज्जतदार कहा जाता है। हालांकि ऐसा कम ही होता है,पर बहुत से कमजोर ऐसे ही खब्ती होते हैं,जो अपनी इज्जत की चिंता करते हैं। उन्हें लगता है कि उनके पास वही है जिसे बचाना जरूरी है। ऐसे में वो भी अपनी लातों का इस्तेमाल कर सकता है। जब भी ऐसा हो तो किसी को कानों कान खबर न होने दें। इसे अपने तक रखिए। सामने वाले से हाथ मिला लें और उस दिन का इंतजार करें जब वो बिल्कुल गाफिल हो और आप उसे दोबारा,पिछली बार से भी ज्यादा करारी लात मार सकें।

एक सवाल जो पूछा ही जाना चाहिए कि यदि किसी को लतिया देने का ख्याल आता कहां से है? आमतौर पर ये आता है कि भरी जेब से,जेब की गर्मी सीधे दिमाग पर असर करती है और ऐसे हर शख्स का मन अपनी लात इस्तेमाल करने के लिए कुलबुलाने लगता है। भरी जेब होने के बाद भी जो आदमी अपनी लात को काबू में रखे हमारे यहां तो लोग उसको रसूखदार मानने के लिए ही राजी नहीं होते। यदि आप ऐसा नहीं करते तो अब करके देखिए। अच्छा लगता है।

लोक संस्कृति का आधार है बोली

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बालक मां का दूध पीते-पीते दुलार में कहे गए शब्दों को सुनता है और मां के भावों से परिचित होते-होते शब्दार्थ को सीख जाता है।

लोक संस्कृति सामान्य जन की संस्कृति है। सामान्य जन का जीवन बोली में ही व्यतीत होता है। इसलिए लोक संस्कृति अनिवार्य रूप से बोली में होती है। बालक को बोली के रस से पहला परिचय मां के द्वारा होता है। पहला बोल मां का होता है। अमृत एक मीठी कल्पना है,लेकिन मां का बोल वास्तविक है और वह इस कल्पना से अधिक मीठा है। बालक का पहला संस्कार "भाषिक संस्कार" होता है और यह संस्कार मां की लोरी से होता है "हलराबै दुलराइ मल्हाबै जोई सोई कछु गावै।" अपने बालक में मां अपने को भूल जाती है। अपने को भूलना ही तो आत्मप्रतीति है और रस का प्रतिपादन करते हुए आचार्य अभिनव कहते हैं यह आत्मप्रतीति ही रस है। मां बालक में खो जाती है और बालक मां के रूप में अपने को पा जाता है। यह बोली की रस प्रक्रिया है।

बालक मां का दूध पीते-पीते दुलार में कहे गए शब्दों को सुनता है और मां के भावों से परिचित होते-होते शब्दार्थ को सीख जाता है। फिर उसी बोली में दादी और नानी उसे कहानी सुनाती हैं, उसी बोली में जीजी पहेली पूछती है,उसी बोली में काकी गीत गाती है और मौसी कहनावत कहती है-ग्वाल-बाल सखा-मंडली उसी बोली में आंख-मिचौनी खेलती है। छठी से लेकर विवाह तक के संस्कार बोली के मांगलिक गीतों के संग होते हैं। देवी-देवताओं को बोली में मनाया जाता है,पति-पत्नी का प्यार बोली में ही छलकता है। प्यारी बोली में रूठ जाती है तो प्रियतम बोली में ही मनुहार करता है। इस परस्परता के भाव में बोली का रस अंतर्निहित है। बोली परिवार और समुदाय की जिंदगी के साथ जल से लहर की तरह जुड़ी होती है। हर सुख-दुख में बोली उसके साथ रहती है। वह प्रगाढ़ आत्मीयभाव कोई दुराव नहीं,कोई छिपाव नहीं,कोई औपचारिकता नहीं,अकृत्रिम सहज भाव हृदय की मुक्तावस्था आचार्य शुक्ल कहते हैं- इसी का नाम रसदशा है। हम कहीं परदेश में हों और वहां हमें किसी से अपनी बोली सुनने को मिल जाए तो जान-पहचान के अभाव में भी एक आत्मीय भाव जगता है,क्योंकि बोली अपने मूल रूप में समष्टि चित्त पर परिवेश का प्रतिबिंब है। बोली नैसर्गिक दाय है। बोली से विच्छिन्न होने का मतलब है, अपनी जड़ों से कट जाना।

शतकोटिजन के परिवेश में असंख्य भिन्नताएं हैं- कहीं पहाड़ है तो कहीं समुद्र है,कहीं जंगल हैं तो कहीं गांव है,कहीं झोपड़ी है तो कहीं बहुमंजिले महल हैं। सामाजिक,आर्थिक,शैक्षिक और सांस्कृतिक परिवेश की भिन्नताओं के कारण शतकोटिजन का संवाद विविधताओं का संवाद है। इस संवाद के अनेक स्तर हैं। इस संवाद की असंख्य शैलियां हैं और इस संवाद के विभिन्न रूप हैं। इसी कारण बोलियों में विविधता है। यह विविधता नैसर्गिक है और नैसर्गिक है इसलिए अपरिहार्य है। जैसे संवाद और परस्परता अन्योन्याश्रय है,वैसे ही संवाद और बोलियां भी अन्योन्याश्रय है। संवाद होता है तो बोलियां बनती है और बोलियां बनती हैं तो संवाद होता है। सामान्यजन का संवाद सामान्य से होता है, सामान्य के माध्यम से होता है, बोली में होता है। यही कारण है कि जब बुद्ध और महावीर सामान्यजन से संवाद करने निकले,तो पाली और प्राकृत में बोले।

कबीर को भाषा के 'सामान्य तत्व' की बड़ी गहरी पहचान थी,बोले-संसकिरत है कूप जल भाखा बहतानीर। विद्यापति ने जब 'देसिल बयना सब जन मिट्ठा का सूत्र दिया था,तब उन्होंने बोली के अभ्यंतर-संगीत को पहचान लिया था। कोई भी भाषा अपने मूलरूप में बोली ही होती है। विभिन्न बोलियां बोलने वाले जब परस्पर मिलते हैं तब उनके बोली तत्व भी परस्पर मिल जाते हैं। कोई भी बोली अपने जनपद में सीमित रहे, अन्य जनपदों में उसका संपर्क और प्रसार न हो तो वह भाषा नहीं बन सकती।

कोई भी बोली तब भाषा बन जाती है,जब अन्य बोलियों के भाषा तत्व घुल मिलकर आधार भाषा के रूप को बदल देते हैं, जब कोई आंदोलन आंधी की तरह उठता है, तब उसके केन्द्र की बोली भी उठती है। जहां-जहां आंदोलन पहुंचता है, वहां-वहां बोली पहुंचती है और विविध बोलीतत्व परस्पर अंतर्भुक्त होते हैं। बोली भाषा बनती है तो शाही फरमान या सरकारी आदेश का इंतजार नहीं करती। जब कोई बोली भाषा बनती है तो वह व्याकरण का इंतजार नहीं करती, वह किसी कोशरचना की मोहताज नहीं है। वह कभी नहीं कहती कि पहले मानकीकरण कर लो तब आगे बढ़ूंगी। किनारे नदी को नहीं बनाते,नदी किनारों को बनाती है। नदी बहती है तो किनारे अपने आप बन जाते हैं। बोली भाषा बनती है तो समष्टि जीवन के परस्पर संवाद से बनती है। वह सामूहिक भाव कितना व्यापक है, अंतर्जनपदीय और अंतर्प्रांतीय संपर्क जितना प्रगाढ़ है,वह भाषा उतनी ही समर्थ है।

सोशल फोरम

विज्ञान की आजादी

अतीत में विज्ञान एक साधना थी। बेचैन वैज्ञानिक रात-रात जगकर नए आविष्कार करते थे। आज विज्ञान का ज्यादा इस्तेमाल उपनिवेशवादी तौर-तरीकों से सीखकर कूट उद्देश्यों से होता है। यह हम खासकर सूचना क्रांति,उपग्रह प्रक्षेपण,कृत्रिम मेधा और युद्ध तकनीक के क्षेत्र में देख सकते हैं। हम मंगल ग्रह पर जल्दी जा सकते हैं, लेकिन उत्तराखंड के पहाड़ों पर सुरंग निर्माण में फंसे 41 श्रमिकों के पास जल्दी नहीं पहुंच सकते। वर्तमान विश्व में सत्ताएं उच्च टेक्नोलॉजी और इसके डिजिटल औजारों का इस्तेमाल अपने नागरिकों पर निगरानी रखने के लिए कर रही हैं। इस दौर में बढ़ती बेरोजगारी और विषमता से जन्मे क्षोभ को दबाना मुश्किल नहीं है। विश्वभर में सभ्य ढंग से क्षोभ का डिजिटल दमन हो रहा है। विकसित टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल पिछड़ी मानसिकता के प्रसार के लिए ज्यादा हो रहा है। इतिहास के गड़े मुर्दों को हथियारबंद किया जा रहा है। समस्या यह है कि बाजार और राजनीति दोनों ही निरंकुश ढंग से टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए यथार्थ को अपने उद्देश्य के अनुरूप ढालने में कुशल हो गए हैं। वे करिश्माई हैं और लोगों को रंगीन अंधविश्वासों, प्रलोभनों तथा भ्रमों से सम्मोहित करने में सक्षम हैं। जाहिर है,आज विज्ञान की आजादी का प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

विज्ञान की प्रधान शिक्षा यह है कि व्यक्ति बिना सोचे-समझे या ठीक से जांचे-परखे किसी चीज को आंख मूंदकर न माने और सोशल मीडिया के भ्रामक प्रचार से न घिरे। विज्ञान सिर्फ इसलिए नहीं है कि इसके बल पर चालाकियां की जाएं,आराम की चीजों और सुख-सुविधाओं को इकट्ठा किया जाए। उसका एक बड़ा उद्देश्य जीवन की समस्याओं का यथार्थ तरीके से समाधान निकालना है। हम यह भी कैसे मानें कि वैज्ञानिक दृष्टिसंपन्न होने का दावा करने वाले बुद्धिजीवी विज्ञान की शिक्षाओं पर चलते हैं। वे वैज्ञानिक दृष्टि-संपन्न कैसे हो सकते हैं? यदि वे सर्वज्ञ होने के अहंकार से भरे हों,उनके शब्द तथा कर्म के बीच दूरी हो और उनमें बौद्धिक सहृदयता नहीं हो सकती। दरअसल उनसे अधिक वैज्ञानिक गांवों-शहरों के वे साधारण लोग हैं जिनमें आज भी 'कॉमन सेंस' और बौद्धिक सहृदयता बहुत ज्यादा है।

-फेसबुक वॉल से

बापू और गोडसे

महात्मा गांधी ने सेक्युलर शब्द न कभी कहा और न कही लिखा। वे चाहते थे कि यदि पुनर्जन्म हुआ तो वे हिंदू ही हों। अपने को संकोच नहीं होता था। फिर भी मनसा, वाचा, कर्मणा बापू अप्रतिम सेक्युलर थे। इसीलिए वेदना होती है,रोष भी,जब अधकचरी जानकारी के बूते विकृत बातें पेश की जाती हैं। मसलन तुर्की के खलीफा का समर्थन कर गांधीजी ने भारत में इस्लामी फिरकापरस्ती को खादपानी दिया,पोषित किया। आधुनिक संदर्भ में जब हिंदू-मुस्लिम रिश्तों में विषाक्तता बढ़ रही है। यह विश्लेषण करना होगा कि क्या बापू की यह भूल थी कि इस्लामी दुनिया के खलीफा और तुर्की के अपदस्थ सुल्तान मोहम्मद चतुर्थ को पुनर्प्रस्थापित करने हेतु खिलाफत आंदोलन चलाया जाना चाहिए था? इस्तानबुल स्थित ओटोमन खलीफा ने 1774 से रूस से युद्धोपरांत एक संधि की थी जिससे तुर्की के बाहर बसे मुसलमानों का मजहबी संरक्षक बन गया था। इसके कारण 1880 से भारत के मुसलमानों का भी यह तुर्की सुल्तान अब्दुल हामिद द्वितीय खलीफा बन गया था,किंतु प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी,तुर्की और रूस की ब्रिटेन व अमेरिका द्वारा हरा दिए जाने पर तुर्की की सल्तनत खत्म हो गई। अंग्रेजों ने पराजित सुल्तान का खलीफा पद को अमान्य करार दिया। इससे 1920 से 1924 तक भारतीय मुसलमानों ने मौलाना मोहम्मद अली,उनके भाई मौलाना शौकत अली,मौलाना अबुल कलाम आजाद,डॉ.मुख्तार अहमद अंसारी,बेरिस्टर मोहम्मद जान अब्बासी आदि के नेतृत्व में भारतीय केन्द्रीय खिलाफत समिति बनाई जिसने खलीफा को पुनः स्थापित करने हेतु आंदोलन छेड़ा। गांधीजी इस केन्द्रीय समिति के सदस्य बने और मोतीलाल नेहरू ने उनके कदम का खुला समर्थन किया। मगर मोहम्मद अली जिन्ना ने खलीफा को बचाने का कड़ा विरोध किया। बापू की पुण्यतिथि पर नाथूराम विनायक गोडसे की भी याद अनायास आती है। जिस देश में पंचमी के दिन नाग को दूध पिलाते हों,वहां इसमें अचरज नहीं होगा। आखिर कैसा, कौन और क्या था गोडसे? नाथूराम स्कूल से भागा हुआ छात्र था। नूतन मराठी विद्यालय में मिडिल की परीक्षा में फेल हो जाने पर उसने पढ़ाई बंद कर दी थी। उसका मराठी भाषा का ज्ञान भी अल्प था। अंग्रेजी और इतर भाषाओं की जानकारी तो शून्य ही थी। जीविका हेतु उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। सांगली शहर में दर्जी की दुकान खोल ली थी। उसके पिता विनायक गोडसे डाकखाने में बाबू थे,मासिक आय पांच रुपये थी। नाथूराम अपने पिता का लाडला था,क्योंकि उससे पहले जन्मी सारी संतानें मर गई थीं। नाथूराम के बाद और भी पैदा हुए थे जिनमें था गोपाल,जो नाथूराम के साथ सहअभियुक्त था। लोग अभी भी नाथूराम गोडसे के प्रति थोड़ी बहुत नरमी बरतते हैं,उन्हें इस क्रूर हत्यारे के बारे में प्रमाणित तथ्यों पर गौर करना चाहिए। गांधीजी को मारने के दो सप्ताह पूर्व नाथूराम ने अपने जीवन को काफी बड़ी राशि के लिए बीमा कंपनी से सुरक्षित करा लिया था। जाहिर है उसके मौत के बाद उसके परिवारजन इस बीमा राशि से लाभान्वित होते। (पृष्ठ 18 व 19 : गांधीवध और मैं, लेखकः गोपाल विनायक गोडसे, प्रकाशकः वितस्ता प्रकाशन पुणेः 1982)। ऐतिहासिक मिशन को लेकर चलने वाला व्यक्ति बीमा कंपनी से क्या ऐसा मुनाफा कमाना चाहेगा? अब जानिए गोड्से के परम सखा, फांसी पर लटके नारायण दत्तात्रेय आप्टे को। उसने 29 जनवरी की रात दिल्ली के वेश्यालय में गुजारी थी। ताकत बढ़ाने हेतु। आप्टे और गोड्से ने जेल के भीतर सुविधाओं की मांग की। हम भारतीय सीधी, सरल बात करना कब शुरू करेंगे कि हत्या एक जघन्य अपराध और सिर्फ नृशंस हरकत है। वह भी लुकाटी थामे, एक वृद्ध अधनंगे हिन्दू की जो राम का अनन्य, आजीवन भक्त रहा।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

क्या असीम है नेताओं की कार्यक्षमता

मानव की आत्मा जिस खोल में रहती है,उसे शरीर या देह कहा जाता है। इसीलिए आत्मा को 'शरीरी' या 'देही' भी कहते हैं। शरीर शब्द का अर्थ ही है कि जो शीर्ण यानी क्षरित होता है। शनैः शनैः उसकी क्षमताएं और सामर्थ्य कम होती जाती है। इसी कारण सेवाओं में एक सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित की गई है। मान्यता है कि तत्समय वह अक्षम हो चुका होगा,अतः उसे सेवा मुक्त कर दिया जाए। अपने देश के संविधान के अनुच्छेद 14 में 'समानता' का सिद्धांत पवित्रता के साथ संरक्षित है। हालांकि जब हम विभिन्न वर्गों की एतत्संबंधी आयु पर दृष्टि डालते हैं तो स्पष्ट रूप से असमानता परिलक्षित होती है। अध्यापन वृत्ति से जुड़े लोगों के लिए यह 65 वर्ष है। सर्वोच्च न्यायालय के जजों के लिए भी यही है। उच्च न्यायालय के जजों हेतु 62 वर्ष है और राजकीय कर्मचारियों के लिए 60 है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए कोई सेवानिवृत्ति आयु नहीं है। वे कितने ही उम्र दराज हो जाए,अशक्त हो जाए,ह्वील चेयर पर चलें,तो भी वे सक्षम और समर्थ हैं। भाजपा ने एक अलिखित नियम बनाया है जिसके अनुसार उनका नेता 75 वर्ष का होने पर सक्रिय राजनीति हेतु अक्षम माना जाता है,जिसे रिटायर होना कह सकते हैं। यद्यपि वह राज्यपाल या सक्रिय राजनीति के अगल-बगल वाले पदों पर रह सकता है। क्या भाजपा का कथित 75 वाला नियम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी लागू होगा, जब वे 17 सितम्बर, 2025 को 75 के हो जाएंगे। ऐसी ही विषमता पेंशन के संबंध में है। सरकारी कर्मचारियों के लिए यह बंद कर दी गई है,लेकिन एमपी,एमएलए आदि व जजों की बरकरार है। सेना में 'अग्निवीर' प्रणाली लाकर इसे खत्म कर दिया गया है। जैसे 'एक देश एक चुनाव' की बयार सरकार ने चलाई है,वैसे ही 'एक सेवानिवृत्ति आयु और पेंशन' नियम भी प्रवृत्त होने चाहिए। संविधान की आत्मा तो यही कहती है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

क्विक रिस्पॉन्स टीमें लगाएंगी वनाग्नि की घटनाओं पर रोक

आग पर रोकथाम के मद्देनजर जिलाधिकारी ने ली सुरक्षा समिति की बैठक

संवाददाता, चम्पावत

चम्पावत में बैठक लेते जिलाधिकारी नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार

अमृत विचार : आगामी 15 फरवरी से 15 जून तक वनाग्नि काल के दृष्टिगत जिला वनाग्नि सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी नवनीत पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में जिले में वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए 6 क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) तैयार कर उन्हें विभिन्न स्थानों पर तैनात किया जाएगा। इन टीमों में विभागीय कार्मिकों के अतिरिक्त अस्थाई कर्मी की भी तैनाती किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त जिले की सभी वन पंचायतों में आवश्यक उपकरण के साथ ही फर्स्ट रिस्पांडर को फायर किट व उपकरण उपलब्ध कराए जाने के साथ ही उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में वनाग्नि संबंधित जितने भी संवेदनशील स्थान देवीधूरा, भींगराडा आदि हैं इन सभी क्षेत्रों में क्विक रिस्पांस टीम तैनात करने के साथ ही अतिरिक्त कार्मिक तैनात किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि फायर सीजन में सूचना एवं संचार व्यवस्था सुदृढ़ हो वनाग्नि की घटना प्राप्त होते ही तत्काल फायर क्रू स्टेशन से टीम कम से कम समय में घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने तहसील और थानों को भी वनाग्नि की घटना के तहत अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि वन विभाग को जो भी संचार व अन्य उपकरण या मैनपावर की आवश्यकता है शीघ्र ही प्रस्ताव तैयार करने कर उन्हें उपलब्ध कराएं ताकि जिला आपदा प्राधिकरण मद के माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आरसी कांडपाल ने बताया कि आगामी 15 फरवरी से 15 जून वनाग्नि काल में वनाग्नि की घटना की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा पूर्व तैयारी की जा रही है। वनाग्नि की रोकथाम के लिए विभिन्न नुक्कड़ नाटक, कठपुतली नृत्य व विद्यालय कैंपेनिंग के माध्यम से जन जागरूक किया जा रहा है। जिले में कुल 54 क्रूज स्टेशन बनाए जाएंगे। साथ ही जिले अंतर्गत जो 10 वन क्षेत्र हैं इन क्षेत्रों में अतिरिक्त कार्मिकों की तैनाती के साथ ही जिला स्तर पर मुख्य कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा।

प्रत्येक गांव में वनाग्नि सुरक्षा समिति का गठन किया जा रहा है। एक फरवरी से 7 फरवरी तक वनाग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आरसी कांडपाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के के अग्रवाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी वसुंधरा गर्ब्याल, एसडीओ नेहा चौधरी आदि मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में पुलिस इंस्पेक्टरों के हुए तबादले

अल्मोड़ा। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने तीन निरीक्षकों के तबादला कर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी है। पुलिस लाईन में तैनात इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र देउपा को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा बनाया गया है, जबकि इंस्पेक्टर हिमांशु पंत को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीखेत और राजेन्द्र सिंह रावत को प्रभारी यातायात व्यवस्था, सर्किल रानीखेत के पद पर तैनात किया गया है।

हाल ही में डीआईजी कुमाऊं की ओर से पुलिस विभाग में कई इंस्पेक्टरों के तबादले किए गए थे। जिसमें कोतवाल अल्मोड़ा अरूण कुमार, कोतवाल रानीखेत राजेश यादव व निरीक्षक अजय लाल साह का ट्रांसफर किया गया था। जिसमें अरुण कुमार व राजेश यादव को पिथौरागढ़ व अजय लाल साह का बागेश्वर स्थानांतरित किया गया था।

अब अन्य जिलों से स्थानांतरित होकर अल्मोड़ा आए तीनों निरीक्षकों को एसएसपी देवेंद्र पींचा ने पुलिस लाईन से स्थानांतरित कर उक्तों पदों पर जिम्मेदारी सौंपी है।

डिप्लोमा इंजीनियर्स का मांगों को लेकर गुस्सा नहीं हुआ कम

अल्मोड़ा में प्रदर्शन करते डिप्लोमा इंजीनियर्स। ● अमृत विचार

▸▸ काले फीते बांधकर जताया विरोध, मांगें न मानी तो उग्र आंदोलन होगा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : उत्तराखंड सड़क संरचना सुरक्षा के लिए लोक निर्माण विभाग को सहायक स्टाफ देने समेत नौ सूत्रीय मांगों को लेकर अभियंताओं में आक्रोश व्याप्त है। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के आह्वान पर अभियंताओं ने मंगलवार को भी बांह पर काला फीता बांध सांकेतिक प्रदर्शन किया। साथ ही शीघ्र मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। प्रदर्शन के दौरान आयोजित सभा को संबोधित कर वक्ताओं ने कहा कि सहायक अभियंता के रिक्त पदों पर वरिष्ठता के आधार पर अपर सहायक अभियंताओं को प्रभारी सहायक अभियंता बनाने एवं संविदा व्यवस्था के अंतर्गत सहायक अभियंता की तैनाती नहीं करने के मामले में पूर्व में हुए समझौते के बाद भी अब तक कार्रवाई नहीं की गई।

इसके अलावा नौ सूत्रीय मांगों पर शासन प्रशासन की ओर से कारवाई नहीं की जा रही है। जबकि कार्मिक लगातार विभिन्न माध्यमों से समस्याओं के निराकरण की मांग कर चुके हैं। कर्मचारियों ने कहा है कि पूर्व में हुए समझौते के आधार पर अपर सहायक अभियंताओं को प्रभारी सहायक अभियंता बनाने, स्थाई अतिधिकरण, तीन साल सेवा के बाद ग्रेड पे देने समेत नौ सूत्रीय मांगों पर जब तक कार्रवाई नहीं होगी। कर्मचारियों का तब तक संघर्ष जारी रहेगा। कार्मिकों ने चेतावनी दी है कि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वह उग्र आंदोलन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

सांकेतिक धरना प्रदर्शन में गोविंद नाथ, गणेश जाशी, आलोक कुमार ओली, डीपी वर्मा, रवि दानी, हेमंत पाठक, सुरेश, हेम चंद्र पंत, हरीश जोशी, गोविंद नाथ, अजय शास्त्री आदि मौजूद रहे।

स्ट्रीट लाइट चोरी करने का आरोपी दबोचा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : नगर के धारानौला क्षेत्र में उरेडा की सोलर लाइटों से बैटरी चोरी करने वाले एक अभियुक्त को पुलिस ने दबोच लिया है।

अभियुक्त के पास से चोरी की गई बैटरी भी बरामद कर ली गई हैं। सोमेवार को उरेडा के परियोजना अधिकारी मनोज कुमार ने पुलिस को तहरीर दी थी कि ऑफीसर्स कॉलोनी धारानौला में किसी अज्ञात चोर ने चार सोलर लाइटों की बैटरी चोरी कर ली है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने सीओ अल्मोड़ा और कोतवाल को इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस की गठित टीम ने सुरागरसी कर वर्मा फर्नीचर्स के पास बैटरी चोरी करने वाले सौरभ राज (24) पुत्र नवीन राज, निवासी ग्राम रतखान, लमगड़ा को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त द्वारा एक बैटरी बेच दी गई थी। जबकि तीन बैटरी उसके पास से बरामद की गई हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में दिनेश परिहार और खुशाल राम शामिल रहे।

जल जीवन मिशन योजना के बाद भी प्यासे हैं ग्रामीण

▸▸ पुरानी और लीकेज लाइनों से कनेक्शन देने की शिकायत

▸▸ तमाम खामियों से दूरदराज से पीने के पानी की व्यवस्था हो रही

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : प्रदेश के हर परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के बाद भी पर्वतीय जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों पीने के पानी के लिए मोहताज बने हुए हैं। योजना में तमाम खामियों के चलते आज भी लोगों को दूरदराज से पीने के पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है, लेकिन ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। अल्मोड़ा जिले की सोमेश्वर तहसील का हाल भी कुछ ऐसा है। यहां के अनेक गांवों में लोग पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। तहसील के ग्राम पंचायत माला में पिछले कई दिनों से पेयजल का संकट बना हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें पेयजल मुहैया कराने के नाम पर जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाए गए। लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के कारण इस योजना के ठेकेदार यहां मनमानी करते रहे। कार्यदायी संस्था द्वारा योजना के तहत नई लाइन बिछाने के बजाय पुरानी और लीकेज लाइनों से लोगों को पानी के कनेक्शन दे दिए।

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में सबसे बुरा हाल सुनिया से उठिपारखाढ़ पेयजल योजना का है। इस योजना की लाइन इतनी जगह लीकेज है कि लोग पाइपों को बांधकर जैसे तैसे थोड़ा बहुत पेयजल एकत्र कर पा रहे हैं।

सर्प तोक के सामाजिक कार्यकर्ता विज कुमार पांडे ने बताया कि इस मामले की शिकायत जल निगम के अधिशासी अभियंता तथा पेयजल मंत्री से भी की गई। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस कारण अब ग्रामीण आंदोलन का मन बना रहे हैं।

युवाओं को तकनीकी शिक्षा देने का सपना खोखला

▸▸ कई औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संसाधन व मान्यता के अभाव में बंद

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : एक ओर प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा देकर रोजगार से जोड़ने के दावे करते नहीं थक रही है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में खोले गए तकनीकी संस्थान संसाधनों और अन्य सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।

सरकार की इन्हीं खामियों का नतीजा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित तकनीकी संस्थान अब बंद होने के कगार पर आ गए हैं। अल्मोड़ा जिले में युवाओं को तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए करीब उन्नीस औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोले गए। इन संस्थानों को खोलने के पीछे मंशा यह थी कि पहाड़ के युवा यहां से इलेक्ट्रानिक्स, फिटर, मैकेनिकल, टंकण व अन्य ऐसी ही अनेक विधाओं में पारंगत हो सकें और रोजगार से जुड़ सकें। जिले में स्थापित इन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में से छह संस्थान ऐसे थे। जो राज्य सरकार की एनसीवीटी की मान्यता से संबद्ध थे। इन संस्थानों में बेहतर भविष्य का सपना लेकर करीब ढ़ाई सौ छात्रों ने यहां प्रवेश भी लिया, लेकिन तकनीकी शिक्षा विभाग इन संस्थानों में केंद्र सरकार के मानकों के अनुरूप तीन कमरों के भवन, स्टोर रूम, प्रयोगशाला और सभी विषयों को पढ़ाने के लिए अनुदेशकों की भर्ती तक नहीं करा पाई। जिस कारण इन संस्थानों को केंद्र सरकार से मिलने वाली मान्यता नहीं मिल पाई। मजबूरी में अब राज्य सरकार ने भी इन संस्थानों के संचालन से हाथ खड़े कर दिए हैं। जिसके बाद जिले के दौलाघट, नैनी व रानीखेत समेत कुल् छह राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अब ताले लटक गए हैं। ऐसे हालात में जहां यहां से शिक्षा प्राप्त कर रहे युवाओं का भविष् अधर में लटक गया है। वहीं युवाओं को तकनीकी शिक्षा देकर रोजगार से जोड़ने के दावे भी खोखले साबित हो रहे हैं। प्रशिक्षण संस्थान फलसीमा के प्रधानाचार्य उदयराज का कहना है कि केंद्र की मान्यता ना मिलने के कारण इन संस्थानों को बंद करने का निर्णय लिया गया है।

प्राधिकरण को समाप्त नहीं किया तो करेंगे उग्र आंदोलन

नगर के गांधी पार्क में धरना देते सर्वदलीय समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

▸▸ नगर के गांधी पार्क में धरना देकर सरकार को दी चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : प्रदेश के पर्वतीय जिलों में लागू जिला विकास प्राधिकरण के विरोध में सर्वदलीय संघर्ष समिति ने मंगलवार को नगर के गांधी पार्क में प्रदर्शन कर धरना दिया। संगठन के सदस्यों ने कहा कि लंबी मांग के बाद भी सरकार प्राधिकरण को समाप्त करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। संगठन ने कहा है कि सरकार का यही रवैया रहा तो वह उग्र आंदोलन की रणनीति तय करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। मंगलवर को सर्वदलीय संघर्ष समित के सदस्यों ने जिला विकास प्राधिकरण के विरोध में चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में प्रदर्शन कर धरना दिया।

धरना सभा को संबोधित कर वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से विभिन्न संगठन डीडीए समाप्ति को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस मामले में सरकार की ओर से कोई भी सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए हैं। इससे लोगों सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त है। वक्ताओं ने कहा कि डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं होते तक सरकार के तानाशाही रवैए के खिलाफ संघर्ष समिति का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। समिति के सदस्यों ने कहा कि प्राधिकरण को लागू करने को लेकर सरकार में एकमत नहीं है। पूर्व में दो मुख्यमंत्री पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक स्थितियों को देखते हुए इसे पूरी तरह समाप्त करने की घोषणा कर चुके हैं, लेकिन वर्तमान सरकार इस मामले और अपने नेताओं की घोषणाओं के प्रति जरा भी गंभीर नहीं है। धरना प्रदर्शन में शहाबुद्दीन, हर्ष कनवाल, प्रताप सिंह सत्याल, प्रत्येश पांडे, अख्तर हुसैन, एके अवस्थी, हेम चंद्र तिवारी, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, बीके पांडे, ललित मोहन पंत, चंद्रमणि भट्ट, भारत रत्न पांडे समेत कई लोग मौजूद रहे।

वर्ग पहेली-328

बाएं से दाएं

4. ढोलक बजाने वाला व्यक्ति, ढोलची, ढोलवादक।

8. एक रोग जिसमें पैर फूलकर हाथी के पैर की तरह हो जाता है, फीलपा।

ऊपर से नीचे

1. 1. हींग 2. लाख 3. त्वचा पर का जन्मजात चिह्न।

2. 1. आकस्मिक, कभी-कभार होने वाला 2. अवसरपरक

3. 1. मंदिर में किसी देवी-देवता की मूर्ति का शृंगार करने वाला व्यक्ति 2. पुजारी।

5. 1. आमोद-प्रमोद 2. ख़ुशी का भाव, उल्लास।

6. 1. पूजने की क्रिया 2. देवी

7. 1. थोड़े समय के लिए कोई वस्तु दिखने की अवस्था या भाव 2. झलक 3. झांई 4. आंख के कोने से देखना, कनखी।



वर्ग पहेली - 327 का हल

1 हु	2 मा	यूँ	■	3 शि
■	यू	■	4 जी	ली
■	5 स	रा	व	गी
■	■	■	लो	■
■	6 घ	7 म	क	ना
■	■	सू	■	8 थो
9 ओ	गा	र	ना	ड़ा

सुडोकू-45

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		2				8		
		1	5					7
	3			8		9		4
		5	2			7		8
	8						9	
2		9			6	1		
7		3		9			8	
					1	5		
		6				3		

सुडोकू - 44 का हल

5	8	9	1	4	3	6	2	7
4	2	1	9	7	6	3	8	5
6	3	7	2	5	8	1	9	4
8	6	2	4	3	7	9	5	1
7	9	4	5	8	1	2	6	3
3	1	5	6	9	2	4	7	8
2	4	3	7	6	5	8	1	9
1	7	8	3	2	9	5	4	6
9	5	6	8	1	4	7	3	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 जनवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-पंचमी 11.36 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-कोई नहीं। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-11.58-12.42 तक।

दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-हस्त 1 फरवरी 01.08 तक तत्पश्चात चित्रा।

मेष — आज सोशल मीडिया का व्यावसायिक प्रयोग लाभप्रद सिद्ध होगा। मौसम में आ रहे बदलावों के कारण तेज बुखार और सिरदर्द की समस्या की आशंका है। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

वृष — आज दोपहर के बाद स्थिति सामान्य होगी। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। इंजीनियरिंग के छात्रों की पढ़ाई में काफी बाधाएं आएंगी। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ मैत्री संबंध स्थापित करने से बचें। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

मिथुन — आज कमीशन के कारोबार से जुड़े लोग सावधान रहें। किसी से असहमत होने पर उसका अपमान न करें। अप्रत्यक्ष रूप से आपके दुश्मन खड़े हो सकते हैं। अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए दिन बहुत अच्छा है।

कर्क — आज कारोबारी यात्रा हो सकती है। बेरोजगार युवा नौकरी के लिए इंटरव्यू दे सकते हैं। पुराने निवेश से आपको अचानक लाभ प्राप्त होगा। दिन का प्रारंभिक हिस्सा आपके लिए बेहद शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन को लेकर रुचि जागृत होगी।

सिंह — आज फाइनेंस संबंधी कार्यों में अपेक्षानुसार परिणाम नहीं मिलेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर अधीर न रहें। भविष्य की योजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। आपके द्वारा बोले गए वचनों से प्रियजनों का मन व्यथित न हो इसका ध्यान रखें।

कन्या — आज आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणा रहेगा। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आएगी। जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण काफी सकारात्मक होगा। नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं, तो उसके लिए अपना टीम मैनेजमेन्ट सुनिश्चित कर लें।

तुला — आज लोग आपके ऊपर बेवजह के आरोप लगा सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें। बाधाओं के साथ काम आगे बढ़ेंगे। किसी मित्र को उधार देना पड़ सकता है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को अधिकारी की डांट खानी पड़ सकती है।

वृश्चिक — आज इंटरनेट के माध्यम से कुछ सीखने-पढ़ने का प्रयास करेंगे। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी, इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें।

धनु — आज सरकारी मामलों में सावधानी बरतें। करियर को लेकर चिंता के भाव उत्पन्न होंगे। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। एकांतवास में रहने से मन हल्का होगा। लोग आपकी प्रतिभा और क्षमताओं का सम्मान करेंगे।

मकर — आज पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। गुप्त प्रेम संबंधों के खुलने का भय हो सकता है। तनाव लेने के बजाय विवेक और धैर्य से काम लेना उचित होगा। धर्म-कर्म को लेकर मन में विपरीत विचार उत्पन्न हो सकता है।

कुंभ — आज किसी से व्यर्थ में न उलझे। दूसरों के काम में टोका-टाकी करना उचित नहीं है। अपना चरित्र अच्छा रखें। विवाह सुख में कुछ न्यूनता रहेगी। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं। व्यस्तता के बावजूद अपने काम पर ध्यान दें।

मीन — आज भोगवादी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे। विवाहेतर संबंधों को यथासंभव टालने का प्रयास करें। आपको पर्याप्त मात्रा में नींद लेनी चाहिए। जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट करेगा। बिजनेस के नए अवसर मिल सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- तकदीर का तमाशा — सुबह : 10.00
- रंग — रात : 07.00

SONY MAX
- सेटर्स — सुबह : 10.46
- केजीएफ : चेप्टर 2 — रात : 09.02

SONY PIX
- मॉन्स्टर हंटर — सुबह : 09.54
- स्पाइडर मैन 2 — रात : 08.45

ZEE CINEMA
- आवारापन — सुबह : 10.30
- रावणासुर — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- दस — सुबह : 09.53
- मोतीचूर चकनाचूर — रात : 10.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-09.02 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक हैंडसम लड़का क्लास में आया तो सारी लड़कियां देखते ही दीवानी हो गई।
लेकिन आते ही लड़के ने एक ऐसी बात कही की सब लड़कियां बेहोश हो गई।
सोचो लड़के ने क्या कहा होगा सोचो सोचो ...
लड़के ने कहा थोड़ी जगह देना बहन जी झाड़ू लगाना है।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया।
लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...

प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में कार्यों को जनता तक पहुंचाएं : धामी

भाजपा की प्रदेश मीडिया कार्यशाला में नरेंद्र मोदी को प्रचंड बहुमत से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : जीएमएस रोड स्थित होटल में आयोजित मीडिया टीम कार्यशाला में प्रतिभागियों का आह्वान कर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमने कठोर नकल कानून, सख्त धर्मांतरण कानून, अवैध धार्मिक अतिक्रमण पर कार्यवाही, मातृ शक्ति को 30 फीसदी आरक्षण जैसे अनेकों ऐतिहासिक कदम उठाए हैं।

अब सरकार को यूसीसी का वो ड्राफ्ट मिलने जा रहा है जिसे लागू करने के लिए पार्टी को जनता ने आशीर्वाद दिया था। राज्य और केंद्र सरकार के ऐसे प्रयासों को जनता के मध्य अधिक से अधिक प्रसारित करना होगा। साथ ही यूसीसी के मुद्दे की विस्तृत जानकारी सभी माध्यमों से देनी है। साथ ही इस पर विपक्ष द्वारा फैलाई जा रही भ्रांति को भी दूर करना है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर बन चुका है। पांच लाख से अधिक युवाओं ने ईमानदार और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत परीक्षाओं में सहभागिता की है। दूसरी ओर कार्यशाला का उद्घाटन कर राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी बलूनी ने कहा, समय के बदलाव के साथ भाजपा ने भी सांगठनिक कार्यकालापों में बड़ा बदलाव किया है जिसका नतीजा है दुनिया की सबसे बड़ा राजनैतिक संगठन बनना।

उन्होंने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का मानना है कि भाजपा का स्वर्णिम काल अभी नहीं आया है जिसको लाने के लिए हम सभी को सहभागी बनना है, क्योंकि राजनैतिक विशेषज्ञों ने पहले 2014 में हमे हासिल 282 सीटों को स्वर्णिम काल बताया, फिर 2019 की 303 सीटों को स्वर्णिम बताया। लेकिन पार्टी का स्वर्णिम काल अभी आना है जिसके लिए बिना थके, बिना रुके आगामी लोकसभा चुनावों के लिए हम सबको जुटना है। आमजन को विश्वास है 2024 और 2027 में प्रचंड बहुमत से कमल खिलेगा।

मीडिया कार्यशाला में उपस्थित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व अन्य। ● अमृत विचार

प्रधानमंत्री की यात्रा से तीर्थाटन और पर्यटन की अपार संभावनाएं

बलूनी ने कहा कि उत्तराखंड में ऑल वेदर रोड, केदारपुरी का पुनर्निर्माण, बद्रीनाथ धाम का मास्टर प्लान, जोशीमठ का ट्रीटमेंट, सीमा तक सड़कों का जाल, ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन का तेजी से पूर्ण होता कार्य और अब प्रधानमंत्री की यात्रा से कुमाऊं में आदि कैलाश यात्रा को लेकर तीर्थाटन और पर्यटन की अपार संभावनाएं आम जनता के बीच विश्वास दिलाती हैं कि मोदी को दिया गया वोट विकास की गारंटी है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सौभाग्य योजना से बिजली, उज्ज्वला योजना से गैस सिलेंडर, जल जीवन मिशन से पेयजल, खाद्यान्न योजना से राशन और आयुष्मान भारत से उपचार जैसी योजनाओं ने भारत की तस्वीर को बदल दिया है। बलूनी ने कहा कि राज्य सरकार जनअपेक्षाओं को पूर्ण करने में दिन-रात कार्य कर रही है। केंद्र के साथ राज्य सरकार की योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना डबल इंजन की गारंटी बन गया है।

ये लोग रहे मौजूद : इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता और केंद्रीय संगठन की दृष्टि से मीडिया को लेकर प्रदेश के प्रभारी गोपाल कृष्ण अग्रवाल, राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय सहकोषाध्यक्ष नरेश बंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रदेश प्रवक्त सुरेश जोशी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, नवीन ठाकुर आदि ने भी अपनी बात रखी। कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, विधायक खाजान दास, विनोद चमोली, दायित्वधारी और प्रदेश मीडिया टीम सदस्य डा. देवेंद्र भसीन, मधु भट्ट, शामूम काजमी, मीडिया की राष्ट्रीय टीम से सतीश लखेड़ा, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक रावत, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, संजीव वर्मा, मानिकनिधि शर्मा, चंदन बिष्ट, कमलेश उनियाल, प्रदेश प्रवक्ता वीरेंद्र बिष्ट, कर्नल कोठियाल, विपिन कैंथोला, हनी पाठक, सुनीता विद्यार्थी, कुंवर जपेंद्र, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट समेत जिला मीडिया प्रभारी, सह प्रभारी, सभी मोर्चों के प्रदेश और जिलों के प्रभारी एवं सहप्रभारी आदि मौजूद रहे।

विपक्ष के दुष्प्रचार का सकारात्मक जवाब देना है : भट्ट

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट ने कहा, हम आगामी लोकसभा चुनावों में होने वाली जीत में मीडिया का रोल सबसे अहम होने वाला है। क्योंकि विपक्ष लगातार मीडिया सोशल मीडिया के माध्यम से नकारात्मक प्रचार करने की रणनीति पर काम रहा है, लेकिन हमे उस नकारात्मकता को सकारात्मक जवाब के साथ आगे बढ़ाना है। सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों और संगठन की गतिविधियों जनता के बीच पहुंचाने में मीडिया टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ देना है, ताकि पुराने सभी रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए सभी 5 सीटों को जीतकर, नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने में सहयोग किया जाए।

आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय पर जोर दें

▸▸ **समीक्षा बैठक में प्रदेश के पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज ने कहा**

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : प्रदेश के पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज की ओर से मंगलवार को पंचायतीराज निदेशालय में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी।

निदेशालय में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में उन्होंने भारत सरकार की ओर से 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए। पंचायतीराज मंत्री द्वारा पंचायती राज विभाग के ढांचे के पुनर्गठन की अद्यतन स्थिति पर निदेशक पंचायती राज द्वारा अवगत कराया गया कि विभागीय ढांचे के पुनर्गठन का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जा चुका है तथा वर्तमान में शासन स्तर से कार्यवाही चल रही है। महाराज ने पीडीआई डाटा एकत्रीकरण में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न होने पर जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बैठक आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में पंचायती राज विभाग के कार्मिकों के लिए क्रेडिट कार्ड बनाने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। पंचायतीराज मंत्री ने भारत सरकार के माध्यम से पंचायत भवन निर्माण के लिए आवंटित रुपये 10 लाख को बढ़ाकर 20 लाख किए जाने के सम्बन्ध में भी चर्चा की गयी। इसके अलावा 29 विषयों को पंचायतों को हस्तांतरित किए जाने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। आगामी विभानसभा चुनाव में संकल्प पत्र लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में पंचायतीराज विभाग की निदेशक निधि यादव, मुख्य वित्त अधिकारी शशि सिंह, संयुक्त निदेशक राजीव कुमार नाथ त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक प्रभारी, हिमाली जोशी पेटवाल, उप निदेशक मनोज कुमार तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, निदेशालय पंचायतीराज पूनम पाठक सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

मीडिया अत्यंत महत्वपूर्ण है

सचिवालय में राज्य स्तरीय मीडिया कार्यशाला में मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी .षणमुगम व अन्य। ● अमृत विचार

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी.षणमुगम की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में राज्य स्तरीय मीडिया कार्यशाला 2024 का आयोजन किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी.षणमुगम ने कहा कि निर्वाचन के दौरान मतदाता जागरुकता बढ़ाने, मतदान प्रतिशत बढ़ाने, जनमानस को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने में मीडिया का अत्यंत महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व है। स्वीप गतिविधियों के तहत होने वाले जागरूकता कार्यों को मीडिया ही जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करता है। कार्यशाला में संयुक्त निदेशक नितिन उपाध्याय एवं उप निदेशक रवि बिजारनीय द्वारा निर्वाचन के दौरान मीडिया की भूमिका एवं उत्तरदायित्व, राज्य एवं जिला स्तरीय एमसीएमसी (मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी), मीडिया प्रमाणीकरण, पेड न्यूज, स्वीप गतिविधियों आदि पर उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया गया। कार्यशाला में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह, सयुंक्त सचिव कुसुम चौहान, मुक्ता मिश्रा, उपनिदेशक सूचना मनोज श्रीवास्तव सहित विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

20 सूत्रीय कार्यक्रम की नई वेबसाइट प्रदर्शित

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट परिसर में 20 सूत्रीय कार्यक्रम व कार्यान्वयन समिति की उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अक्टूबर में जनपद देहरादून के प्रथम आने पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं उनकी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर 20 सूत्रीय कार्यक्रम की नई वेबसाइट भी प्रदर्शित की गई, जिसमें राज्य, जनपद एवं विकासखंड स्तर पर विभागवार योजनाओं की प्रगति देखी जा सकेगी।

बैठक में ज्योति प्रसाद गैरोला ने विभागों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सरलीकरण लाया जाए ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। बैठक जिलाधिकारी सोनिका एवं मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान ने उपाध्यक्ष को योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में निदेशक अर्थ एवं संख्या सुशील कुमार, मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शशिकांत गिरी, शोध अधिकारी 20 सूत्रीय कार्यक्रम जेसी चन्दोला आदि सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं को बांटे ट्रैक सूट

संवाददाता देहरादून

अमृत विचार : देहरादून में ट्रैक सूट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर स्कूली बच्चों को कोटेक महिंद्रा बैंक के सहयोग से महेंद्र भट्ट और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने एक हजार ट्रैक सूट वितरित किए।

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, 31 जनवरी को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के जन्म दिवस की पूर्व बेला पर सेवा सप्ताह के तहत ब्लूमिंग बड्र्स स्कूल गढ़ी कैंट देहरादून में ट्रैक सूट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर स्कूली बच्चों को कोटेक महिंद्रा बैंक के सहयोग से महेंद्र भट्ट और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने एक हजार ट्रैक सूट वितरित किए। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। भाजयुमो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी की पुत्री नेहा जोशी ने कहा कि कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी क्षेत्र के हर एक व्यक्ति से जुड़े है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त कर टपकेश्वर मंदिर मार्ग पर आयोजित भंडारा कार्यक्रम में प्रसाद भी वितरण किया। इस अवसर पर बीजेपी प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, सीईओ कैंट बोर्ड अभिनव सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, संयोजक विष्णु गुप्ता, मंडल अध्यक्ष ज्योति कोटिया, पूनम नौटियाल, वंदना ठाकुर, प्रभा शाह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

ट्रैक सूट वितरित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी।

शिक्षा के लिए एक राज्य एक पाठ्यक्रम की नीति बने

▸▸ **पृथक माध्यमों से दी जा रही शिक्षा के दुष्परिणाम आ रहे सामने**

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने प्रदेश सरकार से विद्यालयी शिक्षा के लिए एक राज्य एक पाठ्यक्रम की नीति बनाने की मांग की है। संगठन ने इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा है और इस मामले में गंभीरता से निर्णय लेते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में आंदोलनकारियों ने कहा कि राज्य में सरकारी और निजी विद्यालय पृथक पृथक माध्यमों, पाठ्यक्रमों से शिक्षा देते हैं। सरकार भी अटल आदर्श विद्यालयों तथा सामान्य विद्यालयों में अलग-अलग तरीके से शिक्षा दे रही है, जिसके अनेक सामाजिक, नैतिक व विषमता मूलक दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। अनेक विद्यालयों के परीक्षा परिणाम भी प्रभावित हो रहे हैं तथा राजकीय विद्यालयों में छात्र संख्या घट रही है। आंदोलनकारियों ने कहा कि सरकार राजकीय विद्यालयों की कमियों को दूर करने के स्थान पर विद्यालयों को बंद करने जैसे जनविरोधी निर्णय ले रही है, इसलिए आज राज्य में समान शिक्षा की नीति बनाए जाने की आवश्यकता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन भी रुकेगा और सभी वर्गों को शिक्षा एवं रोजगार के समान अवसर भी मिल सकेंगे।

राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि सरकार को इस गंभीर मुद्दे पर प्राथमिकता के साथ विचार करना चाहिए और एक राज्य एक पाठ्यक्रम की नीति अपनानी चाहिए। ज्ञापन में ब्रह्मानंद डालाकोटी, शिवराज बनौला, दौलत सिंह बगड्वाल, राम, किशोर चंद्र, चंद्रशेखर, प्रकाश, कमला देवी, रघुवर आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

कर्मचारी भी धरने पर अडिग

▸▸ **मांग पूरी होने तक विरोध प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान**

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : शहरी विकास के अंतर्गत संचालित पेयजल एवं सीवरेज कार्यों को उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी से कराए जाने से जल निगम कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को भी नाराज कर्मचारियों ने जल संस्थान कार्यालय परिसर में सांकेतिक धरना देकर शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

धरना सभा के दौरान वक्ताओं ने फिर कहा कि शहरी विभाग अंतर्गत संचालित यूएसडीए की तरफ से मूल अभियांत्रिकी विभाग के कार्यक्षेत्रों में अतिक्रमण किया जा रहा है, जिसके विरोध में कर्मचारी आंदोलनरत हैं, लेकिन इसके बाद भी कर्मचारियों की मांग पर सरकार कोई गौर नहीं कर रही है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा जल संस्थान व जल निगम का एकीकरण कर राजकीयकरण की मांग पर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। जिस कारण अब कर्मचारी अपने आप को उपेक्षित समझने लगे हैं और उनका आक्रोश दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

कर्मचारियों ने कहा कि वह सरकार द्वारा की जा रही उपेक्षा किसी कीमत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। अपनी मांगों को पूरा करने के लिए कार्मिकों को उग्र आंदोलन भी करना पड़ा तो वह उससे से पीछे नहीं हटेंगे। प्रदर्शन व धरना सभा में अरुण कुमार, नरेंद्र बिष्ट, राहुल बिष्ट, जया जोशी, अरुण कठैत, लता दुर्गापाल, दीपक तिवारी, मनौती देवी, कुंदन अधिकारी, राजेंद्र बिष्ट, रणजीत बिष्ट, संगीता आर्या, राजू बिष्ट, दिनेश तिवारी, गंगा देवी, दिनेश भट्ट, पंकज आर्या, शुभम बेलवाल, अरुण नेगी, पंकज शर्मा, प्रवीण कुमार, कमला आर्या, बचुली देवी, प्रताप सिंह कनवाल, कामना मेहता, प्रियंका भट्ट, कमल आर्या, बचे सिंह, देवेंद्र लाल, जुहारी लाल, आनंद सिंह, नरेश चंद्र पांडे आदि मौजूद रहे।

जल निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

तीन गांजा तस्कर गिरफ्तार, जेल भेजे

अल्मोड़ा। जिले के सल्ट विकास खंड में पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। सल्ट थानाध्यक्ष अजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने झिमार तिराहा से गुलार के बीच अभियान चलाया।

गुलार की ओर से तीन व्यक्ति आते दिखाई दिए। पूछताछ में तीनों युवक संदिग्ध प्रतीत हुए, जिसके बाद पुलिस ने उनके कंधे में टंगे बैग की तलाशी ली। तलाशी के दौरान अमन (18) पुत्र सुरेश सिंह के बैग से 7.600 किग्रा, गौरव कुमार (19) पुत्र बीर सिंह के बैग से 8.100 किग्रा और अजय कुमार (27) पुत्र धरमपाल के बैग से 7.900 किग्रा गांजा बरामद किया गया। तीनों आरोपी निजामगढ़, उधमसिंह नगर के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह सल्ट क्षेत्र से गांजा खरीदकर तराई के ऊधमसिंह नगर आदि में ऊंचे दाम में बेचते हैं। पुलिस ने तीनों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए गांजे की कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपये है।

डिप्लोमा फार्मासिस्टों की कार्यकारिणी गठित

▸▸ **द्विवार्षिक अधिवेशन में डीके जोशी को दोबारा अध्यक्ष व रजनीश जोशी को जिलामंत्री बनाया गया**

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएसन का द्विवार्षिक अधिवेशन शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। अधिवेशन के दौरान संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। कार्यकारिणी गठन के बाद सभी निर्विरोध चुने गए पदाधिकारियों ने संगठन की समस्याओं के लिए प्राथमिकता से कार्य करने की बात कही।

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की जनपद शाखा अल्मोड़ा की कार्यकारिणी की चुनाव प्रक्रिया प्रांतीय पर्यवेक्षक के रूप में प्रदेश अध्यक्ष सुधा कुकरेती, कुमाऊं मंडलीय अध्यक्ष गजेंद्र कुमार व मंडलीय सचिव प्रेमशंकर सिंह की देखरेख में संपन्न हुई। इसमें निर्विरोध पदाधिकारियों का चुनाव कर लिया गया। नई कार्यकारिणी में डीके जोशी को दोबारा अध्यक्ष व रजनीश जोशी को जिलामंत्री बनाया गया। पिछली बार उपाध्यक्ष रहे जेपीएस मनराल इस बार वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए हैं। इनके अलावा गोपाल सिंह चंद उपाध्यक्ष, मनोहर मेहता संगठन मंत्री, ललित नेगी संयुक्त मंत्री, कैलाश पपनै कोषाध्यक्ष व माया पांडे संप्रेक्षक चुनी गई हैं। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर एमसी अधिकारी, केएस बिष्ट, जेपीएस मनराल, आनंद पाटनी, जीएस कोरंगा, गोकुल मेहता, गोपाल सिंह, आनंद प्रकाश खंतवाल, केएस अधिकारी, आरएस भोज, श्याम लाल, जितेंद्र देवड़ी, आनंद पाटनी, एनके आर्या, जीसी पुजारी, डीसी पाठक, गणेश, कुंदन जलाल, नेहा आदि मौजूद रहे।

दौरा कुमाऊं आयुक्त ने भ्रमण के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश

कपिलेश्वर मंदिर को पर्यटन की दृष्टि से करें विकसित

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत ने आज तहसील लमगड़ा के प्राचीन कपिलेश्वर महादेव मंदिर का भ्रमण किया। कुमाऊं आयुक्त ने मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा जनपद एवं राज्य वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

मंगलवार को आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत लमगड़ा ब्लॉक में स्थित कपिलेश्वर मंदिर में पहुंचे। मंदिर में पूजा अर्चना के बाद उन्होंने मंदिर के बारे विभिन्न जानकारियां प्राप्त की। क्षेत्रीय पुरातात्विक अधिकारी सीएस चौहान ने उन्हें मंदिर के इतिहास एवं विशेषताओं के बारे में जानकारी दी। कुमाऊं आयुक्त ने मंदिर की विशेषताओं की सराहना करते कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य के बीच स्थित यह मंदिर धार्मिक आस्था का केंद्र होने के साथ ही काफी मनोहारी और ऐतिहासिक भी है। इसलिए इसके संरक्षण के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने क्षेत्रीय पुरातात्विक अधिकारी को निर्देश दिए कि इस मंदिर को संरक्षित करने एवं इसको पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु कार्य करें। ताकि अधिक से अधिक पर्यटक यहां आकर इस मंदिर की विशेषताओं को जान सकें और यहां के प्राकृतिक सौंदर्य से भी रूबरू हो सकें।

आयुक्त कुमाऊं के भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों ने भी उनसे मुलाकात की और उन्हें अपनी अनेक समस्याओं के बारे में जानकारी दी। जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के तत्काल निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी जैंती एनएस नगन्याल, जिला पर्यटन अधिकारी अमित लोहनी समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

लमगड़ा के कपिलेश्वर मंदिर का भ्रमण करते आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत।

डीएम के निर्देशन में हटाया अतिक्रमण

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अतिक्रमण पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके तहत मंगलवार को जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशन में फुआरा चौक-6 नम्बर पुलिया, रायपुर रोड से महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज, गुजरोवाली चौक, आराघर मण्डी-रेसकोर्स-माता मन्दिर रोड-रिस्पना धर्मपुर आदि स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम ने 70 चालान कर 59950 रुपये के अर्थदंड की कार्रवाई की। पुलिस द्वारा लगभग 30 चालान कर 13000 रुपये के अर्थदंड की कार्रवाई की गई। आरटीओ ने भी लगभग 12 चालान कर 6000 रुपये के अर्थदंड की कार्रवाई की। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।

सीएम धामी 11 को लोहाघाट में

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रस्तावित लोहाघाट दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियों को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया।

प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर डीएम नवनीत पाण्डे की अध्यक्षता में नगर पालिका सभागार लोहाघाट में विभिन्न जनप्रतिनिधियों, स्थानीय लोगों व अधिकारियों के मध्य बैठक में निर्णय लिया कि मुख्यमंत्री की जनसभा रामलीला मैदान में आयोजित की जाएगी। डीएम पाण्डे ने बताया कि 11 फरवरी को मुख्यमंत्री का नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत लोहाघाट आना प्रस्तावित है। बैठक में सर्वसहमति से जनसभा रामलीला मैदान को निर्धारित किया गया। पालिका के नेहरु ग्राउंड में प्रदर्शनी लगाई जाएंगी जहां सीएम प्रदर्शनी का जायजा व विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा, पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, भाजपा महामंत्री मुकेश कलखुड़िया, बाराकोट ब्लाक प्रमुख विनिता फर्त्याल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोहित पाठक, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, एसपी अजय गणपति, सीडीओ संजय कुमार सिंह, एडीएम हेमंत वर्मा, एसडीएम रिंकू बिष्ट, नोडल अधिकारी के एस बृजवाल आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर स्थल का मौका मुआयना करते डीएम और एसपी।

उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग में फिर काम शुरू

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का निर्देश मिला, 15 दिनों में काम अपनी गति पकड़ लेगा

ब्यूरो, उत्तरकाशी

अमृत विचार : दो महीने से अधिक समय तक बंद रहने के बाद उत्तरकाशी जिले में 'आल वेदर'सड़क मार्ग पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग का काम फिर शुरू हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देश पर बड़कोट की ओर से सिलक्यारा सुरंग निर्माण के कुछ कार्य शुरू कर दिए हैं।

उन्होंने बताया कि सुरंग की 'सेंटर वॉल' के निर्माण के लिए 'शटरिंग'प्रारंभ कर दी गयी है, जबकि सिलक्यारा की ओर से सुरंग के मुहाने पर निर्माणाधीन पुल का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। पिछले साल 12 नवंबर की सुबह 4.5 किलोमीटर लंबी निर्माणाधीन सुरंग में मलबा गिरने से उसमें 41 मजदूर फंस गए थे जिन्हें 17 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका था।


सिलक्यारा की इसी सुरंग में पुन :निर्माण कार्य शुरू होगा। ● अमृत विचार

हादसे के बाद से सुरंग का काम बंद पड़ा था। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआइडीसीएल) के परियोजना प्रबंधक कर्नल दीपक पाटिल ने बताया कि अनुमति मिलने के बाद धीरे-धीरे काम शुरू किया गया है और आने वाले 15 दिन में काम अपनी गति पकड़ेगा। कर्नल पाटिल ने शनिवार को कार्य का निरीक्षण किया था । उन्होंने बताया कि सिलक्यारा की ओर से पहले भूस्खलन वाले हिस्से और मुहाने के बीच करीब 100 मीटर के संवेदनशील हिस्से में सुरक्षात्मक कार्य होंगे। उन्होंने बताया कि मलबे में मजदूरों को निकालने के लिए बनायी गयी निकास सुरंग से श्रमिकों को अंदर भेजा जाएगा ताकि वहां 'डिवाटरिंग' यानि पानी को निकाला जा सके।

- **पहले भूस्खलन वाले हिस्से के बीच सुरक्षात्मक कार्य होंगे**
- **निकास सुरंग से श्रमिकों को अंदर भेजा जाएगा**

निर्माण फिर शुरू होने से ग्रामीण भी खुश

बता दें कि सिलक्यारा सुरंग हादसे के बाद से सुरंग के बाहर होटल-ढाबे और परचून की दुकान चलाने वाले भी खाली बैठे थे। अब सुरंग का निर्माण फिर शुरू होने से ग्रामीण भी खुश हैं। क्षेत्र में परचून की दुकान चलाने वाली गिनोटी गांव की किरण जयाड़ा ने बताया कि सुरंग में जब लोग फंस गए थे तो वह बहुत ज्यादा घबरा गई थीं। उन्होंने कहा कि उन्होंने हर दिन बौखनाग देवता से सभी श्रमिकों के सकुशल बाहर आने की प्रार्थना की थी । उन्होंने बताया कि हादसे से एक दिन पहले 11 नवंबर की शाम को पश्चिम बंगाल निवासी श्रमिक माणिक ने उन्हें दीवाली की मिठाई भी दी थी। सुरंग में फंसे लोगों में माणिक भी शामिल थे। जयाड़ा ने कहा कि माणिक ने किरण को फोन पर बताया है कि वह फिर से काम के लिए सिलक्यारा पहुंच रहे हैं।

14 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

बागेश्वर। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की टीम ने एक युवक को 14.15 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। वह हल्द्वानी से बागेश्वर में तस्करी के लिए स्मैक लाया था। आरोपी मुंबई से हत्या के प्रयास में जमानत पर भी रिहा हुआ है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजकर मुंबई पुलिस को इसकी सूचना दे दी है।

पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि द्वारसां निवासी ललित सिंह भाकुनी स्मैक बेचने की फिराक में है। जिस पर एसओजी प्रभारी प्रह्लाद सिंह टीम के साथ उसकी तलाश में गांव पहुंचे। उसके पास से 14.15 ग्राम स्मैक मिली। आरोपी ने बताया कि उसके खिलाफ मुंबई में धारा 307 का मुकदमा पंजीकृत है, जिसमें वह जमानत पर रिहा है। उसे केस लड़ने के लिए प्रतिमाह अधिवक्ता को फीस देने के लिए रुपया भेजना पड़ता है जिसके लिए पैसे जुटाने के लिए उसने यह कार्य किया।

नदी में अतिक्रमण पर डीएम को मिला नोटिस

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : नगर में अतिक्रमण और पुलिस लाइन के समीप कूड़ा निस्तारण का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। एनजीटी ने इसे गंभीरता से लेते हुए नगर में सरयू नदी में नरेंद्रा पैलेस बनाने व पुलिस लाइन के समीप खुले में कूड़ा जलाने के मामले में जिलाधिकारी को नोटिस भेजा है। उन्होंने इस पर जवाब मांगा है।

सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल वनवासी ने एनजीटी भारत सरकार को पत्र लिखकर शिकायत की थी कि नगर में नरेंद्रा पैलेस प्रशासन की नाक के नीचे अतिक्रमण करके बना है, जिसमें होटल का काफी हिस्सा सरयू नदी में बना है, जिससे नदी प्रदूषित हो रही है। साथ ही उन्होंने नगर पालिका की ओर से नगर का कूड़ा समेत जिला अस्पताल व क्लीनिकों का कूड़ा भी पुलिस लाइन माल्ता के समीप खुले में फेंकने व दिन भर उसे जलाने से हो रहे प्रदूषण की शिकायत की थी। जिस पर एनजीटी के कोरम न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव, सुधीर अग्रवाल, अरुण कुमार त्यागी व अफरोज अहमद ने इसे गंभीरता से लेकर इस पर आदेश जारी किया है, जिसकी प्रति जिलाधिकारी बागेश्वर समेत यूकेपीसीबी के सदस्य सचिव व जिलाधिकारी बागेश्वर को भेजी है। इस पर संयुक्त निरीक्षण करके मामले की जानकारी देने को कहा। इधर इस नोटिस से नदी में अतिक्रमण कर चुके नरेंद्रा पैलेस समेत अन्य व्यवसायियों में हड़कंप है। बता दें कि नरेंद्रा पैलेस का अधिकांश अतिक्रमण करके बनाया गया है। इसके साथ ही कई लोगों ने भी गोमती व सरयू नदी में अतिक्रमण करके विशाल इमारतें बनाई हैं जिससे नदियां प्रदूषित होती हैं।

पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी को नमन किया

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर जिले भर में उन्हें श्रद्धांजलि देकर याद किया गया। इस मौके पर अनेक स्थानों पर गोष्ठियों का आयोजन कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया और दो मिनट का मौन रखकर उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया गया।

राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि के मौके पर कांग्रेस कार्यालय अल्मोड़ा में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कि 2 अक्टूबर 1869 को जन्मे महात्मा गांधी ने सत्य अहिंसा के रास्ते पर चलकर अंग्रेजो भारत छोड़ो, सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, स्वराज, नमक सत्याग्रह व दलित आंदोलनों को धार दी। जिनके चलते भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी मिली, 30 जनवरी 1948 को उनकी हत्या होने से देश की अपूर्ण क्षति हुई, जिसकी भरपाई कभी की नहीं जा सकती है, महात्मा गांधी के देश के प्रति अहम योगदान से आज भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। इधर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में भी दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

अल्मोड़ा के कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए क्रांतिकारियों की स्मृति में कलेक्ट्रेट में शहीद दिवस मनाया गया। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में ललित सतवाल, पवन गैड़ा, भानु सिंह बिष्ट, परितोष जोशी, रोहित रौतेला, रोहन कुमार, दानिश खान, अभिषेक तिवारी आदि मौजूद रहे।

गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

बागेश्वर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी ने उन्हें याद किया। श्रद्धांजलि देते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष भगत सिंह डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष लोकमणि पाठक, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपा धपोला, जिला महामंत्री कवि जोशी, रमेश भंडारी, भुवन भैसौड़ा, प्रकाश बाछमी आदि उपस्थित थे।

सेवानिवृत्त सूबेदार माधवानंद नहीं रहे

टनकपुर। समाजसेवी और सेवानिवृत्त सूबेदार माधवानंद पंत का निधन हो गया। 90 वर्षीय पंत एएमसी में सूबेदार थे। वे पिछले कुछ समय से

बीमार थे। टनकपुर के ज्ञानखेड़ा निवासी माधवानंद पंत अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनके सबसे बड़े बेटे दिनेश पंत एनएचापीसी के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं, जबकि दूसरे बेटे गोवर्धन पंत फौज से रिटायर हैं। तीसरे बेटे सुरेश पंत

काष्ठ कलाकार हैं, जबकि सबसे छोटे पुत्र नरेंद्र पंत खटीमा के राजीव नवोदय विद्यालय में लिपिक हैं। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार अपरान्ह को टनकपुर के शारदा घाट में किया गया। चारों पुत्रों ने चिता को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मार्च में

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

इसमें फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 138 एनआई एक्ट से सम्बन्धित वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर सम्बन्धित वाद, वैवाहिक/कुटुम्ब न्यायालयों के वाद (विवाह विच्छेद को छोड़कर), श्रम सम्बन्धित वाद, भूमि अर्जन के वाद, दीवानी वाद, राजस्व सम्बन्धित वाद, वेतन-भत्तों एवं सेवानिवृत्ति से सम्बन्धित वाद, धन वसूली से सम्बन्धित वाद, विद्युत एवं जलकर बिलों के मामले (अशमनीय मामलों को छोड़कर), अन्य ऐसे मामले जो सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकेंगे। जो पक्षकार अपने वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करवाना चाहते हैं, वह सम्बंधित न्यायालय जहां उनका मुकदमा लम्बित है वहां प्रार्थनापत्र देकर अपने वाद राष्ट्रीय लोक अदालत के लिये नियत करवा सकते हैं ताकि वह अपना मुकदमा फाइनल करवा सकें।

तैयारी

- **वादों को निस्तारित करवाने की इच्छा रखने वाले पक्षकार सम्बंधित न्यायालय में आवेदन कर सकते हैं**

स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहुति देने वालों की याद में रखा मौन

ब्यूरो। स्वतन्त्रता संग्राम में प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में प्रत्येक वर्ष 30 जनवरी को प्रात : 11 बजे दो मिनट का मौन रखा जाता है। इसके तहत मंगलवार को कचहरी परिसर में भी कार्यक्रम हुआ। इसमें जिलाधिकारी सोनिका ने भी कलेक्ट्रेट के अधिकारी/कर्मचारियों के साथ शहीदों को याद किया। मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश

दुकान के मालिक ने चोरी किया था सात लाख रुपये का सोना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सराफा कारीगर की दुकान से सोना चुराने का मंगलवार दोपहर पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने दुकान मालिक और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। मालिक ने पुलिस को बताया कि कर्जदारों से बचने को उसने चोरी की थी।

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला मछली बाजार निवासी बाबुल मलिक ने सराफा बाजार में किराये पर दुकान ले रखी है। शुक्रवार रात वह दुकान बंद कर घर चला गया था। उसने पुलिस बताया था कि रात किसी समय चोर मौका पाकर उसकी दुकान का ताला तोड़कर कई ग्राम सोना चुराकर ले गए थे। सुबह उसने देखा तो दुकान के ताले टूटे पड़े थे। उसने पुलिस को मामले की जानकारी दी थी। बाद में उसने पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस लगातार चोरों को तलाश रही थी। पुलिस ने शक होने पर दुकान मालिक यासीन मलिक और उसके साथी फैज को गिरफ्तार कर लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर यासीन मलिक ने बताया कि वह काफी लोगों का कर्जदार हो चुका था। उससे निपटने के उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया। मंगलवार को सीओ सिटी जितेंद्र कुमार ने घटना का खुलासा किया। पुलिस को दोनों के पास से 140 ग्राम सोना मिला। सोने की कीमत लगभग सात लाख रुपये बताई गई है। पुलिस को एक स्कूटी भी मिली है। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

दुबई भेजने के नाम पर तीन लाख ठगे, रिपोर्ट दर्ज

बरखेड़ा। दुबई भेजने के नाम पर दो युवकों से 10 माह पहले शाहजहांपुर के जालसाजों ने तीन लाख रुपये की ठगी की थी। मामले में कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई रिपोर्ट में थाना क्षेत्र के गांव डडिया भगत निवासी रामकुमार ने बताया कि उसकी ससुराल शाहजहांपुर जिले के थाना जैतीपुर क्षेत्र के गांव सूरजपुर में है। उसके साले धर्मवीर के दोस्त थाना तिलहर के हरनोखा निवासी शेर सिंह, जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव मोहवर निवासी देवेंद्र सिंह, थाना भौती के गांव नई बस्ती निवासी भगवान सरन और वीरपाल नाम के युवक से उसकी मुलाकात हुई। आरोपी पीड़ित के गांव में भी आने-जाने लगे। इन लोगों ने पीड़ित और उसके दोस्त दियोरिया कला क्षेत्र के गांव सोधा निवासी गुरुदयाल सिंह को 20 दिन में बीजा पासपोर्ट बनवाकर दुबई भेजने का लालच दिया। जिस पर दोनों युवक ठगों की बात में आ गए। 10 अप्रैल 2023 को पीड़ित ने अपने गांव में ठगों को तीन लाख रुपये दे दिए। जब अधिक समय बीत गया तो पीड़ित ने आरोपियों को टोकना शुरू किया।

भाभी से दुष्कर्म में दो देवरों को 20-20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- **नौ साल पहले हुई थी घटना, आरोपी नंदोई की हो चुकी है मौत**

अमृत विचार : पति से विवाद होने के बाद शहर में मौसी के पास रहने वाली भाभी से घर में घुस कर तमंचे के बल पर दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने दो देवरों को 20-20 साल के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही कोर्ट ने दोषियों पर 33,500 रुपये जुर्माना भी लगाया है। दोनों दोषी देवर जमानत पर थे। सजा सुनाने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया। इसके अलावा एक आरोपी नंदोई की मौत हो चुकी है।

शहर के एक मुहल्ले में रहने वाली युवती की शादी मुरादाबाद के थाना व कस्बा कुंदरकी के मुहल्ला नुरुल्ला में हुई थी। पति से विवाद के चलते वह शहर में ही रहने वाली मौसी के घर आकर रहने लगी थी। 24 जनवरी 2015 की दोपहर वह घर में अकेली थी। तभी उसके देवर नदीम व कय्यूम तथा ननदोई वजीरुद्दीन आए और तीनों ने तमंचे के बल पर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

तब पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। अदालत के आदेश पर पुलिस ने 13 मार्च 2015 को तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कुछ दिन बाद आरोपियों को जमानत मिल गई थी। केस की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम ईश्वर सिंह की कोर्ट में हुई। केस की सुनवाई के दौरान आरोपी ननदोई वजीरुद्दीन की मौत हो गई। मंगलवार को कोर्ट में केस की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने सगे भाई नदीम व कय्यूम को दोषी करार दिया।

झोलाछाप ने किया था मजदूर के बेटे का अपहरण

कासगंज। ढाई लाख रुपये के कर्ज में डूबे झोलाछाप ने पत्नी के साथ ऐसी घिनौनी वारदात का षड़यंत्र रचा कि असफल होने पर वह खुद उसमें फंस गया। कर्ज उतारने के लिए आरोपी ने पांच दिन पहले बिलराम स्थित ईंट भट्ठा से मजदूर के बेटे का अपहरण कर लिया और उसे बेचने के लिए ग्राहक ढूंढे. लेकिन बच्चे का कोई खरीदार नहीं मिला तो आरोपी बच्चे को ईंट भट्ठे के पास छोड़ गए।

पुलिस ने मंगलवार को इसका खुलासा कर दिया। आरोपी झोलाछाप व उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस करते हुए एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि 25 जनवरी की शाम करीब 6 बजे ढोलना थाना क्षेत्र के बिलराम से ईंट भट्ठा के मजदूर बसंत के चार वर्षीय बेटे विक्रम का अपहरण हो गया। मामले में बसंत ने ढोलना थाने में एफआईआर दर्ज कराई।

युवती से रास्ते में दुष्कर्म की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : शादी-पार्टियों में वेलकम का काम करने वाली युवती को युवक ने जाल में फंसा कर उससे बीच रास्ते में दुष्कर्म करने की कोशिश की। घटना संभल रोड पर ताहपुर बाजार के पास की है। युवक-युवती कार में सवार थे। जब युवक मंशा में कामयाब नहीं हुआ तो वह युवती को वहीं कार से उतारकर निकल गया। इस मामले में पीड़िता ने मैनाठेर थाने में अमरोहा जिले के थाना डिडोली कस्बा जोया के नदीम पाशा के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज करा दी है।

पीड़िता मझोला थाना क्षेत्र के बुद्धि विहार की है। 20 वर्षीय पीड़िता ने थानाध्यक्ष मैनाठेर को आपबीती बताते हुए कहा कि आरोपी नदीम पाशा से उसकी जान-पहचान दो महीने पहले हुई थी। आरोपी ने जोया में अपनी बर्तन की होलसेल की दुकान बताई थी। आरोपी ने युवती को अपने यहां काम करने का आफर दिया था। युवती ने इस बारे में अपनी मां से पूछकर बाद में बताने की बात कही थी। आरोपी युवती से उसका घर देखने और मां से मिलने की जिद करने लगा था। 19 दिसंबर 2023 को आरोपी कार से युवती के घर पहुंच गया था। बाद में युवती को दुकान दिखाने के बहाने आरोपी युवती को अपने साथ ले गया। फिर उसे बहलाकर संभल रोड पर ताहरपुर बाजार की तरफ ले गया और वहीं खाली जमीन पर अपनी कार रोक दी। यहीं पर कार में ही वह युवती से छेड़छाड़ करने लगा और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव देने लगा। युवती के मुताबिक, उसने आरोपी की हरकतों का विरोध किया और गाड़ी से उतर गई। फिर वह किसी अन्य वाहन से अपने घर पहुंची थी। इस मामले में मैनाठेर थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज किया है।

परेशानी कुछ ट्रेनें बदले रूट से चलेंगी, कई को रास्ते में रोका जाएगा, प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने दी जानकारी

सीतापुर में नान इंटरलाकिंग कार्य से 13 ट्रेनें होंगी प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सीतापुर जंक्शन और सीतापुर सिटी स्टेशन के बीच नान इंटरलाकिंग और इंटरलाकिंग कार्य की वजह से मंडल की ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। 13 फरवरी तक रेल ब्लॉक का असर ट्रेनों के संचालन पर पड़ेगा। दोनों दिशा की 13 ट्रेनों को यात्रा के दौरान कुछ समय रोककर और कुछ स्टेशनों से रूट बदल कर चलाया जाएगा। मंगलवार से इस आधार पर ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया।

प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने यह जानकारी दी है। बताया है कि ट्रेन बालामऊ से सीतापुर के बीच चलने वाली (04353/54) तेरह फरवरी तक निरस्त रहेगी। उधर, बालामऊ- सीतापुर सिटी के बीच चलने वाली (04321/22) नौ से तेरह फरवरी तक निरस्त रहेगी। अमृतसर से दरभंगा के बीच चलने वाली गाड़ी (15212) आठ से बाह फरवरी तक रोजा-लखनऊ- बाराबंकी- बुढवल के रास्ते चलेगी।

गाड़ी संख्या (15211) आठ से बारह फरवरी तक बुढवल- बाराबंकी, लखनऊ- रोजा होकर चलेगी। अमृतसर- गोरखपुर को चलने वाली ट्रेन (22424) ग्यारह फरवरी को रोजा- लखनऊ- बुढ़वल- बाराबंकी रूट से चलेगी। यह ट्रेन 12 फरवरी को इसी रूट से वापसी करेगी। अमृतसर- सहरसा एक्सप्रेस (15532) बारह फरवरी को रोजा-लखनऊ- बाराबंकी- बुढ़वल से चलेगी। ग्यारह फरवरी को इस ट्रेन को बुढ़वल- बाराबंकी- लखनऊ- रोजा रूट से चलाया जाएगा।

कानपुर सेंट्रल से सीतापुर सिटी के बीच चलने वाली (04328) नौ से तेरह फरवरी को बालामऊ- सीतापुर के बीच निरस्त रहेगी जबकि, सीतापुर सिटी- कानपुर सेंट्रल स्टेशन के बीच ट्रेन संख्या (04327) नौ से तेरह फरवरी तक निरस्त रहेगी। रक्सौल से आनंद विहार के बीच चलने वाली (15274) बारह फरवरी को रास्ते में 55 मिनट रोकी जाएगी। सहरसा- अमृतसर के बीच चलने वाली (15531) ग्यारह फरवरी को रास्ते में 57 मिनट रोकी जाएगी।

ट्रेनों के इंतजार में ठिठुर रहे यात्री, बीकानेर साप्ताहिक 11 घंटे लेट

मुरादाबाद। कोहरा कम होने के बाद भी ट्रेनों के देर से चलने का क्रम जारी है। मंगलवार को बीकानेर साप्ताहिक ट्रेन 11 घंटे 8 मिनट की देरी से पहुंची। हिमगिरी 2 घंटे 44 मिनट से चली। राजधानी के यात्री 1 घंटा 38 मिनट से ट्रेन की प्रतीक्षा करते रहे। देहरादून लिंक 4 घंटे 14 मिनट, पोरवंदर 1 घंटा 6 मिनट, कुंभ 2 घंटा 20 मिनट और श्रमजीवी 1 घंटा 35 मिनट, जनसाधारण 1 घंटा 48 मिनट, सियालदह एक्सप्रेस 2 घंटे 11 मिनट, जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 2 घंटे 48 मिनट, गंगा-सतलुज एक्सप्रेस 2 घंटे 50 मिनट, कानपुर सेंट्रल साप्ताहिक एक्सप्रेस 3 घंटा 15 मिनट, सुपरफास्ट सप्तक्रांति 40 मिनट की देरी से चली। मुरादाबाद- रामनगर, सहारनपुर पैसेंजर मेमू, अलीगढ़, गजरौला सवारी गाड़ी की देरी को लेकर यात्रियों ने स्टेशन पर शोर मचाया, लेकिन स्टेशन मास्टर से उन्हें कोहरे का हवाला देकर शांत करा दिया।

अवध-असम ने 30 मिनट की यात्रा में लगाए 2 घंटे 30 मिनट

मुरादाबाद। अवध-असम एक्सप्रेस ने अमरोहा से मुरादाबाद तक का सफर पूरे दो घंटा 30 मिनट में पूरा किया। एक्सप्रेस अपराह्न दो बजे अमरोहा पहुंची। 20 मिनट बाद चली और हकीमपुर रुकने के बाद ट्रेन लोधीपुर में लूपलाइन में खड़ी हो गई। यहां से सवा चार बजे रवाना हुई और साढ़े चार बजे स्टेशन पहुंची। यात्रियों ने रेल प्रबंधन पर खीझ उतारी। दैनिक रेल यात्री संगठन के अध्यक्ष सुधीर पाठक ने इसे हास्यास्पद करार दिया।

बस की चपेट में आई स्कूल वैन छात्र समेत बाप और बेटे की मौत

संवाददाता, उझानी/कछला (बदायूं)

- **हादसे में स्कूल वैन में सवार सात अन्य छात्र भी घायल हुए**

अमृत विचार: रोडवेज बस को ओवरटेक करने के चक्कर में बच्चों को लेकर स्कूल जा रही वैन सामने से आ रही डीसीएम से टकराकर अनियंत्रित हो गई। हादसे में रोडवेज बस ने पीछे से अनियंत्रित वैन को टक्कर मार दी। भीषण हादसे में एक छात्र समेत वैन चालक और उसके डेढ़ साल के बेटे की मौत हो गई। जबकि सात अन्य छात्र-छात्राएं घायल हो गए।

उझानी क्षेत्र के गांव जनईया निवासी उमेश (28) पुत्र यशपाल के पास ईको कार थी। वह गांव फूलपुर के बच्चों को उझानी क्षेत्र के गांव बुटला बोर्ड स्थित कैप्टन गजराज सिंह इंटर कॉलेज में लाने और घर पहुंचाने काम करता था। मंगलवार सुबह वह घर से कार लेकर निकला तो डेढ़ साल का बेटा दुष्यंत भी साथ जाने के लिए रोते हुए जिद करने लगा। उमेश ने उसे कार में बैठा लिया। वह फूलपुर पहुंचा। तेजपाल की बेटी मेहर (9), कृतिका (7), बेटा आलेख (6), सुरेंद्र मौर्य की बेटी राधा (11) व स्वाती (17), विक्रम की बेटी सरिता (6) व शीतल, छत्रपाल की बेटे निशांत (6) को कॉलेज लेकर जा रहा था। रास्ते में कोहरा था। सुबह करीब 9.30 बजे बरेली-मथुरा राजमार्ग पर करुआ पुल के पास फूलपुर मोड़ पर अलीगढ़ डिपो की रोडवेज बस को उसने कार से ओवरटेक किया। इस दौरान सामने से डीसीएम आ गई। कार डीसीएम से टकराकर अनियंत्रित हो गई और इसी दौरान पीछे से आई रोडवेज बस ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। इससे कार में बैठे बच्चों में चीख पुकार मच गई। डीसीएम चालक भाग गया।

हादसे में कार चालक उमेश, उसके बेटे दुष्यंत और आलेख की मौत हो गई। घायल छात्र-छात्राओं को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। स्वाती की हालत गंभीर होने पर सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। डीएम मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने प्राचार्य डॉ. एनसी प्रजापति से बच्चों की हालत के बारे में जानकारी की। बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। उमेश के पिता यशपाल की तहरीर पर डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1165 डीएमओ 840।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1865, राज श्री 1400, फॉर्चून कि. 1735, रविन्द्रा 1770, फॉर्चुन ली0 1595, जय जवान 1435, सचिन 1435, सूरज 1460, अवसर 1510, राग गोल्ड 1525, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, ग्लैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छांटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 13700, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12100, अरहर पटका मोटा 12600, अरहर कोरा मोटा 12900, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15300, **चीनी**-डालमियां 4050, पीलीभीत 4010, नवाबगंज 4000, बहेड़ी (नई) 4010 रुपये।

डिजिटलीकरण से जवाबदेही में होगा सुधार

अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र में एआरडीबी, आरसीएस के कंप्यूटरीकरण की शुरू कीं परियोजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को 225 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों और सहकारी समितियों के पंजीयक के लिए कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम शुरू किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण के प्रयासों से उनके कामकाज में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार लाने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के सहयोग से सहकारिता मंत्रालय द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) और सहकारी समितियों के पंजीयक (आरसीएस) के लिए कंप्यूटरीकरण परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है।

शाह ने कहा कि परियोजनाएं संपूर्ण सहकारी तंत्र को एक डिजिटल मंच पर लाकर इसका आधुनिकीकरण करेंगी और इसकी दक्षता बढ़ाएंगी। उन्होंने कहा- इससे सहकारी क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार करने में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि कंप्यूटरीकरण की कुल लागत 225 करोड़ रुपये होगी, जिसमें से 95 करोड़ रुपये आरसीएस के कंप्यूटरीकरण पर खर्च किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एआरडीबी के कंप्यूटरीकरण से किसानों को मध्यम और दीर्घकालिक ऋण प्राप्त करने में मदद मिलेगी, कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण जरूरी था।

अमित शाह ने कहा कि किसानों को दीर्घावधि ऋण सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए इन एआरडीबी को पैक्स से जोड़ने की योजना है। पहली पहल के तहत, 13 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में एआरडीबी की 1,851 इकाइयों को कम्प्यूटरीकृत किया जाएगा।

किसानों के विकास के बिना देश प्रगति नहीं कर सकता



जबलपुर (मप्र)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर क्षेत्र में 2,367 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गडकरी ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा जबतक देश के गांवों, गरीबों, मजदूरों और किसानों का विकास नहीं होगा तब तक देश प्रगति नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय ने न केवल सड़कें बनाई हैं, बल्कि पानी को इकट्ठा करने के लिए तालाब भी बनाए हैं जिससे जल संरक्षण भी होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा-जबतक गांव, गरीब, मजदूर तथा किसान का विकास नहीं होगा तब तक देश प्रगति नहीं करेगा। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'स्मार्ट' शहर के साथ 'स्मार्ट' गांव विकसित करने की जरूरत है और इसमें सड़कों की अहम भूमिका है।

जी-सोनी विलयः एनसीएलटी ने सोनी को जारी किया नोटिस

मुंबई। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलटी) ने जी एंटरटेनमेंट के एक शेयरधारक की उस याचिका को मंगलवार को स्वीकार कर लिया, जिसमें उसने अपनी भारतीय इकाई का सोनी के साथ विलय करने का अनुरोध किया था। नियामक की मंजूरी के बावजूद इस विलय समझौते को पिछले सप्ताह समाप्त कर दिया गया था। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज (जील) के शेयरधारक मैड मेन फिल्म वेंचर्स द्वारा दायर एक याचिका पर सोनी को नोटिस जारी किया। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट को पहले सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) के नाम से जाना जाता था।

ईपीएस-95 में न्यूनतम पेंशन बढ़ाकर 7,500 रुपये मासिक करने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **पेंशनभोगियों ने भूख हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी**

सेवानिवृत्ति कोष प्रबंधक ईपीएफओ की कर्मचारी पेंशन योजना-1995 (ईपीएस-95) के तहत न्यूनतम मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये करने की मांग को लेकर पेंशनभोगियों ने मंगलवार को भूख हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ईपीएस-95 योजना के तहत पेंशनभोगियों को इस समय 1,000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन मिलती है। यह पेंशन सितंबर, 2014 में लागू नियमों के मुताबिक दी जा रही है। पेंशनभोगियों ने कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे 31 जनवरी को भूख हड़ताल शुरू करेंगे। देशभर से 50,000 से अधिक पेंशनभोगियों के इस आंदोलन में शामिल होने की उम्मीद है। ईपीएफओ के आंकड़े से पता चलता है कि देशभर में 78 लाख पेंशनभोगी हैं।

पेंशनभोगियों की मांगों के लिए संघर्षरत समिति ने बयान में कहा- ईपीएस-95 की राष्ट्रीय आंदोलन समिति के नेतृत्व में पेंशनभोगी न्यूनतम पेंशन को 7,500 रुपये प्रति माह तक बढ़ाने एवं अन्य लाभों की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर 31 जनवरी से दूसरी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। समिति ने कहा कि केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेन्द्र यादव के आश्वासन के बावजूद उनकी मांगें पूरी नहीं की गयी हैं। समिति के अध्यक्ष अशोक राउत ने कहा- यह हमारी अंतिम चेतावनी है। बार-बार आश्वासन देने के बावजूद हमारी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,100
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,500
गिन्नी (प्रति नग)	48,050-48,250
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,100
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,950
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,900
सोना जेवरात गिन्नी	62,900
चांदी पक्की	730 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,000
चांदी आभूषण	73,750।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 84-86 बासमती 99, **दाल दलहन**-काला चना 96-116 साबुत चना दाल 62-64 मूंग साबुत 94 राजमा 180-202 दाल उड़द 115-118 साबुत मसूर दाल 72 मसूर दाल 70-73 उड़द साबुत 100-116 काबुली चना 115-165 अरहर साबुत 124-132 अरहर दाल 128-157 लोबिया/करमानी 74 सोयाबीन 40-42 मूंगफली 74-77 मटर (सूखी) 49-61 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, दवा क्षेत्र के लिए पीएलआई योजनाओं में बदलाव पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण और दवा सहित कुछ क्षेत्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं में बदलाव करने पर विचार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि शीर्ष अधिकारियों से बदलावों की मंजूरी लेने के लिए मंत्रिमंडल टिप्पणी (नोट) को अंतिम रूप दिया गया है। बदलावों से इन क्षेत्रों को अधिक कंपनियों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। इस योजना की घोषणा 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2021 में 14 क्षेत्रों के लिए की गई थी। इसमें दूरसंचार, 'व्हाइट गुड्स', चिकित्सकीय उपकरणों का विनिर्माण, मोटर वाहन, विशेष इस्पात, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन विज्ञान सेल बैटरी, ड्रोन और दवा शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक जैसे कुछ क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि अन्य का प्रदर्शन अभी तक उतना अच्छा नहीं रहा है। सरकार ने अक्टूबर तक इलेक्ट्रॉनिक और दवा समेत आठ क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाओं के तहत 4,415 करोड़ रुपये वितरित किए हैं।

सेंसेक्स 801 अंक फिसलकर 71,139 पर बंद

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और बजाज फाइनेंस में हुई जमकर बिकवाली**

स्थानीय शेयर बाजार में एक दिन की जोरदार तेजी के बाद मंगलवार को फिर नरमी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 802 अंक लुढ़क गया। मुख्य रूप से रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और बजाज फाइनेंस में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 801.67 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,139.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 865.85 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 215.50 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,522.10 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस 5.03 प्रतिशत नीचे आया। तिमाही परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी के शेयर में गिरावट आई। इसके अलावा टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एनटीपीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तपसे ने कहा कि कारोबार समाप्त होने से पहले बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख का भी घरेलू बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा-बजट आने में एक दिन बचा है, ऐसे में निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया है।

राष्ट्रीय

हमें नीतीश कुमार की कोई जरूरत नहीं: राहुल

भारत जोड़ो-न्याय यात्राः पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में रैली को कांग्रेस नेता ने किया संबोधित

पूर्णिया, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को बिहार के पूर्णिया में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए। ● एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा के साथ हाथ मिलाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला करते हुए मंगलवार को कहा कि बिहार में विपक्षी दलों का महागठबंधन जदयू अध्यक्ष के बिना राज्य में समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा-(हमें) नीतीश जी की कोई जरूरत नहीं है... हमें उनकी बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। राहुल गांधी ने पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा-हम किसानों के हितों के लिए लड़ते रहेंगे। बिहार में किसान आर्थिक अन्याय के शिकार हैं। राहुल गांधी ने कहा-देश को ओबीसी, दलित, आदिवासियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों आदि की आबादी की सटीक संख्या निर्धारित करने के लिए एक्सरे की आवश्यकता है। लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में राहुल गांधी की यह पहली बड़ी रैली है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार को पूर्णिया पहुंची। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूर्णिया नहीं पहुंच सके। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद ने कहा कि दृश्यता कम होने के कारण उनका (खड़गे का) विमान पूर्णिया हवाई अड्डे तक नहीं पहुंच सका। रैली को खरगे ने अपने एक वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया।

विपक्षी गठबंधन खुद ही मर जाएगा : प्रल्हाद जोशी

नई दिल्ली। भाजपा ने मंगलवार को विपक्षी दलों के गठजोड़ इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का, उसे "ब्रेन डेड" कहकर मजाक उड़ाया और कहा कि यह एक अप्राकृतिक गठबंधन है और जल्द ही अपनी मौत मर जाएगा"। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि अन्य दलों के साथ झगड़ा करना कांग्रेस का स्वभाव है।

बलात्कार पीड़िता को मिली 23 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक फैसले में एक बलात्कार पीड़िता की 23 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति दे दी और राज्य सरकार के स्वामित्व वाले अस्पताल को इस उद्देश्य के लिए एक मेडिकल बोर्ड गठित करने की सलाह भी दी है। अदालती सूत्रों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। 27 वर्षीय पीड़िता एक समस्या का सामना कर रही थी और 21 सप्ताह के बाद जब उसकी गर्भावस्था का पता चला तो वह एक दर्दनाक स्थिति में थी। देश के कानून के अनुसार 20 सप्ताह या उससे अधिक पुरानी गर्भावस्था को अदालत की अनुमति के बाद ही समाप्त किया जा सकता है। न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य ने मामले की सुनवाई करते हुए दक्षिण कोलकाता के एमआर बांगुर अस्पताल को एक मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया।

जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंध पर समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट सेवाओं की बहाली के लिए याचिकाओं पर विचार करने के समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं। साथ ही न्यायालय ने प्रशासन से उन्हें प्रकाशित करने के लिए भी कहा।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज को निर्देश लेने और सुनवाई की अगली तारीख पर अदालत को अवगत कराने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। पीठ 'फाउंडेशन फॉर मीडिया प्रोफेशनल्स' द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंधों पर केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता वाली एक विशेष समिति द्वारा पारित समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करने की मांग की गई थी। नटराज ने कहा कि याचिकाकर्ता समिति के विचार-विमर्श के प्रकाशन की मांग कर रहा है। इस पर पीठ ने कहा-समीक्षा आदेश किसलिए हैं? समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं। कहा-समिति के विचार-विमर्श को प्रकाशित करना आवश्यक नहीं हो सकता है, लेकिन पारित समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करना आवश्यक है।

शुआट्स के कुलपति और अन्य को धर्मांतरण मामले में प्राप्त गिरफ्तारी से संरक्षण बढ़ा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कथित अवैध धर्मांतरण, दुष्कर्म और अनैतिक तस्करी के एक मामले में उत्तर प्रदेश के सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) के कुलपति राजेंद्र बिहार लाल और संस्थान के कुछ अन्य अधिकारियों को प्राप्त गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण मंगलवार को बढ़ा दिया।

विश्वविद्यालय की एक पूर्व संविदा कर्मचारी ने उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में चार नवंबर, 2023 को उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को कुलपति की याचिका पर एक सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-अगली सुनवाई की तारीख तक अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

एक नजर

राष्ट्रपति, मोदी ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर यहां राजघाट पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपिता के सम्मान में कुछ देर का मौन भी रखा गया मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है कि मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं उन सभी को भी श्रद्धांजलि देता हूं जो हमारे देश के लिए शहीद हुए हैं।

धर्मांतरण के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

पत्थलगांव। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में धर्मांतरण के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोकड़ा गांव में बगैर अनुमति के एक बड़ी धार्मिक सभा का आयोजन किया गया था। धर्मांतरण का आयोजन देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को शिकायत की थी। पुलिस ने रफैल नामक एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ,जबकि ओड़िसा ईसाई मिशनरी का पास्टर सहित अन्य लोग पुलिस टीम के पहुंचने से पहले ही फरार हो गए।

जब तक जीवित हूं, सीएए लागू नहीं होने दूंगी : ममता

रायगंज (पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव से पहले सीएए का मुद्दा उठाने के लिए मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि वह अपने जीवनकाल में राज्य में इसे लागू नहीं होने देंगी। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लाभ लेने के लिए आगामी चुनावों से पहले नागरिकता (संशोधन) अधिनियम यानी सीएए का मुद्दा उठाया है। बनर्जी ने कहा, चुनाव नजदीक आते देख, भाजपा ने राजनीतिक लाभ लेने के लिए फिर से सीएए का मुद्दा उठाया है। लेकिन मैं यह स्पष्ट कर दूं कि जब तक मैं जीवित हूं, पश्चिम बंगाल में इसे लागू नहीं होने दूंगी।

प्रेम प्रसंग में शिक्षक ने 2 सहकर्मियों की गोली मारकर की हत्या

रांची, एजेंसी

▸▸ **झारखंड के गोड्डा जिले के एक स्कूल में हुई वारदात**

झारखंड के गोड्डा जिले में एक सरकारी स्कूल के एक शिक्षक ने 'प्रेम प्रसंग' को लेकर अपने दो सहकर्मियों की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी और बाद में खुद को भी गोली मारकर बुरी तरह घायल कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना रांची से करीब 300 किलोमीटर दूर पोरइयाहाट के चतरा अपग्रेडेड स्कूल में पूर्वाह्न करीब 11 बजे घटी। गोड्डा के पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने बताया-दो शिक्षकों के शव स्कूल के एक कमरे में खून से लथपथ मिले जिनमें एक महिला थी। वहीं आरोपी शिक्षक भी गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने गोली चलने की आवाज सुनी तो वे वहां पहुंचे और कमरे को अंदर से बंद पाया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ दिया लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

संयुक्त परिवार का चलन समाप्त होने से वृद्धजनों की नहीं हो पा रही देखभाल

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए की टिप्पणी



बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक व्यक्ति को अपनी मां के घर को खाली करने का आदेश दिया जिस पर उसने और उसकी पत्नी ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। अपने फैसले में अदालत ने टिप्पणी की है कि संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण बुजुर्गों की उनके स्वजनों द्वारा देखभाल नहीं की जा रही है।

न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने कहा कि उम्र बढ़ना एक बड़ी सामाजिक चुनौती बन गई है और इसलिए वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा, "संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण, बड़ी संख्या में बुजुर्गों की देखभाल उनके परिवार द्वारा नहीं की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप, कई बुजुर्ग व्यक्ति, विशेष रूप से विधवा महिलाएं अब अपने जीवन के अंतिम वर्ष अकेले बिताने को मजबूर हैं और भावनात्मक उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं तथा भौतिक व वित्तीय सहायता की कमी से जूझ रहे हैं।" यह आदेश उपमंडल अधिकारी और वरिष्ठ नागरिक रखरखाव न्यायाधिकरण के अध्यक्ष के सितंबर 2021 के आदेश के खिलाफ दिनेश चंदनशिवे द्वारा दायर याचिका पर पारित किया गया था, जिसमें उन्हें उपनगरीय मुलुंड में अपनी बुजुर्ग मां लक्ष्मी चंदनशिवे के आवास को खाली करने का निर्देश दिया गया था। महिला के अनुसार, 2015 में उसके पति की मृत्यु के बाद, उसका बेटा और बहू उससे मिलने आए और उसके बाद घर छोड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने कथित तौर पर उसे परेशान किया और उसे घर छोड़ने के लिए मजबूर किया। बाद में महिला अपने बड़े बेटे के साथ ठाणे में रहने लगी। उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी और व्यक्ति और उसकी पत्नी को 15 दिनों के भीतर परिसर खाली करने का निर्देश दिया।

बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों को दिया गया आश्वासन**

सरकार ने मंगलवार को विभिन्न दलों के नेताओं से कहा कि वह 31 जनवरी से आरंभ हो रहे संसद के बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। बजट सत्र के मद्देनजर सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी जिसमें विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि बैठक में बातचीत बहुत सौहार्दपूर्ण रही और सरकार इस छोटे सत्र के दौरान हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। लोकसभा चुनाव से पहले यह आखिरी सत्र है।

रक्षामंत्री और लोकसभा में सदन के उपनेता राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। संसद भवन परिसर में हुई इस बैठक में उपस्थित नेताओं में कांग्रेस के नेता कोडिकुनिल सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता टी आर बालू, शिवसेना के राहुल शेवाले, समाजवादी पार्टी के नेता एस टी हसन, जदयू के नेता राम नाथ ठाकुर और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के जयदेव गल्ला शामिल थे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का बैठक में प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि उन्होंने असम में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो-न्याय यात्रा पर हिंसक हमले और उस पर राज्य सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदियों का मुद्दा उठाया। उच्च सदन में कांग्रेस के उप नेता तिवारी ने संवाददाताओं से कहा कि देश में अघोषित तानाशाही कायम है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद जैसे विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर रही है। इस बार 31 जनवरी से 9 फरवरी के बीच संसद सत्र होगा।

सांसदों का निलंबन वापस लिया जाएगा

संसद के बजट सत्र में संसद में अनुकूल माहौल बनाने के लिए सरकार ने पिछले सत्र में निलंबित सांसदों का निलंबन वापस लेने का प्रस्ताव किया है और दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपेक्षा की है। बुधवार से शुरु हो संसद के संक्षिप्त बजट सत्र से पहले मंगलवार को यहां हुई सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने सांसदों का निलम्बन वापस लेने के बारे में लोकसभा अध्यक्ष तथा राज्यसभा के सभापति से बात की है। उन्होंने कहा कि बैठक में कुल 30 दलों के 45 नेताओं ने हिस्सा लिया और सभी ने अनुकूल माहौल में अपनी बातें रखी। बैठक में सरकार ने सांसदों से आग्रह किया है कि यह 17वीं लोकसभा का आखिरी और बहुत छोटा सत्र हैं। सत्र में संसद का काम पूरा हो सके इसलिए सौहार्दपूर्ण माहौल में संसद चलाने और सदन में तख्तियां लेकर नहीं आएं।

पीएफआई षड्यंत्र मामले में तीन लोगों के खिलाफ आरोप-पत्र दायर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और 2047 तक भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने को उन्हें लड़ने के लिए हथियारों का प्रशिक्षण देने से संबंधित मामले में प्रतिबंधित पीएफआई के तीन कार्यकर्ताओं के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की गैरकानूनी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर रोकथाम की कार्रवाई करते हुए राजस्थान पीएफआई षड्यंत्र मामले में वाजिल अली, मुबारक अली और शमशेर खान के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया गया है।

राहुल और जडेजा के चोटिल होने से बढ़ीं चयनकर्ताओं की मुश्किलें

पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद भारत की नजर श्रृंखला में वापसी करने पर

नई दिल्ली, एजेंसी

रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के पहले टेस्ट मैच में चोटें लगने से चयनकर्ताओं के सामने दुविधा पैदा हो गई है कि उनकी जगह किन खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया जाए। दरअसल पहले मैच में मिली हार के बाद भारत की नजर दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को हराकर श्रृंखला में वापसी पर है। जडेजा और राहुल ने हैदराबाद टेस्ट में पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन करके मैच अपने पाले में कर लिया।

4 स्पिनरों के साथ उतर सकती है भारतीय टीम

भारतीय टीम इंग्लैंड की तरह ही 4 स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज के साथ उतर सकती है। ऐसे में मोहम्मद सिराज पर कुलदीप को तरजीह मिलेगी ताकि सरफराज या वॉशिंगटन को मध्यक्रम में उतारा जा सके। जडेजा की ही तरह सौरभ बाएं हाथ के स्पिनर हैं और हाल ही में शतक भी लगा चुके हैं।

रविंद्र जडेजा और राहुल का विकल्प तलाशना मुश्किल

जडेजा और राहुल दोनों ही मांसपेशियों में दर्द से जूझ रहे हैं। जडेजा की कमी पूरी कर पाना किसी के लिए भी मुश्किल है और राहुल वनडे और टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं। विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट से वैसे भी बाहर हैं। लिहाजा शुक्रवार से विशाखापत्तनम में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में भारत के सामने कई चुनौतियां होंगी। चयनकर्ताओं ने सरफराज खान, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया है। रजत पाटीदार हैदराबाद में भारत की 15 सदस्यीय टीम में थे। वह मध्यक्रम में राहुल की जगह ले सकते हैं, जबकि जडेजा की जगह कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है।

अनिल कुंबले ने कुलदीप यादव को दी तरजीह

स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि अंतिम एकादश में कुलदीप को जगह मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर भारत को लगता है कि सिर्फ एक तेज गेंदबाज से काम चल जाएगा तो कुलदीप को टीम में रखना चाहिए। उसके पास विविधता है और विकेट टर्न ले सकता है। चार टेस्ट के अपने कॅरिअर में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके ऑफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर भी चयन के दावेदार हैं। उन्होंने पांच पारियों में नाबाद 85 और नाबाद 95 रन बनाए हैं और दो विकेट भी लिए हैं।

पूर्व चयनकर्ता ने दी 3 स्पिनरों के साथ उतरने की सलाह

पूर्व चयनकर्ता शरणदीप सिंह ने कहा कि हरफनमौला उपयोगी होता है लेकिन अंतिम एकादश में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रजत पाटीदार को राहुल की जगह और जडेजा की जगह कुलदीप को उतारा जा सकता है। हमें इंग्लैंड की नकल करके चार स्पिनरों को उतारने की जरूरत नहीं है। अपनी धरती पर दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर हमारी ताकत रहे हैं। हमें उसी पर अडिग रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पारी की शुरुआत शुभगन गिल और यशस्वी जायसवाल को करनी चाहिए और रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिए।

इंग्लैंड के खिलाड़ियों में भारत को मात देने की क्षमता : बेन स्टोक्स

विशाखापत्तनम, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टीम में जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है वे भारत को उसकी धरती पर मात देने में सक्षम हैं। टॉम हार्टले ने अपने पहले टेस्ट में ही भारत की दूसरी पारी में 7 विकेट लेकर इंग्लैंड को 28 रन से यादगार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इंग्लैंड की टीम हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में सिर्फ एक तेज गेंदबाज मार्क वुड के साथ मैदान में उतरी और उसकी यह रणनीति कामयाब रही।

स्टोक्स ने कहा कि कभी-कभी अनुभवहीनता को ज्यादा बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाता है। हालांकि इसमें संदेह नहीं कि अनुभवी खिलाड़ी इन परिस्थितियों में अधिक सहज महसूस करता है। इस दौरे के लिए हमने जिन स्पिनरों को चुना है, वे भारत को हराने का सबसे अच्छा मौका देंगे। हम चाहते हैं कि वे परिणाम के बारे में ज्यादा चिंता किए बिना अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें।

अक्षदीप सिंह ने पैदल चाल में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

चंडीगढ़, एजेंसी

सूरज पंवार, प्रेमजीत सिंह बिष्ट ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

पेरिस ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके पंजाब के अक्षदीप सिंह ने राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा में मंगलवार को पुरुषों के 20 किलोमीटर वर्ग में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। रांची में राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले अक्षदीप ने एक घंटे 19 मिनट 38 सेकंड का समय निकालकर अपना ही एक घंटे 19 मिनट 55 सेकंड का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

उत्तराखंड के सूरज पंवार दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने पेरिस ओलंपिक का एक घंटे 20 मिनट 10 सेकंड का क्वालीफाइंग मार्क पार किया। उन्होंने एक घंटे 19 मिनट 43 सेकंड का समय निकाला। वह पेरिस ओलंपिक में पैदल चाल के लिए क्वालीफाई करने वाले चौथे भारतीय हैं।

प्रेमजीत सिंह बिष्ट और विकास सिंह भी क्वालीफाई कर चुके हैं। एक देश से तीन ही खिलाड़ी ट्रैक और फील्ड की व्यक्तिगत स्पर्धा में भाग ले सकते हैं और अब भारतीय एथलेटिक्स संघ को तय करना है कि इन चारों में से कौन पेरिस जाएगा। मंजू रानी ने 1:34:16 के समय के साथ महिलाओं की रेस वॉक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। रानी के बाद पोडियम पर पायल (1:34:45) और मुनिता प्रजापति (1:35:36) ने जगह बनाई।

मुशीर का शतक, सुपर 6 मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 214 रन से रौंदा

296 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 81 रन पर हुई ढेर

ब्लूमफोंटेन, एजेंसी

मुशीर खान के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत भारत ने मंगलवार को अंडर-19 विश्वकप में सुपर-6 के पहले मुकाबले न्यूजीलैंड को 214 रनों से हरा दिया है। मुशीर खान ने 131 रन की शतकीय और आदर्श सिंह ने 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेलकर भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 8 विकेट पर 295 रनों का स्कोर खड़ा किया।

296 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। न्यूजीलैंड ने पहले ही ओवर में अपने सलामी बल्लेबाज टॉम जोन्स का विकेट शून्य पर गवां दिया। इसके बाद न्यूजीलैंड के विकेट लगातार गिरते चले गए। जेम्स नेल्सन 10 रन, कप्तान ऑस्कर जैक्सन 19 रन, जैक कमिंग16 रन, एलेक्स थॉम्पसन 16 रन बनाकर आउट हुए।

शेष बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। सौमी पांडे के 4 विकेट, मुशीर खान और राज लिंबानी के दो-दो विकेट, नमन तिवारी और अर्शीन कुलकर्णी के एक-एक विकेट की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को 28.1 ओवर में 81 रन पर ढेर कर विश्व कप का पहला सुपर 6 मुकाबला जीत लिया।

131 रन की पारी खेली मुशीर खान ने

52 रन बनाए अदर्श सिंह ने 58 गेंदों में

शुरुआती झटकों के बाद मुशीर ने संभाली पारी

टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी का विकेट पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर खो दिया। इसके बाद आदर्श सिंह ने मुशीर खान के साथ दूसरे विकेट के लिए 77 रन जोड़े। आदर्श 58 गेंद में छह चौके की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान उदय सहारन ने मुशीर के साथ 87 रन की साझेदारी की। उदय 34 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अरावेली अवनीश 17 रन, प्रियांशु मोलिया 10 रन, सचिन दास 15 रन बनाकर आउट हुए। इस बीच मुशीर खान ने शतक जड़ा। यह उनका इस टूर्नामेंट में दूसरा शतक है। मुशीर खान ने टूर्नामेंट में चार मैच की चार पारियों में 81.25 की औसत से 325 रन बना चुके हैं। इनमें दो शतक और एक अर्धशतक है। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 295 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से मेसन क्लार्क ने 4 विकेट लिए। रयान त्सोर्गस, इवाल्ड श्रेडर, जैक कमिंग और ओलिवर तेवतिया ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

खेल डायरी

दीप्ति शर्मा टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

दुबई। भारत की दीप्ति शर्मा एक पायदान चढ़कर आईसीसी महिला टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में मंगलवार को संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि भारत की रेणुका सिंह भी दसवें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा 3 पायदान गिरकर दूसरे से पांचवें स्थान पर खिसक गई। दीप्ति के साथ पाकिस्तान की सादिया इकबाल दूसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड की सारा ग्लेन चौथे स्थान पर हैं। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्सेलेटन शीर्ष पर बनी हुई हैं। ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष दस में कोई बदलाव नहीं है, इसमें दीप्ति चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। बल्लेबाजों में भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना चौथे, जेमिमा रौड्रिग्स 13वें, शेफाली वर्मा 16वें और हरमनप्रीत कौर 17वें स्थान पर है। आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं, जबकि उनकी हमवतन ताहलिया मैकग्रा दूसरे स्थान पर हैं।

भारत क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से हारा

मस्कट। मोहम्मद राहील की हैट्रिक के बावजूद भारत को एफआईएच हॉकी-5 पुरुष विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को नीदरलैंड ने 7-4 से हार का सामना करना पड़ा। राहील के अलावा मनदीप मोर ने भारत के लिए गोल दागे। नीदरलैंड के लिए सैंडर डे विज्न और अलेक्जेंडर शॉप ने दो-दो गाल किए, जबकि लुकास मिडेनडोर्प, जैमी वान आर्ट और पेपिन रेयेंगा ने एक-एक गोल किया। मैच की शुरुआत काफी अच्छी रही और भारत के लिए राहील ने पहले ही मिनट में गोल दागा। इसके बाद नीदरलैंड को सैंडर ने बराबरी दिलाई। भारत ने जवाबी हमले तेज किए और सातवें मिनट में राहील ने दूसरा गोल दाग दिया। इसे शॉप ने दसवें मिनट में उतारा। मनदीप ने अगले मिनट फिर बढ़त दिलाई। इसके बाद मिडेनडोर्प और वान आर्ट ने गोल दाग दिए।

अनीष और विजयवीर फाइनल की दौड़ से बाहर

नई दिल्ली। भारत के अनीष भानवाला और विजयवीर सिद्धू मिस्र के काहिरा में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप चरण एक की पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के क्वालीफिकेशन दौर में 579 के समान स्कोर के साथ क्रमश: 10वें और 11वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। स्पर्धा में हिस्सा ले रहे तीसरे भारतीय अभिनव चौधरी मिस्र अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक सिटी निशानेबाजी रेंज में 569 अंक के साथ 22वें स्थान पर रहे। शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में अंजुम मोदगिल, प्रिया ब्रिजपाल सिंह और आशी चौकसी एलिमिनेशन दौर से आगे बढ़ने में सफल रहे और बुधवार को फाइनल के लिए क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे।

त्रीशा-गायत्री दूसरे दौर में, अश्विनी-तनीषा से होगी भिड़ंत

थाईलैंड मास्टर्स

बैंकॉक। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले में लोक लुइ और विंग युंग एनजी की हांगकांग की जोड़ी को हराकर महिला युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। छठी वरीय भारतीय जोड़ी ने पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे और 14 मिनट में 16-21, 21-10 21-18 से जीत दर्ज की। त्रीशा और गायत्री अगले दौर में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की हमवतन गैर वरीय जोड़ी से भिड़ेंगी। तनीषा और अश्विनी ने लिंग फैंग हू और शियाओ मिन लिन की चीनी ताइपे की जोड़ी को 21-13, 21-17 से हराया। पुरुष एकल में भारत के समीर वर्मा और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रामण्यम दो क्वालीफाइंग मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में सफल रहे। समीर ने अमेरिका के होवार्ड शू को पुरुष एकल क्वालीफिकेशन के पहले दौर में 21-9, 21-16 से हराने के बाद चीनी ताइपे के कुआन लिन कुओ को 16-21, 21-16, 21-15 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। मुथुस्वामी ने इंडोनेशिया के टॉमी सुगियार्तो को 9-21, 21-17, 21-12 से हराने के बाद थाईलैंड के कोराकृत लाओत्राकुल को 20-22, 21-10, 21-14 से हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। समीर पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस जबकि मुथुस्वामी मलेशिया के जुन हाओ लियोंग से भिड़ेंगे।

दिव्या देशमुख ने दर्शकों पर लगाया लिंगभेद का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

शतरंज खिलाड़ी दिव्या ने नीदरलैंड दौरे का साझा किया अनुभव



भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने आरोप लगाया है कि हाल ही में नीदरलैंड के विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स के दौरान दर्शकों की ओर से लिंगभेद का सामना करना पड़ा।

नागपुर की 18 वर्ष की अंतर्राष्ट्रीय मास्टर ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट में अपने इस खराब अनुभव का ब्योरा दिया है। उन्होंने लिखा कि मैं काफी समय से इस पर बोलना चाहती थी लेकिन टूर्नामेंट खत्म होने का इंतजार कर रही थी। मैंने देखा है कि शतरंज में दर्शक महिला खिलाड़ियों को बहुत हलके में लेते हैं। हाल ही में खुद यह अनुभव किया। कुछ मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया जिस पर गर्व है। उन्हें लोगों ने बताया कि दर्शकों का ध्यान उनके खेल पर था ही नहीं बल्कि बाकी गैर जरूरी चीजों जैसे कपड़े, बाल, लहजे पर था।

देशमुख चैलेंजर श्रेणी में 4.5 स्कोर करके 12वें स्थान पर रहीं। उन्होंने कहा कि पुरुष खिलाड़ियों को उनके खेल के लिए जाना जाता है जबकि महिलाओं के मामले में उलटा है।

उन्होंने कहा कि वह इससे काफी दुखी थी। यह काफी दुखद है कि जब महिला शतरंज खेलती है तो वह कितना भी अच्छा खेले, लोग खेल पर ध्यान नहीं देते। महिला खिलाड़ियों को रोजाना इसका सामना करना पड़ता है। इतने साल तक यह सब झेला है। महिलाओं को भी समान सम्मान मिलना चाहिए।

जोसेफ चोट के कारण आईएलटी-20 से बाहर

गाबा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 7 विकेट लेने वाले वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ गाबा टेस्ट मैच के दौरान लगी चोट के कारण आईएलटी-20 से बाहर हो गए हैं। वह दुबई कैपिटल्स का हिस्सा थे। उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद इसका हिस्सा बनना था।

जोसेफ को गस ऐटकिंसन की जगह टीम में शामिल किया गया है। ऐटकिंसन इस समय भारत में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेल रही इंग्लैंड की टीम का हिस्सा हैं। ऐटकिंसन के वापस आने की स्थिति में भी जोसेफ पेशावर की टीम के साथ बने रहेंगे।

मुंबई ओपन चैंपियनशिप 5 फरवरी से

टेनिस

मुंबई, एजेंसी

मुंबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप में 31 देशों के खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे, जिसका आयोजन 6 साल के बाद मुंबई में 5 से 11 फरवरी तक होगा। आयोजन क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (ब्रेबॉर्न स्टेडियम) में होगा।

मुंबई ओपन के तीसरे सत्र में एकल वर्ग में शीर्ष 100 रैंकिंग में शामिल तीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जबकि युगल वर्ग में छह खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। यह टूर्नामेंट डब्ल्यूटीए 1,25,000 डॉलर सीरीज का हिस्सा है। विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर काबिज अमेरिका की कायला डे हिबिनो और फ्रेंच ओपन की पूर्व सेमीफाइनलिस्ट तमारा जिदानसेक एकल में शीर्ष 100 में शामिल दो अन्य खिलाड़ी है।

अंकिता रैना एकल मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय हैं। युगल में भारत की शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी प्रार्थना थोम्बरे और नीदरलैंड की उनकी जोड़ीदार एरियन हार्टोनो को मुख्य ड्रॉ में सीधा प्रवेश मिला है। वाइल्ड कार्ड धारकों के नामों की जल्द घोषणा होगी।

बॉलीवुड हलचल

स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी पुष्पा २

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 इस साल 15 अगस्त को रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा द राइज की जबरदस्त सफलता के बाद अब मेकर्स इसका सीक्वल पुष्पा 2 लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने पुष्पा 2 का नया पोस्टर लॉन्च किया है। पुष्पा 2 : द रूल का पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा कि पुष्पा राज का शासन शुरू होने में बस 200 दिन बाकी। 15 अगस्त को दुनियाभर में होगी रिलीज। पुष्पा : द राइज को सुकुमार ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म के निर्देशक सुकुमार और अभिनेता अल्लू अर्जुन मई के अंत तक पुष्पा 2 की शूटिंग खत्म करने की कोशिश में हैं। कहा जा रहा है कि अभी फिल्म की लगभग 100 दिनों की शूटिंग बाकी है, जिसे खत्म करने के लिए टीम अगले 5 महीनों तक लगातार शूटिंग करेगी।

वीडियो में बोल्ड अंदाज में दिखने पर सोशल मीडिया पर ट्रोल हुईं साक्षी चोपड़ा

रामानंद सागर की पड़पोती साक्षी चोपड़ा की बोल्ड फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल होती हैं। साक्षी चोपड़ा इन दिनों अपने एक गाने को लेकर चर्चा में हैं। साक्षी चोपड़ा के गाने के नाम घोस्ट्स है। जिसको लेकर एक्ट्रेस खूब ट्रोल हो रही हैं। इस वायरल हो रहे गाने में साक्षी चोपड़ा बेहद बोल्ड अंदाज में दिखाई दीं। साक्षी चोपड़ा को उनके बोल्ड अंदाज को लेकर खूब ट्रोल हो रही है। साक्षी चोपड़ा के इस वीडियो पर कमेंट करते हुए यूजर्स उनकी तुलना उर्फी जावेद से करते हुए नजर आए तो वहीं फैंस को साक्षी चोपड़ा का ये बोल्ड अंदाज काफी पसंद आ रहा है। फैंस साक्षी चोपड़ा के इस डांस वीडियो की जमकर तारिफ करते हुए नजर आए।

मुसाफिरा से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं स्मृति सिन्हा

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री स्मृति सिन्हा की पहली मराठी और हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली फिल्म 2 फरवरी को सिनेमाघरों में होगी। स्मृति सिन्हा इस फिल्म के जरिये मराठी और हिंदी में डेब्यू कर रही हैं। वह इस फिल्म को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। इस फिल्म में उनके साथ पुष्कर जोग, पूजा सावंत, दिशा परदेशी और पुष्कराज चिरपुटकर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म को लेकर स्मृति सिन्हा ने कहा कि यह उनके लिए शानदार मौका है अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का। पूरा भरोसा है कि उनका काम मराठी ऑडियंस को भी बेहद पसंद आएगा। साथ ही हिंदी भाषी लोगों को भी फिल्म मुसाफिरा अपनी ओर आकर्षित करेगी। स्मृति सिन्हा ने कहा कि उन्हें अपनी मेहनत और काबिलियत पर भरोसा है। उन्होंने हमेशा कोशिश की कि अपने हिस्से का किरदार पूरी संजीदगी से निभाएं, वह चाहे रियल लाइफ में हो या रील लाइफ में।

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का टाइटल ट्रैक रिलीज

अभिनेता शाहिद कपूर और कृति सैनन की आने वाली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर और कृति सैनन की जोड़ी जल्द ही रोमांटिक फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आएगी। इस फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और अराधना शाह ने किया है। टाइटल ट्रैक में शाहिद और कृति के बीच बेहतरीन रोमांटिक केमिस्ट्री नजर आ रही है। यह गाना राघव और तनिष्क बागची द्वारा संगीतबद्ध किया गया है। इस गाने को दोनों ने असीस कौर के साथ मिलकर गाया है। इसके बोल बागची ने लिखे हैं। शेख जानी बाशा ने गाने की कोरियोग्राफी की है। दिनेश विजान निर्मित तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

सनी लियोनी ने नोएडा में खोला रेस्टोरेंट

बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी ने फूड इंडस्ट्री के बिजनेस में कदम रखा है। सनी ने अपना खुद का रेस्टोरेंट शुरू किया है, जिसकी ओपनिंग राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा शहर में की गई है। इसको लेकर सनी लियोनी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ वीडियो और फोटोज भी शेयर की हैं। सनी लियोनी के रेस्टोरेंट का नाम चिका लोका है। सनी लियोनी ने बताया कि वह एक्टिंग और फिल्मों के साथ बिजनेस में कदम बढ़ा रही हैं। रेस्टोरेंट के अलावा वे और भी कई सारे आइडियाज में काम करना चाहती हैं।

ऋतिक रोशन को कॉमेडी फिल्म करने का बेसब्री से इंतजार

ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी फिल्म फाइटर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच ऋतिक रोशन ने कहा कि वह पिछले कुछ समय से कॉमेडी फिल्म करने का इंतजार कर रहे हैं। ऋतिक रोशन ने कहा कि वह एक कॉमेडी फिल्म करने के लिए उतावले हैं। लेकिन कोई स्क्रिप्ट नहीं मिली है। वह अमेरिकी कॉमेडी फिल्म हैंगओवर जैसी कहानी की तलाश में हैं। इस तरह से ऋतिक रोशन ने अक्षय कुमार और अजय देवगन को टक्कर देने के लिए सोच लिया है। दरअसल, अक्षय कुमार और अजय देवगन कॉमेडी फिल्में करते नजर आते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: वैज्ञानिकों ने एक ऐसा आश्चर्यजनक ब्लैक होल खोज निकाला है, जो अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा है। इस तरह की यह पहली खोज है, जो ब्रह्मांड के एक अजूबे रहस्य को उजागर करती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि बिग बैंग के 400 मिलियन बाद यह ब्लैक होल अस्तित्व में आया था।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों का मानना है कि ये ब्रह्मांड का सबसे पुराना ज्ञात ब्लैक होल है। हबल स्पेस टेलीस्कोप ने इसे खोजा है। इस आकाशगंगा का नाम जीएन- जेड11 है। यह एक महाविशाल प्राचीन ब्लैक होल है, जो इस आकाशगंगा के केंद्र में स्थित है। इस खोज मे खगोलविदों की अंतरराष्ट्रीय टीम शामिल थी। वैज्ञानिकों का कहना है आधुनिक सिद्धांतों के अनुसार इस ब्लैक होल की उम्र 13 अरब वर्ष से अधिक हो सकती है। यह ब्लैक होल अपनी मेजबान आकाशगंगा को खा रहा है। प्रारंभिक ब्रह्मांड में ब्लैक होल की गतिविधि की नई जानकारी मिलती है। यह एक प्रकार से बेहद भूखे ब्लैक होल हैं। ब्रह्मांड इस तरह के ब्लैक होल और भी हो सकते हैं। यूके में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में यह खोज की गई। याग ब्लैक होल आकार में हमारे सूर्य से लाखों गुना बड़ा है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्माण्ड में इतने बड़े ब्लैक होल की वजह प्रारंभिक आकाशगंगाओं के अत्यधिक गैस-समृद्ध होना हो सकता है।

अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल।

ब्रह्मांड की खोज का नया युग है यह दौर

नैनीताल: वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्मांड की खोज की दिशा में यह एक नए युग की शुरुआत है। वेब और हबल जैसी दूरबीनों के आ जाने से ब्रह्मांड की नित नई ऐसी जानकारी मिल रही है, जो हमारी कल्पनाओं से भी परे हैं और भविष्य में इस तरह की न जाने कितने रहस्य उजागर होंगे, जिनके बारे में हम कभी सोच भी नही सकते।

10 भारतीय मछुआरों को दो वर्ष की सजा

कोलंबो। श्रीलंका की एक अदालत ने देश के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए 10 भारतीय मछुआरों को दो वर्ष की निलंबित सजा सुनाई।

उत्तरी जाफना प्रायद्वीप के पॉइंट पेड्रो के मजिस्ट्रेट ने सोमवार को सजा सुनाते हुए नौका के मालिक को 24 अक्टूबर को अगली सुनवाई के दौरान अदालत में पेश होने का आदेश भी दिया। अवैध रूप से मछली पकड़ने के मामले में नौका जब्त की जा चुकी है। दो साल की जेल की सजा को पांच साल के लिए निलंबित करने का मतलब है कि मछु आरे वास्तव में जेल नहीं जाएंगे बल्कि उनकी सजा पांच साल के लिए निलंबित कर दी गई है। 23 दिसंबर को गिरफ्तार किए गए मछुआरे तीन बार अदालत में पेश हो चुके हैं।

भारत ने इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के लिए द्विराष्ट्र समाधान का किया समर्थन : जयशंकर

मुंबई, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत दशकों पुराने इजराइल-फलस्तीन संघर्ष को समाप्त करने के लिए द्विराष्ट्र समाधान का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर की शुरुआत में यहूदी देश के अंदर हमास के हमलों के बाद गाजा पट्टी में युद्ध भड़क उठा है जिसकी समाप्ति का कोई संकेत नहीं दिखता।

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), मुंबई के छात्रों के साथ बातचीत में एक सवाल का जवाब देते हुए, जयशंकर ने कहा कि यह निश्चित रूप से भारत का और बहुत बड़ी संख्या में देशों का विचार है कि द्विराष्ट्र समाधान ही कारगर हो सकता है जहां इजराइल के साथ फलस्तीन राष्ट्र होना चाहिए। तो आज हमारे लिए सभी पहलू हैं। हम एक पहलू नहीं ले सकते और यह नहीं कह सकते कि यही एकमात्र पहलू है।

क्षमता और प्रतिष्ठा के लिए जरूरी है हम मदद करें

लाल सागर में मर्चेंट नेवी के पोतों पर हमले और क्षेत्र में भारतीय नौसेना के पोतों की तैनाती के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत की क्षमता, अपने हित और प्रतिष्ठा के लिए आज जरूरी है कि वह कठिन परिस्थितियों में वास्तव में मदद करें। जयशंकर ने कहा कि भारतीय नौसेना ने इस क्षेत्र में अपने 10 पोत तैनात किए हैं। अधिकारियों ने बताया भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर ईरानी झंडा लगे मछली पकड़ने के जहाज पर समुद्री डाकुओं के हमले के बाद उस पर सवार चालक दल के 19 पाकिस्तानी सदस्यों को बचाया। आईएनएस सुमित्रा को अदन की खाड़ी और सोमालिया के पूर्व में समुद्री दस्यु रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात किया गया है।

एक नजर

म्यांमार में अवैध रूप से गोला-बारुद रखने के आरोप में सात गिरफ्तार

यांगून। म्यांमार पुलिस ने पूर्वी प्रांत शान में अवैध रूप से हथियार और गोला-बारूद रखने के आरोप में सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। सरकारी म्यांमार समाचार एजेंसी ने मंगलवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि अवैध रूप से हथियारबंद संदिग्ध लोगों का एक समूह ताचिलेइक शहर में मोबाइल दुकान पर आ रहा है। सूचना के मिलने के बाद पुलिस ने 26 जनवरी को दुकान से संदिग्ध हथियाबंद लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में दो थाईलैंड और अन्य पांच म्यांमार के नागरिक शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से चार पिस्तौल, सात मैगजीन तथा 62 गोलियां सहित गोला-बारुद जब्त किया है। संदिग्धों में से एक को थाईलैंड और म्यांमार अधिकारियों ने नशीली दवाओं के मामलों में वांछित भगोड़ा बताया गया था। संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

नाइजीरियाई सेना के हवाई हमले में मारे गए 30 संदिग्ध अपहरणकर्ता

अबुजा। नाइजीरिया के पश्चिमोत्तर प्रांत कदुना में सेना की ओर से सप्ताहांत में किए गए हवाई हमले में कम से कम 30 संदिग्ध अपहरणकर्ता मारे गए हैं। नाइजीरियाई वायु सेना के प्रवक्ता एडवर्ड गैबक्वेट ने कहा कि खुफिया रिपोर्ट के बाद एक अभियान चलाया गया था। एक सैन्य लड़ाकू जेट ने कदुना के बिरनिन ग्वारी इलाके में 15 मोटरसाइकिलों के काफिले में सवार संदिग्धों की गतिविधियों को देखा गया था। उन्होंने कहा कि आपराधिक समूह उसी क्षेत्र में सैनिकों पर घात लगाकर किए गए हमले के लिए जिम्मेदार था। उन्होंने बिरनिन ग्वारी में निर्दोष नागरिकों पर कई हमले किए और अपहरण की वारदात का भी अंजाम दिया था। उन्होंने कहा कि संदिग्ध अपहरणकर्ताओं का पीछा किया गया और उन पर सटीक हमला कर उनका खात्मा किया गया।

उ. कोरिया ने एक माह में तीसरी बार दागी क्रूज मिसाइल : दक्षिण कोरिया

सियोल। उत्तर कोरिया ने मंगलवार को पश्चिमी तट के पास समुद्र में कई क्रूज मिसाइलें दागीं जो इस महीने में उसका इस प्रकार का तीसरा परीक्षण है। दक्षिण कोरिया ने यह जानकारी दी। यह परीक्षण ऐसे समय में किया गया है जब क्षेत्र में तनाव पहले से बढ़ा हुआ है। उत्तर कोरिया द्वारा हथियारों का प्रदर्शन और अमेरिका, दक्षिण कोरिया एवं जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास बढ़ गए हैं। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सेनाएं इन प्रक्षेपणों का विश्लेषण कर रही हैं। अभी यह जानकारी नहीं दी गई है कि कितनी मिसाइलें दागी गईं या वे कितनी दूर तक पहुंचीं। इससे पहले उत्तर कोरिया ने 24 जनवरी और 28 जनवरी को भी इसी प्रकार के परीक्षण किए थे। उत्तर कोरिया ने बताया था कि उसने पनडुब्बी से प्रक्षेपण के लिए विकसित नई क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया ने 14 जनवरी को पहली ठोस-ईंधन आधारित मध्यवर्ती रेंज वाली बैलिस्टिक मिसाइल का भी परीक्षण किया था।

चीन में भूकंप के मध्यम झटके

उरुमकी। उत्तर-पश्चिमी चीन के शिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र के किर्गिज स्वायत्त प्रान्त किजिलसु के अक्की काउंटी में भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार, स्थानीय समयानुसार, मंगलवार तड़के करीब 06 :27 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.7 मापी गई। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर 41.15 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 78.67 डिग्री पूर्वी देशांतर में था। भूकंप के केंद्र के 20 किलोमीटर के दायरे में कोई निवास नहीं करता है। स्थानीय अग्निशमन विभाग, सार्वजनिक सुरक्षा विभाग और आपातकालीन बचाव विभाग ने पुष्टि की है कि किसी के हताहत होने या मकानों के ढहने की सूचना नहीं है। बचाव के लिए दो गाड़ियों और 10 कर्मियों की व्यवस्था की है।

खान यूनिस में अब तक इजरायली सेना ने दो हजार फिलिस्तीनी लड़ाकों को मार गिराया

दावा: गाजा पट्टी पर तीन माह में लगभग 9,000 हमास के लड़ाकों का हो जा चुका है सफाया

30 से 40 हजार के बीच है हमास सैनिकों की संख्या

26,600 से अधिक लोग मारे गए हैं गाजा पट्टी में अब तक

यरुशलम, एजेंसी

इजरायली सेना ने दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में एक अभियान के दौरान 2,000 से अधिक फिलिस्तीनी लड़ाकों को मार गिराया। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता आर.डी. एम.एल. डैनियल हगारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

प्रवक्ता हगारी ने कहा कि हाल के सप्ताहों में आईडीएफ के जवान हमास बटालियनों के सैन्य ढांचे को नष्ट करने का काम कर रहे हैं। हमने पहले ही पूर्वी खान यूनिस में हमास के दो बटालियनों को नष्ट कर दिया है और अब हम पश्चिम की ओर बढ़कर इस काम को अंजाम दे रहे हैं। अभियान में कई कमांडरों को मार गिराया है और कई भाग गए हैं, कुछ ने आत्मसमर्पण कर दिया है, या गिरफ्तार किए गए हैं और बचे हुए आतंकवादी असंगठित आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पूरे खान यूनिस में हमने 2,000 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया है। इजरायली सेना का दावा है कि गाजा पट्टी पर इजरायली आक्रमण के बाद से तीन महीनों में लगभग 9,000 हमास के लड़ाकों का सफाया किया जा चुका है। विभिन्न कयासों के अनुसार हमास सैनिकों की कुल संख्या 30,000 से 40,000 के बीच है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर, 2023 को गाजा पट्टी को नियंत्रित करने वाले फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और इजरायल की सीमा में घुसकर 1,200 से अधिक लोग मारे डाला था और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया था। वहीं, इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को सुरक्षित बचाकर लाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी स्तर पर हमला शुरू किया। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि गाजा पट्टी में अब तक 26,600 से अधिक लोग मारे गए हैं।

नेतन्याहू ने हटने और आतंकवादियों की रिहाई से किया इनकार

यरुशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि गाजा से कोई सैन्य वापसी या जेल में बंद हजारों आतंकवादियों की रिहाई नहीं होगी। फिलहाल चल रही अप्रत्यक्ष संघर्ष विराम वार्ता में हमास की तरफ से रखी गई यह दो मांग प्रमुख हैं। कब्जे वाले पश्चिमी तट में एक कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने एक बार फिर संकल्प जताया कि हमास पर पूर्ण विजय के बिना युद्ध समाप्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने सभी लक्ष्यों को हासिल किए बिना युद्ध खत्म नहीं करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम गाजा पट्टी से इजरायली सेना को नहीं हटाएंगे और हजारों आतंकवादियों को रिहा नहीं करेंगे।

इजरायली सेना ने तीन फिलिस्तीनी नागरिकों को मारा

रामल्लाह। इजरायल सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने वेस्ट बैंक शहर जेनिन के एक अस्पताल में छापेमारी के दौरान हमास के सशस्त्र तीन युवा लड़ाकू की हत्या कर दी। फिलिस्तीनी और इजरायली सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जेनिन के कार्यवाहक गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने 'शिन्हुआ' को बताया कि इजरायली विशेष बल ने शहर के इब्न सिना अस्पताल में घुसकर तीन युवा सशस्त्र नागरिकों की हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि यह अस्पतालों की सुरक्षा करने वाले सभी चार्टर और परंपराओं का उल्लंघन कर उसे कब्जे में लेने का एक नया अपराध है। इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान में कहा कि सेना ने इस्लामिक चरमपंथी संगठन (हमास) के सशस्त्र सेल को मार गिराया है, जो जेनिन शहर में इब्न सिना अस्पताल के अंदर छिपे हुए थे, उन पर विध्वंशक अभियान चलाने की योजना बनाने का आरोप लगाया गया था। उल्लेखनीय है गाजा पट्टी से 07 अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर रॉकेट के हमलों के बाद से इजरायल की ओर से किए गए हमलों से वेस्ट बैंक में तनाव बढ़ गया है। इजरायली सेना हमास के ठिकानों को खत्म करने में लगी हुई है।

इमरान और कुरैशी को सिफर मामले में 10 साल की सजा

पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के उप नेता शाह महमूद कुरैशी की बेटी गौहर बानो कुरैशी (बाएं) और पत्नी महरीन कुरैशी ने अदियाला जेल के बाहर अदालत के फैसले के बाद मीडिया से बात की। ● एजेंसी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की राजनीति में मंगलवार को उस समय तूफानी घटनाक्रम सामने आया जब सरकारी गोपनीयता कानून मामलों की विशेष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को सिफर मामले में मंगलवार को 10 साल की सजा सुनाई। सुनवाई की शुरुआत में खान और कुरैशी को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 342 के तहत एक प्रश्नावली दी गई।

खान की ओर से बयान दर्ज करने के बाद अदालत ने उनसे सिफर के ठिकाने के बारे में पूछा, जिस पर उन्होंने जवाब दिया कि मैंने अपने बयान में यही कहा है जो मुझे नहीं पता। सिफर मेरे कार्यालय में था। सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने दोनों नेताओं को 10 साल जेल की सजा सुनाई। फैसला सुनाने के बाद न्यायाधीश अदालत कक्ष से बाहर चले गए। कुरैशी ने यह कहते हुए विरोध जताया कि उनका बयान दर्ज नहीं किया गया। विशेष अदालत का यह फैसला पाकिस्तान में आगामी आठ फरवरी को होने वाले संसदीय चुनाव से नौ दिन पहले आया है। इस चुनाव में पाकिस्तान तहरी-ए-इंसाफ पार्टी सरकार की सख्ती के बीच और बिना किसी चुनावी चिह्न के भी चुनाव लड़ रही है। बदले घटनाक्रम में अब खान और कुरैशी दोनों नेता अगले पांच साल के लिए कोई चुनाव नहीं लड़ सकते। इस बीच एक नेता ने एक्स पर लिखा कि पाकिस्तान इमरान और कुरैशी के साथ खड़ा है। दोनों ने देश को बचाने का काम किया है और हकीकी आजादी के लिए खड़े हुए हैं। सिफर मामले में कानून का पूरी तरह से मजाक बनाया गया और उसकी अवहेलना की गई है। दोनों को न्याय दिलाने की हम प्राथमिक जिम्मेदारी नहीं भूलेंगे।

शाह महमूद कुरैशी और इमरान खान

भारतीय मूल के युगल को ऑस्ट्रेलिया में कोकीन भेजने के आरोप में ठहराया दोषी

लंदन, एजेंसी

▸▸ भारत ने की आरोपियों के प्रत्यर्पण की मांग, टूलबॉक्स की आड़ में छिपाकर विमान से भेजी थी कोकीन

ब्रिटेन में भारतीय मूल के युगल को ऑस्ट्रेलिया में आधे टन से अधिक कोकीन भेजने का दोषी ठहराया गया है। जांच के बाद पता चला कि वे एक कंपनी से जुड़े थे। उन्होंने कंपनी के नाम पर धातु के टूलबॉक्स की आड़ में छिपाकर कोकीन विमान से ऑस्ट्रेलिया भेजी थी। भारत ने आरोपियों के प्रत्यर्पण की मांग की है।

जांच एजेंसी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि मई 2021 में सिडनी पहुंचने पर ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने 5.7 करोड़ पाउंड की कोकीन पकड़ी और राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) के जांचकर्ताओं ने इसे भेजने वाले की पहचान ईलिंग के हनवेल की 59 वर्षीय आरती धीर और 35 वर्षीय कवलजीत सिंह रायजादा के रूप में की। धीर और रायजादा ने ऑस्ट्रेलिया में कोकीन भेजने और धन शोधन के आरोपों से इनकार किया है। सोमवार को साउथवार्क क्राउन कोर्ट में सुनवाई के बाद न्यायाधीशों की जूरी ने उन्हें निर्यात के 12 मामलों और धन शोधन के 18 मामलों में दोषी ठहराया।

मादक पदार्थ को ब्रिटेन से एक वाणिज्यिक उड़ान के माध्यम से भेजा गया था और इसमें धातु के छह टूलबॉक्स शामिल थे जिन्हें खोलने पर 514 किलोग्राम कोकीन पाई गई। ऑस्ट्रेलिया में बेचे जाने पर इन नशीले पदार्थों की कीमत 5.7 करोड़ पाउंड तक होती, जहां कीमतें ब्रिटेन की तुलना में काफी अधिक हैं। ब्रिटेन में थोक में एक किलोग्राम कोकीन की कीमत लगभग 26,000 पाउंड प्रति किलोग्राम है लेकिन ऑस्ट्रेलिया में इतनी मात्रा में कोकीन 110,000 पाउंड में बिकती है।

ह्यूस्टन में एक हवाई बैनर पर लिखा है, ब्रह्मांड जयश्री राम का नारा लगा रहा है। अयोध्या श्रीराम मंदिर अभिषेक समारोह के एक सप्ताह बाद एक विमान के माध्यम से ह्यूस्टन के आसमान पर छाया। ● एजेंसी

ह्यूस्टन: लहराया 'जय श्री राम' का बैनर

ह्यूस्टन। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के एक सप्ताह के बाद भी भारतीय अमेरिकियों के बीच उत्साह का माहौल है और अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में हवाई जहाज से एक बैनर लहराया गया जिस पर लिखा था यूनिवर्स चैंट्स जय श्रीराम यानी ब्रह्मांड में गूंज रहा जय श्री राम का मंत्र।

ह्यूस्टन में पिछले दिनों कंपकंपाती सर्दी और बारिश के बाद परंपरागत भारतीय परिधान पहने भारतवंशी लोग गुजरात समाज और अन्य स्थानों पर जमा हुए। वे भगवा झंडे हाथ में लिए हुए जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। जिस विमान पर यह बैनर लहराया गया, उसके पायलट का भी जय श्री राम के नारे लगाकर अभिनंदन किया गया। आयोजकों ने पूरे ह्यूस्टन में अपनी तरह के पहले हवाई बैनर के बारे में प्रचार किया। भारतीय मूल के लोग आसमान में निहारते रहे। इसके लिए प्रचार करने वाले फ्लायर पर लिखा था आसमान पर नजर रखें और जब आप अपने इलाके में विमान को देखें तो जय श्रीराम के नारे लगाएं। इस शो के आयोजक उमंग मेहता ने कहा कि 500 साल के संघर्ष के बाद श्री राम मंदिर के उद्घाटन का उत्सव मनाने के लिए इस कार्यक्रम की कल्पना की गई।

पड्र्यू विश्वविद्यालय में लापता भारतीय छात्र की मौत की पुष्टि

वाशिंगटन। अमेरिका के इंडियाना राज्य में स्थित प्रतिष्ठित पड्र्यू विश्वविद्यालय के लापता भारतीय छात्र की मौत हो गई है। विश्वविद्यालय ने इसकी पुष्टि की। भारतीय छात्र नील आचार्य रविवार को लापता हो गया था। पड्र्यू के परिसर में मौरिस जे. जुक्रो प्रयोगशाला के पास नील का शव मिलने के बाद टिप्पेकेनो काउंटी कोरोनर कार्यालय के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई।

▸▸ 28 जनवरी से लापता था नील आचार्य आखिरी बार उबर चालक ने देखा था

विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के अंतरिम प्रमुख क्रिस क्लिफ्टन ने सोमवार को विभाग को भेजे एक ईमेल में कहा कि बहुत दुख के साथ मैं आपको सूचित कर रहा हूं कि हमारे एक छात्र नील आचार्य का निधन हो गया है। नील की मौत की पुष्टि से पहले उसकी मां गौरी आचार्य ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा था कि हमारा बेटा नील आचार्य 28 जनवरी से लापता है। वह अमेरिका में पड्र्यू विश्वविद्यालय में पढ़ता है। आखिरी बार उसे उबर चालक ने देखा था।

राष्ट्रपति मुइज्जू मांगे भारतीय पीएम से माफी: जम्हूरी पार्टी

माले, एजेंसी

मालदीव में जम्हूरी पार्टी के नेता जसीम इब्राहिम ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से औपचारिक रूप से माफी मांगने और द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के लिए राजनयिक सुलह करने का अनुरोध किया है। इब्राहिम की यह मांग चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू की उन टिप्पणियों के संदर्भ में की गई है जिसमें इस महीने की शुरुआत में उन्होंने किसी देश का नाम लिए बगैर भारत को धमकाने वाला देश बताया था।

राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव के तीन मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर भारत के साथ राजनयिक विवाद के बीच 13 जनवरी को चीन की पांच दिवसीय हाई-प्रोफाइल यात्रा के बाद स्वदेश लौटने पर कहा था कि हम छोटे (देश) हो सकते हैं लेकिन इससे उन्हें हमें धमकाने का लाइसेंस नहीं मिल जाता। जम्हूरी पार्टी ने यह मांग तब की है जब एक दिन पहले ही विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने सोमवार को कहा कि उसकी मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए एक प्रस्ताव रखने की तैयारी है। मीडिया से बातचीत में राष्ट्रपति मुइज्जू से हाल में एक साक्षात्कार के दौरान की गई विवादित टिप्पणियों के लिए भारत और प्रधानमंत्री मोदी से औपचारिक रूप से माफी मांगने को कहा।

'भारत और सिंगापुर उभरती तकनीक पर कर रहे हैं काम'

सिंगापुर। सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने कहा कि भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन (आईएसएमआर) द्वारा चिह्नित किए गए नए क्षेत्रों में काम जारी है जिनमें खाद्य सुरक्षा, हरित विकास एवं उभरती तकनीक शामिल है।

अंबुले ने 75वें गणतंत्र दिवस समारोह संबंधी एक कार्यक्रम में कहा कि आईएसएमआर ने सहयोग के विशिष्ट स्तंभों की पहचान की है और खाद्य सुरक्षा, डिजिटल परिवर्तन, हरित विकास और उभरती प्रौद्योगिकियों के इन नए क्षेत्रों में काम जारी है। आईएसएमआर नेताओं के नेतृत्व वाला मंच है जो तेजी से बदल रहे भू-राजनीतिक घटनाक्रम और आपूर्ति में मौजूदा व्यवधानों को देखते हुए पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग के अवसरों का पता लगाता है।

फैसला कॉस्मेटिक उत्पादों में रसायनों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध, ऐसा करने वाला पहला देश बना न्यूजीलैंड

त्वचा पर दुष्प्रभाव डाल सकते हैं ऐसे उत्पाद

वेलिंगटन, एजेंसी

न्यूजीलैंड ने कॉस्मेटिक उत्पादों में रसायनों के इस्तेमाल पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगा दिया है और ऐसा करने वाला यह पहला देश बन गया है। पर्यावरण संरक्षण प्राधिकरण (ईपीए) के अनुसार सौंदर्य प्रसाधनों में इन रसायनों पर प्रतिबंध लगाना चल रही प्रतिक्रिया का हिस्सा है जिसमें न्यूजीलैंड के पर्यावरण में सभी पीएफएएस-अग्निशामक फोम को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना और पीएफएएस के पृष्ठभूमि स्तरों का परीक्षण करना शामिल है।

ईपीए के पुनर्मूल्यांकन प्रबंधक शॉन प्रेसो ने कहा कि पीएफएएस का उपयोग कभी-कभी नेल पॉलिश, शेविंग क्रीम, फाउंडेशन, लिपस्टिक और मस्कारा जैसे उत्पादों में किया जाता है। इन्हें त्वचा को चिकना करने या अधिक टिकाऊ, फैलने योग्य और पानी प्रतिरोधी बनाने के लिए उपयोग किया जाता है।

प्रेसो ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शोध से पता चलता है कि पीएफएएस केवल कुछ ही उत्पादों में पाए जाते हैं लेकिन न्यूजीलैंड पीएफएएस से संभावित जोखिमों के लिए एहतियाती दृष्टिकोण अपनाता है। पीएफएएस पर निर्णय कॉस्मेटिक उत्पाद समूह मानक में किए गए अद्यतनों में से एक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कॉस्मेटिक उत्पाद सुरक्षित हैं और नियम अंतर्राष्ट्रीय विकास के साथ बेहतर ढंग से संरेखित हैं। उन्होंने कहा कि पीएफएएस पर प्रतिबंध लगने और अन्य बदलावों के प्रभावी होने से पहले हम बदलाव का प्रबंधन करने के लिए उद्योग के साथ जुड़ना जारी रखेंगे। ऑकलैंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के स्कूल ऑफ साइंस के प्रोफेसर एलन ब्लैकमैन ने कहा कि जैसा कि पिछले साल ईपीए ने संकेत दिया था, सौंदर्य प्रसाधनों में पीएफएएस पर प्रतिबंध इस तरह लागू किया जाएगा कि पीएफएएस युक्त सौंदर्य प्रसाधनों का आयात और निर्माण 2026 के अंत में बंद हो जाएगा तथा इनकी आपूर्ति 2027 के अंत में बंद हो जाएगी।

मानव स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए अहम निर्णय

ब्लैकमैन ने कहा कि यह पहला कदम उठाने के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि नॉन-स्टिक कुकवेयर और वाटरप्रूफ कपड़ों जैसे अन्य पीएफएएस स्रोतों के साथ क्या होता है। पर्यावरण विज्ञान और अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक जोखिम मूल्यांकनकर्ता अभिषेक गौतम ने कहा कि सौंदर्य प्रसाधनों में 'हमेशा के लिए रसायनों' के जानबूझकर उपयोग पर प्रतिबंध उनकी संभावित दीर्घकालिक विषाक्तता के कारण मानव स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक है। गौतम ने कहा कि ये रसायन हालांकि प्रकृति में सर्वव्यापी हैं और इसलिए किसी भी गैर-अनुपालन की जांच के लिए सौंदर्य प्रसाधनों में इनकी नियमित रूप से निगरानी की जानी चाहिए।

तकनीकी मुद्दे पर ब्रिक्स की बैठक में हिस्सा नहीं लेगा सऊदी अरब

मॉस्को। रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने मंगलवार को कहा कि सऊदी अरब एक तकनीकी मुद्दे के कारण मॉस्को में ब्रिक्स देशों के शेरपाओं और सूस-शेरपाओं की बैठक में हिस्सा नहीं ले रहा है।

रयाबकोव ने कहा कि सऊदी अरब के हमारे समकक्ष एक जनवरी को समूह में शामिल होने के बाद पहले ही ब्रिक्स से जुड़े कार्यक्रमों में भाग ले चुके हैं। सऊदी अरब के शेरपा बैठक में शामिल नहीं होने के अलग-अलग कारण हो सकते हैं, लेकिन यह एक तकनीकी मुद्दा है। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब की राजधानी रियाद में चल रही सभी आंतरिक चर्चाओं को पूरा करने के बाद देश के समूह की सभी बैठकों में भाग लेने की संभावना है।